
अधिकतम 18 डिग्री से.
न्यूनतम 09 डिग्री से.
सूर्योदय 7.20
सूर्यास्त 5.31
सोना 24 कैरेट: 1,36,350.00
चांदी (प्रति किलो): 2,40,000
सेंसेक्स : 84,675.08
अमेरिका : 89.73
कैनेडियन : 65.62
आस्ट्रेलिया : 60.20


दैनिक अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश से प्रकाशितः हिमाचल, उत्तराखंड, बिहार, राजस्थान, छत्तीसगढ़ में भी प्रसारित




वर्ष 40 | चंडीगढ़, बुधवार, 31 दिसंबर, 2025 | पौष शुक्ल पक्षः एकादशी विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंकः 361 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठः 12

## न्यूज़ ब्रीफ

### प्रियंका गांधी के बेटे रेहान वाड्रा की हुई सगाई!



**नई दिल्ली, (अप्रस)।** वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी और बिजनेसमैन रॉबर्ट वाड्रा के बेटे रेहान वाड्रा की गर्लफ्रेंड अवीवा बेग से सगाई हो गई है। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है। सगाई के बाद कपल फेमिली के साथ राजस्थान के रणथंभौर पहुंचा है। सगाई में वाड्रा, गांधी और बेग परिवार के करीबी लोग ही मौजूद थे। हालांकि अभी तक गांधी या वाड्रा परिवार से किसी ने भी सगाई की खबरों की पुष्टि नहीं की है। बता दें कि रेहान की मंगेतर अवीवा, दिल्ली के बिजनेसमैन इमरान बेग और इंटीरियर डिजाइनर नंदिता बेग की बेटी हैं। अवीवा ने मीडिया और कम्युनिकेशन क्षेत्र में काम किया है। उन्होंने कंटेंट प्लेटफॉर्म PROPAGANDA में जूनियर प्रोजेक्ट मैनेजर के तौर पर काम किया है और डिजिटल कंटेंट प्लेटफॉर्म Art Chain India में मार्केटिंग इंटर्न भी रही हैं।

### बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया का निधन

**ढाका, (अप्रस)।** बंगलादेश की पूर्व प्रधानमंत्री और तीन दशकों से अधिक समय तक देश के राजनीतिक जीवन में सक्रिय रहीं बेगम खालिदा जिया का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 80 वर्ष की थीं। उनके बेटे तारेक रहमान, जो स्वेच्छा से ब्रिटेन में निर्वासन में चले गए थे, चुनाव लड़ने और अपनी बीमार मां को देखने के लिए हाल ही में स्वदेश वापस लौटे थे। बेगम जिया ने नेतृत्व वाली बंगलादेश राष्ट्रवादी पार्टी ने उनके निधन की पुष्टि की। उनका निधन ढाका के एवरकेयर अस्पताल में आज सुबह छह बजे हुआ, जहां पिछले पांच हफ्तों से उनका इलाज चल रहा था। पार्टी अधिकारियों ने कहा कि बेगम जिया को 23 नवंबर को दिल और फेफड़ों में गंभीर संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें निमोनिया भी था और हाल के दिनों में उनकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी।




**पंजाब विधानसभा का विशेष सत्रः** मनरेगा को चालू रखने और इसमें केंद्र सरकार की ओर से किए गए बदलावों के विरोध में प्रस्ताव पास

# भाजपा ने मनरेगा को खत्म कर छीनी दलितों और गरीबों के रोजगार की गारंटीः सीएम मान

कहा- इस पाप में अकाली दल भी भाजपा के साथ, तभी मनरेगा खत्म करने पर खामोश है

आम आदमी पार्टी दलितों और मजदूरों की आवाज बनेगी और उनकी बात पीएम तक पहुंचाएगी

- 'पंजाब-विरोधी सिंड्रोम' से ग्रसित भाजपा की केंद्र सरकार लगातार पंजाब के खिलाफ फैसले ले रही है
- एक तरफ केंद्र 'अपने चहेते' उद्योगपतियों को सब्सिडी देता है और दूसरी तरफ गरीबों का अधिकार छीनता है
- दलितों-गरीबों से भोजन का अधिकार छीनकर भारत कैसे 'विश्वगुरु' या 'विकसित भारत' बन सकता है?

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 30 दिसंबर 2025।** मनरेगा की जगह लाए गए नए विकसित भारत जी-राम-जी कानून को लेकर मंगलवार को पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र में जोरदार चर्चा हुई। इस दौरान मनरेगा को चालू रखने और इसमें केंद्र सरकार द्वारा किए गए बदलावों के विरोध में पेश प्रस्ताव ध्वनि मत से पास कर दिया गया। सीएम भगवंत मान ने कहा कि भाजपा ने मनरेगा को खत्म कर दलितों और गरीबों के रोजगार की गारंटी छीन ली है। भाजपा की केंद्र सरकार विकसित भारत जी-राम-जी कानून को तत्काल वापस ले और मनरेगा को वापस लागू करे। भाजपा इस पाप में अकाली दल भी उसके साथ है। इसीलिए मनरेगा को खत्म करने पर खामोश है। लेकिन आम आदमी पार्टी दलितों और मजदूरों की आवाज बनेगी और उनकी बात पीएम तक पहुंचाएगी। इस कानून का उद्देश्य कमजोर और वंचित वर्गों से न सिर्फ उनका भोजन छीनना है, बल्कि उनकी गरिमा और आत्मसम्मान भी छीनना है।

सीएम भगवंत मान ने कहा कि केंद्र सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर 'विकसित भारत गारंटी फॉर रोज़गार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' कर इसकी मूल भावना को ही खत्म कर दिया है। इस नए कानून के तहत गरीब मजदूरों, महिलाओं और लाखों जॉब कार्ड धारक परिवारों से गारंटीड रोजगार/मजदूरी का अधिकार छीन लिया गया है और राज्यों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डाल दिया गया है। मुख्यमंत्री ने



### एमएसपी की गारंटी देने के बजाय केंद्र ने अब मजदूरों से उनके काम की गारंटी भी छीन ली

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को फसलों पर एमएसपी की गारंटी देने के बजाय केंद्र सरकार ने अब मजदूरों से उनके काम की गारंटी भी छीन ली है, जिससे व्यापक संकट पैदा होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि यह कानून केंद्र सरकार की उस नीति का हिस्सा है, जिसके तहत 'अपने चहेते' उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाया जाता है, यहां तक कि प्रधानमंत्री की विदेश यात्राएं भी उनके हित में नियोजित की जाती हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राजधानी में आरामदेह दफ्तरों में बैठे लोग पंजाब के गांवों के विकास की योजनाएं बना रहे हैं, जो जमीनी हकीकत से कोसों दूर हैं।

कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा वर्षों के विचार-विमर्श के बाद मनरेगा जैसी दूरदर्शी योजना लाई गई थी, जबकि अब 'विकसित भारत जी-राम-जी' को संसद में मात्र कुछ घंटों के भीतर पारित कर दिया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मनरेगा एक मांग-आधारित योजना थी, जबकि नई योजना मानकों पर आधारित है, जो आम जनता के हित में नहीं है। उन्होंने बताया कि पिछले वित्त वर्ष में पंजाब में मनरेगा के तहत महिलाओं की भागीदारी 60 फीसद और अनुसूचित जातियों की भागीदारी 70 फीसद रही, जिससे स्पष्ट है कि इस योजना के लाभार्थी समाज के सबसे हाशिए पर पड़े वर्ग थे। मुख्यमंत्री ने चेतावनी दी कि नए कानून के लागू होने से इन वर्गों की आर्थिक स्थिति और अधिक खराब होगी क्योंकि रोजगार के अवसर कम हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह कानून सामाजिक और आर्थिक रूप से अनुसूचित जातियों और महिलाओं को कमजोर करने की साजिश है, जिससे असमानता और बढ़ेगी तथा अनावश्यक पीड़ा उत्पन्न होगी। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार का यह कदम आम आदमी से भोजन छीनने की सोची- समझी कोशिश है, जिन्हें मनरेगा से बड़ा लाभ मिला था। पहले जहां कमजोर वर्गों को सुनिश्चित रोजगार मिलता था, अब वह उद्देश्य ही समाप्त कर दिया गया है।

### अडानी जैसे 'साहब के मित्रों' को तरह-तरह की सब्सिडी दे रहा केंद्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक ओर अडानी जैसे 'साहब के मित्रों' को तरह-तरह की सब्सिडी दी जा रही है, वहीं दूसरी ओर गरीब-हितैषी योजनाओं के बजट को 'राजकोषीय प्रबंधन' के नाम पर घटाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार केवल शब्दों और आंकड़ों का खेल खेलकर लोगों को गुमराह कर रही है। योजना का नाम बदलने पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि नाम बदलने के बजाय सरकार को लोगों के कल्याण पर ध्यान देना चाहिए था। भगवंत मान ने सवाल उठाया कि गरीबों से भोजन और बुनियादी सुविधाएं छीनकर भारत कैसे 'विश्वगुरु' या 'विकसित भारत' बन सकता है। उन्होंने अकाली दल की चुप्पी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा नेताओं द्वारा गुरु साहिबानों के कार्टून सोशल मीडिया पर डालने के बावजूद अकाली नेतृत्व मौन क्यों है। उन्होंने कहा कि अकाली दल विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा से गठबंधन की आस में चुप बैठा है।

### भाजपा नेता राज्य और पंजाबियों के मुद्दों पर चुप हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले आठ महीनों तक अकाली दल भाजपा सरकार की तमाम ज्यादतियों पर मूकदर्शक बना रहेगा। उन्होंने पंजाब के भाजपा नेताओं पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वे राज्य और पंजाबियों के मुद्दों पर चुप हैं और जनता के प्रति वफादार नहीं हैं। उन्होंने दोहराया कि यह योजना गरीबों से भोजन छीनने की साजिश है और पंजाब सरकार इसे कभी सफल नहीं होने देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा एक गहरे 'पंजाब-विरोधी सिंड्रोम' से ग्रस्त है और इसी कारण वह लगातार पंजाब के हितों के खिलाफ फैसले ले रही है। चंडीगढ़, पंजाब विश्वविद्यालय, भाखड़ा-ब्यास प्रबंधन बोर्ड जैसे मामलों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का हर कदम पंजाब के अधिकारों को लूटने के लिए उठाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार पंजाब को नुकसान पहुंचाने पर तुली हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि भाजपा-नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की मनमानी चली, तो वह राष्ट्रीय गान से भी पंजाब का नाम हटाने में देर नहीं लगाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार बार-बार सौतेला व्यवहार कर रही है। पहले अग्निवीर योजना के जरिए अनुसूचित जाति के युवाओं से सेना में अवसर छीने गए और अब इस नए कानून के जरिए उनकी रसोई पर हमला किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि एजी कार्यालय में अनुसूचित जाति के वकीलों के लिए आरक्षण दिया गया है और अमृतसर व पटियाला की फ्लाइंग स्कूलों में अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए सीटें आरक्षित की गई हैं। कांग्रेस नेताओं पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि जहां कुछ नेता जनता की भलाई की बात करते हैं, वहीं कांग्रेस नेतृत्व केवल अपने स्वार्थों में उलझा है। उन्होंने पंजाब की जनता से इस गरीब-विरोधी कदम के खिलाफ एकजुट होकर विरोध करने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार जनता की 'ए-टीम' है और राज्य व लोगों के हित में हर कदम उठाएगी। उन्होंने केंद्र सरकार को चेतावनी दी कि यदि ऐसे जन-विरोधी फैसले लिए गए, तो जनता उन्हें गांवों में घुसने नहीं देगी। उन्होंने दोहराया कि पंजाब सरकार इस बिल का दांत-नाखून से विरोध करेगी और केंद्र की 'नापाक मंशा' को सफल नहीं होने देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कदम अनुसूचित जाति वर्ग की गरिमा और आत्मसम्मान पर सीधा हमला है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पंजाबियों के अधिकारों की संरक्षक है और किसी को भी उन्हें लूटने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

शेष पेज-4 पर

**हिमाचल कैबिनेट के बैठक के अहम फैसले**

# 800 टीचरों के पद किए सृजित, 600 पद असिस्टेंट स्टाफ नर्स के भरने की मंजूरी

अर्थ प्रकाश/ अरविंद शर्मा

**शिमला।** हिमाचल सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में मंगलवार को संपन्न कैबिनेट मीटिंग में सीबीएसई स्कूलों में 400 पद गणित और 400 पद अंग्रेजी टीचर के (कुल 800 पद) सृजित किए गए। कैबिनेट ने प्रत्येक स्कूल में एक-एक स्पेशल एजुकेटर और योग टीचर लगाने का निर्णय लिया। दरअसल, राज्य सरकार ने 100 सरकारी स्कूलों में सीबीएसई पाठ्यक्रम शुरू करने का फैसला लिया है। अब राज्य सरकार ने सीबीएसई के सभी पैरामीटर पूरा करने के लिए 100 करोड़ रुपए शिक्षा विभाग के लिए मंजूर किए और स्कूलों में जो कमियां है, उन्हें दूर करने के निर्देश दिए, ताकि मार्च 2026 में सीबीएसई कक्षाएं शुरू हो सके।

कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए इंडस्ट्री मिनिस्टर हर्ष वर्धन चौहान ने कहा- इन स्कूलों में स्टाफ भी अलग रखा जाएगा। इनकी शैक्षणिक योग्यता क्या होगी, यह भी तय कर दिया गया है। सीबीएसई वाले इन स्कूलों में एक-एक पद चौकीदार का भी स्वीकृति किया गया है। सरकारी सीबीएसई स्कूलों में तीन-तीन मल्टी टास्क वर्कर रखने को भी मंजूरी दी। हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि कैबिनेट ने मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना में भी संशोधन किया है। उन्होंने कहा- जिन बच्चों के पेरेंट्स 70 फीसदी से ज्यादा दिव्यांग हो गए हैं, उन्हें भी मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना के लाभ मिलेगा। जिन बच्चों की डेथ हो गई या मदर छोड़कर चली गई, ऐसे बच्चों को भी एसडीएम की कमेटी वेरिफाइ करेगी और एसडीएम की सिफारिश पर ऐसे बच्चों को सुखाश्रय योजना में शामिल किया जाएगा। कैबिनेट ने बीडीओ के 10 पद डायरेक्ट भर्ती से भरने की मंजूरी दी। इसी तरह, शिक्षा विभाग में करुणा मूलक आधार यानी मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को नौकरी व जॉइनिंग देने की मंजूरी दी।



### जल शक्ति विभाग में 40 जेई भर्ती का निर्णय

जल शक्ति विभाग में 40 पद जूनियर इंजीनियर के भरने को मंजूरी प्रदान की। इसके अतिरिक्त ग्रामीण विकास विभाग में सीधे भर्ती के माध्यम से खण्ड विकास अधिकारी के 10 पदों को भरने की मंजूरी दी गई।

**जिनकी इनकम 10 लाख से कम, उनका 1 लाख का लोन माफ होगा:** मुख्यमंत्री लघु दुकानदार योजना के तहत शहरी क्षेत्रों में जिन छोटे कारोबारियों की सालाना इनकम 10 लाख से कम है, ऐसे कारोबारियों का एक लाख रुपए का लोन माफ कर दिया जाएगा।

**मेडिकल कॉलेजों में 174 पद प्रोफेसर के मंजूर:** कैबिनेट ने मेडिकल डिपार्टमेंट में 174 पोस्ट प्रोफेसर की मंजूर की। इसी तरह, 600 पद असिस्टेंट स्टाफ नर्स के भरने की मंजूरी दी, इन्हें राज्य चयन आयोग के माध्यम से भरा जाएगा। बैठक में डॉक्टरेट ऑफ मेडिसन और मास्टर ऑफ चिरुरगिया की योग्यता हासिल करने वाले फैकल्टी डॉक्टरों को बेसिक पे का 20 प्रतिशत इंसेंटिव देने का भी निर्णय लिया गया

कैबिनेट में नालागढ़ के शीतलपुर में हिमाचल और चंडीगढ़ की सीमा पर एक विश्व स्तरीय टाउनशिप बनाने की मंजूरी दी गई। इसके अतिरिक्त रियल एस्टेट सेक्टर को प्रोत्साहन प्रदान करने के साथ-साथ रियल एस्टेट बिजनेस में पारदर्शिता लाने और विवादों का तेजी से निपटारा करने के लिए हिमाचल प्रदेश रियल एस्टेट (रेगुलेशन एंड डेवलपमेंट रूल्स, 2017) के नियम-3 में संशोधन करने का निर्णय लिया गया।

इसके अतिरिक्त, कैबिनेट ने हिमाचल प्रदेश मिल्कफेड लिमिटेड को वर्ष 2025-26 और 2026-27 के दौरान दूध खरीद लागत में वृद्धि के फलस्वरूप कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए 60 करोड़ रुपए की कैश क्रेडिट लिमिट को भी मंजूरी दी गई। दूध उपकर के लिए एक अलग खाता खोला जाएगा ताकि किसानों को नियमित रूप से दूध की खरीद का भुगतान किया जा सके।

# पंजाब में 8वीं-12वीं के बोर्ड एग्जाम 17 फरवरी से

10वीं की परीक्षाएं 6 मार्च से होंगी शुरू

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मोहाली।** पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 8वीं, 10वीं और 12वीं की लिखित परीक्षाओं की डेटशीट जारी कर दी है। डेटशीट के मुताबिक, कक्षा 8वीं की परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू होकर 27 फरवरी तक चलेंगी। वहीं कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षाएं 6 मार्च से शुरू होंगी और 1 अप्रैल को समाप्त होंगी। इसके अलावा कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 17 फरवरी से शुरू होकर 4 अप्रैल तक आयोजित की जाएंगी। पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड ने सभी स्टूडेंट्स को समय रहते परीक्षा की तैयारी करने और बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर डेटशीट से संबंधित विस्तृत जानकारी देखने की सलाह दी है। प्रदेश में करीब 9 लाख स्टूडेंट्स पेपर देंगे। इसके लिए 7800 परीक्षा केंद्र बनेंगे।

पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड के अनुसार 8वीं की लिखित परीक्षाएं 17 से 27 फरवरी तक सुबह 11 से 2.15 बजे तक होंगी, जिसमें करीब 2.77 लाख स्टूडेंट्स 2300 से अधिक केंद्रों पर परीक्षा देंगे। बोर्ड की ओर से 10वीं कक्षा की लिखित परीक्षाएं 6 मार्च से 1 अप्रैल तक सुबह 11 से 2.15 बजे तक आयोजित की जाएंगी, जिनमें लगभग 2.84 लाख स्टूडेंट्स शामिल होंगे। वहीं 12वीं कक्षा की लिखित परीक्षाएं 17 फरवरी से 4 अप्रैल तक सुबह 11 से 2.15 बजे तक होंगी, जिनमें करीब 2.84 लाख स्टूडेंट्स लगभग 2200 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगे।




**घोषणा** — नववर्ष से पहले मुख्यमंत्री ने गुरुग्राम को दी विभिन्न विकास परियोजनाओं की कई नई सौगातें

# गुरुग्राम बना भारत की आर्थिक प्रगति का इंजन, डबल इंजन सरकार से तेज हुआ हरियाणा का विकास : सीएम सैनी

मुख्यमंत्री ने 113.64 करोड़ की लागत से गुरुग्राम में 6 विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**गुरुग्राम।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज गुरुग्राम केवल हरियाणा ही नहीं, बल्कि भारत की आर्थिक प्रगति का इंजन बन चुका है। हरियाणा आज विकास के पथ पर तेज़ी से आगे बढ़ रहा है, जो केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में राज्य सरकार की 'डबल इंजन' सरकार की मजबूत नेतृत्व क्षमता का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य पूरे हरियाणा का संतुलित और समावेशी विकास सुनिश्चित करना है, चाहे वह शहर हो या गांव, और इसी संकल्प के साथ सरकार पूरी प्रतिबद्धता से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री मंगलवार को गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विधायक द्वारा गुरुग्राम में आयोजित विकसित गुरुग्राम महारैली को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विधायक मुकेश शर्मा को जन्मदिन तथा उपस्थिति जनसमूह को नववर्ष की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार जो वायदे करती है, उन्हें धरातल पर उतारती है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनावों के संकल्प-पत्र में किए गए 217 वादों में से 54 वादे मात्र एक वर्ष में पूरे कर दिए गए हैं, जबकि 163 वादों पर कार्य प्रगति पर है। यह सरकार जनता की अपनी सरकार है। सरकार का संकल्प 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' है। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्रवाद और जातिवाद की राजनीति को पीछे छोड़ते हुए सरकार 'हरियाणा एक, हरियाणवी एक' के मंत्र पर पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि गुरुग्राम के समग्र विकास में सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी और इसे देश का सबसे विकसित नगर बनाने की दिशा में निरंतर एवं प्रभावी कदम उठाए जाएंगे।



### 11 वर्षों में 1,909 करोड़ के विकास कार्य, 67 घोषणाओं से बदली गुरुग्राम विधानसभा की तस्वीर

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल में गुरुग्राम विधानसभा क्षेत्र में 1,909 करोड़ रुपये की लागत से व्यापक विकास कार्य करवाए गए हैं तथा पिछले साढ़े 11 वर्षों में क्षेत्र के लिए की गई 67 घोषणाओं में से 39 पूरी हो चुकी हैं और 11 पर कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि विकास की इस दौड़ में प्रकृति संरक्षण को भी समान महत्व दिया जा रहा है, जिसके तहत शहर के बीचों-बीच छोटे-छोटे ऑक्सीजन पॉकेट्स और पार्कों का विस्तार किया जा रहा है। प्रदूषण को एक बड़ी चुनौती बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इलेक्ट्रिक बसों के संचालन और आधुनिक कचरा प्रबंधन तकनीकों के माध्यम से इसे नियंत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम में कुल 113 करोड़ 64 लाख रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। उद्घाटन की गई परियोजनाओं में 72.96 करोड़ रुपये की परियोजनाओं में सदर बाजार में मल्टी लेवल कार पार्किंग (55.20 करोड़) तथा सेक्टर-14 में सामुदायिक केंद्र (17.76 करोड़) शामिल हैं। वहीं शिलान्यास के अंतर्गत 8.32 करोड़ रुपये की लागत से सेक्टर-16 में आरएमसी मॉडल रोड व ड्रेन, 6.28 करोड़ रुपये की लागत से सेक्टर-17ए में सीवरेज व पेयजल पाइप लाइन, 6.67 करोड़ रुपये की लागत से सेक्टर-16 में हॉस्टल निर्माण कार्य तथा 19.41करोड़ रुपये की लागत से नई सब्जी मंडी में विशेष मरम्मत कार्य शामिल हैं। ये परियोजनाएं गुरुग्राम के बुनियादी ढांचे को सशक्त बनाकर नागरिक सुविधाओं को नई मजबूती प्रदान करेंगी।

शेष पेज-4

**पंजाब विधानसभा का विशेष सत्र : मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में सदन ने चार साहिबज़ादों की लासानी शहादत को श्रद्धा और सम्मान अर्पित किया**

# महान बलिदान हमें ज़ुल्म के आगे कभी न झुकने व सिद्धांतों के लिए सर्वस्व न्योछावर करने का संदेश देते हैं : मान

सदन ने माता गुजरी जी, भाई जीवन सिंह जी, भाई संगत सिंह जी और दीवान टोडर मल जी सहित अन्य महान शहीदों को भी किया स्मरण

नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस तथा साहिबज़ादों के शहीदी दिवसों के अवसर पर पंजाब सरकार ने संगत के लिए पुख्ता प्रबंध कर अपना कर्तव्य निभाया : मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 30 दिसंबर।** पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान आज सदन ने चार साहिबज़ादों की लासानी शहादत को नमन किया, जिससे ज़बर-ज़ुल्म के विरुद्ध डटकर खड़े रहने वाली पंजाब की महान विरासत का दृढ़ प्रदर्शन हुआ। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब विधानसभा के सदन ने आज दसवें पातशाह श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबज़ादों–बाबा अजीत सिंह जी, बाबा जुंझार सिंह जी, बाबा ज़ोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी–को श्रद्धा और सम्मान अर्पित किया। इस अवसर पर सदन ने माता गुजरी जी, बाबा जीवन सिंह जी, बाबा संगत सिंह जी, दीवान टोडर मल जी तथा अन्य शहीदों को भी स्मरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन महान बलिदानों ने हमें ज़बर-ज़ुल्म के आगे कभी भी हार न मानने और सदैव अपने सिद्धांतों की रक्षा करने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार ने श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को पूर्ण श्रद्धा-भावना के साथ मनाया।

यहां विधानसभा के 11वें (विशेष) सत्र के दौरान अपने विचार साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चार साहिबज़ादों के महान बलिदान सम्पूर्ण मानवता के इतिहास में एक विशिष्ट स्थान रखते हैं। बहुत छोटी आयु में उन्हें शहीद कर दिया गया, लेकिन सदियों बाद भी आज उनकी विचारधारा हमें सिद्धांतों के लिए सर्वस्व न्योछावर करने और शासकों के ज़ुल्म के आगे न झुकने का संदेश देती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये महान बलिदान आने वाली पीढ़ियों को दमन और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष करने के लिए प्रेरित करते रहेंगे। भगवंत सिंह मान ने कहा, 'सिद्धांतों पर डटे रहना सबसे कठिन परीक्षा होती है। काँटों पर चलने से भी अधिक कठिन सिद्धांतों के मार्ग पर चलना होता है। लेकिन साहिबज़ादों ने सिद्धांतों का मार्ग चुना और इतिहास में मिसाल कायम कर हम सभी को इन मूल्यों पर चलने का संदेश दिया, ताकि मानव स्वतंत्रता को हर हाल में सुरक्षित रखा जा सके।'

### पंजाब विधान सभा द्वारा दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित

पंजाब विधान सभा ने आज विधान सभा के पिछले सत्र के बाद दिवंगत हुई शख्सियतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। 16वीं पंजाब विधान सभा के 11वें (विशेष) सत्र के दौरान सदन द्वारा पूर्व राज्यपाल, पंजाब एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शिवराज पाटिल, पूर्व मंत्री जगतार सिंह मुलतानी, पूर्व राज्य मंत्री तारा सिंह लाडल, पूर्व विधायक तरलोचन सिंह सूंढ, बॉलीवुड के प्रसिद्ध स्टार एवं लोक सभा के पूर्व सदस्य धर्मेंद्र सिंह दियोल, गायक राजवीर सिंह जवंदा, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध चित्रकार गोबिंदर सिंह सोहल, प्रसिद्ध पंजाबी संगीतकार एवं उस्ताद पूरन शाह कोटी तथा विधायक दलजीत सिंह भोला के पिता बलबीर सिंह गरेवाल की दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समूचे सदन ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सम्मान स्वरूप दिवंगत आत्माओं की स्मृति में दो मिनट का मौन भी धारण किया।

### शहीदी सभाओं के अवसर पर संगत के लिए ई-रिक्शा और बसों की व्यवस्था की गई

दुनिया भर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए किए गए प्रबंधों के बारे में मुख्यमंत्री ने बताया कि संगत के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं, आवागमन, स्वच्छता, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य इंतज़ाम व्यापक स्तर पर किए गए, ताकि किसी भी श्रद्धालु को कोई कठिनाई न हो। उन्होंने बताया कि शहीदी सभाओं के अवसर पर संगत के लिए ई-रिक्शा और बसों की व्यवस्था की गई तथा पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई। मुख्यमंत्री ने आगे बताया कि इस वर्ष नवंबर महीने में नौवें पातशाह श्री गुरु तेग बहादुर जी का 350वां शहीदी दिवस भी श्री आनंदपुर साहिब में अत्यंत श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। उन्होंने कहा कि संगत के लिए पुख्ता प्रबंध करना सरकार का प्रथम कर्तव्य है, इसी कारण सरकार ने इस पवित्र कार्य में हर संभव प्रयास किया।

**'विकसित भारत-जी राम जी' गरीबों के साथ भद्दा मजाक, अमन अरोड़ा ने रोजगार की गारंटी से भागने के लिए केंद्र की कड़ी निंदा की**

# पिछली सरकारों के समय हुई मगनरेगा फंडों में घपलेबाजी; मान सरकार ने 2 करोड़ रुपये वसूले व 42 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की : अरोड़ा

महज साढ़े तीन सालों में मगनरेगा के तहत 5 हजार करोड़ रुपये से अधिक खर्चे, जो अकाली–भाजपा के दशक लंबे शासन से कहीं ज्यादा

विपक्ष को पंजाब के लोगों के साथ धोखा नहीं करने देंगे : अमन अरोड़ा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 30 दिसंबर।** भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार द्वारा मगनरेगा स्कीम को खत्म करके नई कथित स्कीम के जरिए गरीबों को गुमराह करने के निराशाजनक कदम पर भाजपा को आड़े हाथों लेते हुए पंजाब के कैबिनेट मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश प्रधान श्री अमन अरोड़ा ने विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण), वीबी-जी राम जी को केंद्र सरकार की सोची-समझी चाल बताया ताकि गरीबों को रोजगार की गारंटी देने से भागा जा सके।

16वीं पंजाब विधान सभा के विशेष सत्र के दौरान वीबी- जी राम जी पर लाए गए सरकारी प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान श्री अमन अरोड़ा ने इस नई योजना को चुनौती देते हुए कहा, ÷उनके द्वारा पंजाब में 'औसत' 26 दिन रोजगार दिए जाने के बारे में कहा जा रहा है। अगर हम इस संदिग्ध औसत को मान भी लें तो मेरा सवाल यह है कि फिर नई स्कीम के तहत रोजगार को 100 से 125 दिनों तक बढ़ाने का क्या मकसद है? यह लोगों को मूर्ख बनाने के अलावा कुछ नहीं है। अगर किसी मगनरेगा मजदूर को 6-8 महीनों के लिए मजदूरी नहीं मिलेगी, तो क्या वह काम पर आएगा? भले पंचायतें प्रोजेक्ट शुरू करना भी चाहें, अगर केंद्र से फंड जारी नहीं किए जाते तो वे भुगतान कैसे करेंगे? केंद्र द्वारा इस योजना को खुद खत्म किया गया है।''

श्री अरोड़ा ने कहा कि पहले मगनरेगा मांग-आधारित थी और मजदूरों की जरूरत के अनुसार उन्हें काम की गारंटी दी जाती थी। अब इसे सप्लाई-आधारित बना दिया गया है। दिल्ली में बैठकर केंद्र यह फैसला करेगा कि किस राज्य, जिले, ब्लॉक और गांव को काम मिलेगा। उन्होंने गारंटीशुदा रोजगार स्कीम की रूह खत्म कर दी है।

भाजपा विधायक अश्वनी शर्मा के सामने हैरानीजनक आंकड़े रखते हुए श्री अरोड़ा ने कहा कि सिर्फ पंजाब में, हमारे पास लगभग 30.20 लाख जॉब कार्ड धारक हैं। अगर आप उन्हें 346 रुपये प्रति दिन की मजदूरी के हिसाब से 125 दिन काम देने का वादा करते हैं, तो इसके लिए 13,062 करोड़ रुपये से अधिक बजट की जरूरत है। देश भर में 15.5 करोड़ जॉब कार्ड धारकों को 346 रुपये प्रति दिन पर 125 दिनों के काम की गारंटी देने के लिए 6.70 लाख करोड़ रुपये चाहिए जो देश के कुल रक्षा बजट के बराबर बनेगा।

### पंजाब विधानसभा ने राजस्व विभाग से संबंधित तीन महत्वपूर्ण संशोधन विधेयक सर्वसम्मति से किए पारित

पंजाब के राजस्व, पुनर्वास एवं आपदा प्रबंधन मंत्री स. हरदीप सिंह मुंडियां द्वारा आज पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान प्रस्तुत किए गए 'द इंडियन स्टांप (पंजाब द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2025', 'पंजाब आबादी देह (रिकॉर्ड ऑफ राइट्स) संशोधन विधेयक, 2025' तथा 'पंजाब भूमि राजस्व (संशोधन) विधेयक, 2025' को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। स. हरदीप सिंह मुंडियां ने बताया कि इंडियन स्टांप एक्ट, 1899 में किए गए संशोधन के तहत टाइटल डीड जमा करने, हाइपोथिकेशन और इक्विटेबल मॉर्गेज से संबंधित स्टांप ड्यूटी को तर्कसंगत बनाया गया है। उन्होंने कहा कि एक ही ऋण से जुड़े लेन–देन पर लगने वाली दोहरी ड्यूटी को समाप्त कर कुल ऋण राशि पर उचित अधिकतम सीमा के साथ एकल ड्यूटी लागू की गई है, जिससे लेन–देन की लागत कम होगी, व्यापार करने में आसानी बढ़ेगी और एम.एस.एम.ई. क्षेत्र को राहत मिलेगी। पंजाब आबादी देह (रिकॉर्ड ऑफ राइट्स) अधिनियम, 2021 के संबंध में उन्होंने कहा कि आपत्तियों और अपीलों की समय–सीमा घटाने से 卐मेरा घर मेरे नाम卐 योजना के क्रियान्वयन में तेज़ी आएगी, जिससे आबादी देह क्षेत्रों के निवासियों को समय पर स्वामित्व अधिकार सुनिश्चित किए जा सकेंगे। राजस्व मंत्री ने बताया कि पंजाब भूमि राजस्व अधिनियम, 1887 में किए गए संशोधनों से राजस्व अधिकारियों के पास लंबित मामलों के निपटारे में तेज़ी आएगी, गैर–मुकदमेबाजों को बिना कारण तलब करने पर रोक लगेगी तथा डिजिटल रिकॉर्ड और डिजिटल हस्ताक्षरों को कानूनी मान्यता मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस कदम से नागरिकों की परेशानियां कम होंगी और पूरे राज्य में जन–हितैषी डिजिटल रिकॉर्ड प्रणाली को बढ़ावा मिलेगा।

## मनरेगा योजना को खत्म करना गरीबों को रोटी से वंचित करने की साज़िश : ईटीओ

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 30 दिसंबर।** मनरेगा एक्ट को समाप्त कर उसकी जगह लाए गए नए कानून के विरोध में मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा आज पंजाब विधानसभा में आयोजित सत्र के दौरान पेश किए गए प्रस्ताव का समर्थन करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने कहा कि मनरेगा योजना को खत्म करना गरीबों को रोटी से वंचित करने की एक सोची-समझी साज़िश है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार संघवाद के सिद्धांत के विपरीत जाकर राज्यों के अधिकारों को खत्म करने के रास्ते पर चल पड़ी है। इसके प्रमाण बी.बी.एम.बी., पंजाब यूनिवर्सिटी और चंडीगढ़ से जुड़े पिछले समय के घटनाक्रम हैं, जो सभी के सामने हैं। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार बहाने बनाकर राज्य सरकारों के अधिकारों को कमजोर करने और उन्हें समाप्त करने की चालें चल रही है। उन्होंने कहा कि संविधान में मौलिक अधिकारों और नीति-निर्देशक सिद्धांतों का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने वर्ष 1993 में 73वें संविधान संशोधन के माध्यम से 29 अधिकार ग्राम पंचायतों को सौंपे थे।

# 'विकसित भारत-ग्राम जी' स्कीम गरीबों एवं संघीय ढांचे पर हमला करार : चीमा

मनरेगा वर्कर महिला की भावुक चिट्ठी पढ़कर सुनाते हुए स्कीम की अहमियत पर डाला प्रकाश

मनरेगा वर्करों की अपीलें एवं पत्र प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजने हेतु की अपील

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 30 दिसंबर।** पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने मंगलवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि वह योजनाबद्ध तरीके से मनरेगा स्कीम को खत्म कर रही है और गरीबों से उनकी रोजी-रोटी का हक छीन रही है। विधानसभा में मनरेगा स्कीम में हाल ही में किए गए बदलावों एवं इसका नाम बदलकर 'विकसित भारत - ग्राम जी' रखने के खिलाफ पेश प्रस्ताव का समर्थन करते हुए वित्त मंत्री चीमा ने इस कदम को 'हाशिए पर धकेले गए लोगों के पेट पर हमला' करार दिया। अपने संबोधन के दौरान वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने एक महिला मनरेगा वर्कर चरणजीत कौर की भावुक चिट्ठी पढ़ी, जिसमें हजारों ग्रामीण मजदूरों के डर को उजागर किया गया था। चरणजीत कौर ने चिट्ठी में चिंता जताई कि बदलते नियमों एवं केंद्रित गांवों की सूचियों के कारण बच्चे शिक्षा से तथा बुजुर्ग दवाइयों से वंचित रह जाएंगे। वित्त मंत्री चीमा ने जोर देकर कहा कि केंद्र सरकार स्कीम का केंद्रीकरण करके एवं मोबाइल-आधारित जटिल हाजिरी प्रणाली लागू करके काम की उस 'गारंटी' को छीन रही है, जो कभी ग्रामीण जीवन का आधार थी। बाबा साहिब डॉ. बी.आर. अंबेडकर द्वारा लिखे गये संविधान की भावना के विरुद्ध कार्य करने के लिए भाजपा की आलोचना करते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि केंद्र की नीतियां संविधान की प्रस्तावना (प्रीएंबल) को कमजोर कर रही हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि संविधान की प्रस्तावना, जो राष्ट्र के बुनियादी सिद्धांतों एवं मूल्यों-कीमतों को दर्शाती है, को केंद्र की नीतियों द्वारा कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संविधान की प्रस्तावना भारत को एक 'संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य' के रूप में स्थापित करती है।

### पंजाब सरकार एवं 'आम आदमी पार्टी' मजदूरों के साथ मजबूती से खड़ी रहेंगी

वित्तमंत्री हरपाल सिंह चीमा ने केंद्र सरकार को एक व्यापक राष्ट्रीय स्तर के आंदोलन की चेतावनी देते हुए घोषणा की कि पंजाब सरकार एवं 'आम आदमी पार्टी' मजदूरों के साथ मजबूती से खड़ी रहेंगी। उन्होंने पंजाब विधानसभा के स्पीकर से अपील की कि वे मनरेगा मजदूरों से प्राप्त सैकड़ों पत्रों, जिनमें से कई पर अंगूठे के निशान हैं, को प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजें ताकि इन नीतिगत बदलावों की मानवीय कीमत दिखाई जा सके। उन्होंने घोषणा की, 'हम भाजपा को कॉर्पोरेट हितों के लिए अपने मजदूरों के मुंह से रोटी नहीं छीनने देंगे।'

### मनरेगा वर्करों ने देखी पंजाब विधान सभा की कार्यवाही

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के मजदूरों ने आज 16वीं पंजाब विधान सभा के 11वें विशेष सत्र की कार्यवाही देखी। वे केंद्र सरकार के उस फैसले से चिंतित थे, जिसमें मनरेगा की जगह नया विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी–जी राम जी) एक्ट, 2025 लागू किया गया है। मनरेगा वर्करों ने कहा कि नई स्कीम में कई खामियां हैं और मनरेगा स्कीम को खत्म करने से उन पर बुरा प्रभाव पड़ेगा। मजदूरों ने कहा कि इस वीबी–जी राम जी एक्ट को रद्द करने की सख्त जरूरत है क्योंकि यह हमारे भावी जीवन में अनिश्चितता पैदा करता है। यह मजदूर विरोधी कानून है। मजदूरों ने आगे कहा कि केंद्र सरकार ने मजदूरों की रोजी–रोटी छीन ली है। यह हमारे खिलाफ एक जानबूझकर सोची–समझी खतरनाक साजिश है। केंद्र सरकार ने मनरेगा मजदूरों के मुंह से रोटी छीन ली है।

**DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB**

Draw Time: 08:00 PM ONWARDS DATE:30/12/2025

**RESULT OF PUNJAB STATE DEAR 50 BRONCO TUESDAY WEEKLY LOTTERY**

**MRP Rs 50/- Per Ticket**

1st Prize Amount (1) Rs. 25 Lakhs (On 5 digits with series)
(Seller Prize Amount Rs. 1 Lakh + Sub Stockist Prize Amount Rs. 25 Thousand, Total Prize Amount Rs. 26.25 Lakhs)
D 69301

2nd Prize Amount (25) Rs. 9,000/- (On 5 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 900/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs.10,000/- each)
50874 51702 92510 93196 94395

3rd Prize Amount (50) Rs. 4,000/- (On Last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 500/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 100/-, Total Prize Amount Rs. 4,600/- each)
4031 5560

4th Prize Amount (125) Rs. 2,000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 200/-, Sub Stockist Prize Amount Rs.50/-, Total Prize Amount Rs. 2,250/- each)
1348 1961 2678 8392 9052

5th Prize Amount (125) Rs. 1000/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 100/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 50/-, Total Prize Amount Rs. 1,150/- each)
4952 5176 5789 5954 6687

6th Prize Amount (125) Rs. 500/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 50/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 20/-, Total Prize Amount Rs.570/- each)
3133 4137 4337 4664 6900

7th Prize Amount (17,500) Rs. 100/- (On last 4 digits)
(Seller Prize Amount Rs. 10/-, Sub Stockist Prize Amount Rs. 5/-, Total Prize Amount Rs.115/- each)

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 0002 | 0003 | 0030 | 0032 | 0043 | 0054 | 0079 | 0086 | 0098 | 0138 |
| 0184 | 0192 | 0209 | 0214 | 0228 | 0263 | 0308 | 0311 | 0332 | 0379 |
| 0392 | 0410 | 0424 | 0432 | 0442 | 0476 | 0505 | 0520 | 0544 | 0568 |
| 0571 | 0574 | 0588 | 0591 | 0605 | 0613 | 0618 | 0662 | 0667 | 0669 |
| 0704 | 0709 | 0716 | 0733 | 0753 | 0756 | 0785 | 0796 | 0803 | 0804 |
| 0813 | 0836 | 0848 | 0860 | 0864 | 0866 | 0872 | 0911 | 0915 | 0919 |
| 0926 | 0953 | 0984 | 0998 | 1012 | 1017 | 1050 | 1058 | 1078 | 1081 |
| 1127 | 1149 | 1151 | 1157 | 1170 | 1175 | 1190 | 1204 | 1208 | 1211 |
| 1214 | 1220 | 1221 | 1227 | 1232 | 1233 | 1234 | 1236 | 1237 | 1269 |
| 1271 | 1277 | 1284 | 1290 | 1294 | 1303 | 1313 | 1329 | 1332 | 1346 |
| 1363 | 1379 | 1407 | 1417 | 1426 | 1450 | 1457 | 1470 | 1472 | 1501 |
| 1506 | 1520 | 1529 | 1542 | 1550 | 1560 | 1572 | 1583 | 1611 | 1671 |
| 1680 | 1712 | 1729 | 1762 | 1767 | 1784 | 1798 | 1807 | 1814 | 1839 |
| 1840 | 1850 | 1855 | 1862 | 1863 | 1868 | 1881 | 1887 | 1898 | 1901 |
| 1902 | 1926 | 1947 | 1955 | 1968 | 1986 | 1995 | 2021 | 2055 | 2068 |
| 2070 | 2127 | 2134 | 2137 | 2161 | 2162 | 2163 | 2167 | 2170 | 2184 |
| 2189 | 2225 | 2231 | 2256 | 2259 | 2264 | 2305 | 2318 | 2328 | 2329 |
| 2367 | 2393 | 2394 | 2397 | 2413 | 2415 | 2428 | 2459 | 2498 | 2514 |
| 2527 | 2530 | 2542 | 2562 | 2570 | 2571 | 2576 | 2594 | 2616 | 2626 |
| 2630 | 2635 | 2651 | 2663 | 2679 | 2688 | 2692 | 2695 | 2698 | 2704 |
| 2706 | 2723 | 2725 | 2728 | 2736 | 2740 | 2752 | 2767 | 2783 | 2785 |
| 2786 | 2787 | 2792 | 2819 | 2824 | 2826 | 2852 | 2878 | 2880 | 2918 |
| 2926 | 2928 | 2931 | 2950 | 2970 | 2992 | 3005 | 3007 | 3059 | 3069 |
| 3071 | 3118 | 3122 | 3156 | 3171 | 3177 | 3218 | 3232 | 3234 | 3284 |
| 3287 | 3300 | 3301 | 3307 | 3310 | 3312 | 3318 | 3319 | 3324 | 3325 |
| 3329 | 3334 | 3350 | 3355 | 3362 | 3378 | 3388 | 3392 | 3402 | 3426 |
| 3430 | 3450 | 3452 | 3469 | 3488 | 3491 | 3518 | 3528 | 3530 | 3542 |
| 3550 | 3576 | 3593 | 3609 | 3644 | 3652 | 3659 | 3700 | 3713 | 3734 |
| 3759 | 3763 | 3793 | 3808 | 3838 | 3878 | 3906 | 3938 | 3977 | 3980 |
| 3986 | 3987 | 3989 | 3995 | 4014 | 4019 | 4035 | 4040 | 4065 | 4110 |
| 4112 | 4157 | 4163 | 4166 | 4174 | 4175 | 4189 | 4220 | 4221 | 4242 |
| 4259 | 4264 | 4313 | 4354 | 4358 | 4374 | 4378 | 4383 | 4385 | 4404 |
| 4408 | 4415 | 4418 | 4437 | 4479 | 4513 | 4530 | 4537 | 4565 | 4575 |
| 4581 | 4591 | 4600 | 4623 | 4632 | 4638 | 4653 | 4660 | 4684 | 4691 |
| 4692 | 4718 | 4725 | 4732 | 4735 | 4737 | 4753 | 4756 | 4766 | 4768 |
| 4776 | 4789 | 4819 | 4821 | 4827 | 4839 | 4861 | 4900 | 4919 | 4923 |
| 4976 | 4981 | 4983 | 4991 | 5002 | 5005 | 5043 | 5046 | 5051 | 5083 |
| 5091 | 5093 | 5099 | 5118 | 5134 | 5158 | 5174 | 5178 | 5188 | 5208 |
| 5239 | 5257 | 5269 | 5291 | 5316 | 5321 | 5342 | 5349 | 5353 | 5362 |
| 5424 | 5428 | 5437 | 5450 | 5458 | 5461 | 5484 | 5489 | 5505 | 5507 |
| 5523 | 5532 | 5540 | 5548 | 5565 | 5572 | 5617 | 5622 | 5681 | 5695 |
| 5717 | 5720 | 5723 | 5733 | 5741 | 5752 | 5772 | 5777 | 5806 | 5844 |
| 5858 | 5865 | 5869 | 5899 | 5913 | 5922 | 5923 | 5931 | 5938 | 5957 |
| 5958 | 5987 | 6003 | 6021 | 6028 | 6071 | 6078 | 6081 | 6087 | 6127 |
| 6138 | 6166 | 6173 | 6186 | 6196 | 6202 | 6227 | 6236 | 6240 | 6248 |
| 6251 | 6257 | 6283 | 6294 | 6299 | 6319 | 6327 | 6330 | 6344 | 6349 |
| 6357 | 6361 | 6364 | 6376 | 6392 | 6399 | 6402 | 6414 | 6423 | 6440 |
| 6455 | 6474 | 6518 | 6538 | 6544 | 6548 | 6562 | 6569 | 6570 | 6610 |
| 6621 | 6625 | 6633 | 6646 | 6651 | 6652 | 6674 | 6700 | 6708 | 6719 |
| 6724 | 6742 | 6747 | 6768 | 6784 | 6788 | 6790 | 6811 | 6819 | 6847 |
| 6886 | 6902 | 6903 | 6946 | 6960 | 6977 | 6992 | 6993 | 6995 | 7007 |
| 7020 | 7032 | 7049 | 7057 | 7068 | 7070 | 7080 | 7081 | 7085 | 7092 |
| 7094 | 7140 | 7149 | 7165 | 7189 | 7201 | 7220 | 7244 | 7254 | 7259 |
| 7268 | 7275 | 7323 | 7427 | 7472 | 7475 | 7506 | 7520 | 7528 | 7534 |
| 7537 | 7540 | 7542 | 7544 | 7547 | 7573 | 7574 | 7624 | 7639 | 7651 |
| 7726 | 7732 | 7774 | 7776 | 7793 | 7797 | 7829 | 7837 | 7854 | 7866 |
| 7874 | 7934 | 7939 | 7965 | 8007 | 8013 | 8018 | 8032 | 8069 | 8078 |
| 8079 | 8081 | 8093 | 8101 | 8117 | 8125 | 8130 | 8146 | 8154 | 8172 |
| 8182 | 8186 | 8200 | 8212 | 8215 | 8223 | 8230 | 8232 | 8238 | 8247 |
| 8253 | 8254 | 8283 | 8299 | 8305 | 8310 | 8320 | 8339 | 8355 | 8366 |
| 8384 | 8394 | 8397 | 8407 | 8413 | 8429 | 8430 | 8444 | 8452 | 8470 |
| 8477 | 8494 | 8507 | 8513 | 8541 | 8557 | 8576 | 8596 | 8609 | 8612 |
| 8645 | 8648 | 8654 | 8741 | 8767 | 8785 | 8808 | 8822 | 8852 | 8888 |
| 8909 | 8933 | 8966 | 8986 | 8987 | 9004 | 9010 | 9025 | 9036 | 9038 |
| 9040 | 9044 | 9072 | 9075 | 9078 | 9094 | 9124 | 9152 | 9164 | 9194 |
| 9216 | 9226 | 9233 | 9253 | 9269 | 9280 | 9283 | 9323 | 9327 | 9331 |
| 9359 | 9369 | 9380 | 9395 | 9400 | 9408 | 9419 | 9439 | 9452 | 9463 |
| 9466 | 9468 | 9489 | 9498 | 9503 | 9521 | 9537 | 9591 | 9614 | 9616 |
| 9619 | 9631 | 9659 | 9728 | 9759 | 9765 | 9767 | 9813 | 9817 | 9824 |
| 9832 | 9836 | 9840 | 9856 | 9865 | 9925 | 9940 | 9963 | 9979 | 9984 |

Issued by DIRECTORATE OF SMALL SAVINGS, BANKING AND LOTTERIES, PUNJAB
Kindly check the final result with Official Gazette Notification

# 'आप' विधायकों ने विस में रखी मनरेगा मजदूरों की पीड़ा, मान सरकार पीएम तक पहुंचाएगी उनकी आवाज

पंजाब के मनरेगा मजदूरों ने ''आप'' विधायकों को पत्र लिखकर अपने दर्द और संघर्ष को बयां किया है

अब ''आप'' सरकार इन पत्रों को केंद्र सरकार तक पहुंचा कर उनकी समस्याओं का जल्द समाधान देने की मांग करेगी

अर्थ प्रकाश संवाददाता







**चंडीगढ़, 30 दिसंबर।** पंजाब में आम आदमी पार्टी ने एक बार फिर साबित किया है कि वह गरीबों और मजदूरों की सच्ची हितैषी है। पार्टी के विधायकों ने राज्य के 10 लाख से अधिक मनरेगा मजदूर परिवारों की पीड़ा और उनकी मांगों को आवाज देने के लिए एक अभूतपूर्व अभियान शुरू किया है। पंजाब के मनरेगा मजदूरों ने ''आप'' विधायकों को पत्र लिखकर अपने दर्द और संघर्ष को बयां किया है, जिसे ''आप'' विधायकों ने विधानसभा में रखा और अब भगवंत मान सरकार इनकी आवाज पीएम तक पहुंचाकर उनकी समस्याओं का जल्द समाधान देने की मांग करेगी।

दरअसल, आम आदमी पार्टी के विधायक पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र में मनरेगा मजदूरों द्वारा लिखे गए लाखों पत्र लेकर पहुंचे। यह पत्र उन मेहनतकश परिवारों के दर्द और संघर्ष की दास्तान बयां करते हैं, जो महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत काम करके अपना जीवन-यापन करते हैं।

मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने इन पत्रों को केवल विधानसभा में प्रस्तुत करने तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इन्हें सीधे देश के प्रधानमंत्री तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। इसका उद्देश्य केंद्र सरकार को मजदूरों की वास्तविक स्थिति से अवगत कराना और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान की मांग करना है।

पंजाब के मनरेगा मजदूर कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या मजदूरी के भुगतान में होने वाली देरी है, जिसके कारण गरीब परिवारों की आजीविका बुरी तरह प्रभावित होती है। इसके अलावा कई मजदूरों को समय पर काम नहीं मिल पाता, जिससे उन्हें बेरोजगारी का सामना करना पड़ता है। पंजाब सरकार का आरोप है कि केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा फंड समय पर जारी न करने से योजना का क्रियान्वयन कमजोर पड़ता है और मजदूरों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। आम आदमी पार्टी की यह पहल दर्शाती है कि पार्टी फाइलों में दबी गरीबों की आवाज को सत्ता के गलियारों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह अभियान केंद्र सरकार पर दबाव बनाने की एक रणनीतिक पहल है, ताकि मनरेगा फंड्स समय पर जारी हों और मजदूरों को उनका हक मिल सके। आम आदमी पार्टी हमेशा गरीबों, मजदूरों के साथ खड़ी रही है और आगे भी खड़ी रहेगी। यह पत्र अभियान उसी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# पंजाब विधान सभा ने केंद्र सरकार द्वारा मगनरेगा की जगह वी.बी.–जी. राम जी स्कीम लाने के विरोध में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया

ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद द्वारा प्रस्ताव पेश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 30 दिसंबर।** पंजाब विधान सभा ने आज ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद द्वारा पेश किए गए एक प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया, जिसमें भारत सरकार द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मगनरेगा) को 'विकसित भारत- रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) के लिये गारंटी अधिनियम' नामक नए अधिनियम से बदलने के कदम की कड़ी निंदा की गई है। यह नई स्कीम गरीब मजदूरों, महिलाओं तथा राज्य के लाखों जॉब कार्ड धारक परिवारों से गारंटीशुदा मजदूरी/रोजगार का अधिकार छीन लेगी तथा राज्यों पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ डालेगी। मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण विकास रोजगार गारंटी अधिनियम भारत सरकार द्वारा सितंबर 2005 में पारित किया गया था तथा इसे 2008-09 में पंजाब के सभी जिलों में लागू किया गया था। बाद में, भारत सरकार द्वारा इस योजना का नाम 2 अक्टूबर 2009 को मगनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) रखा गया था। मगनरेगा योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक घर के वयस्क सदस्य जो गैर-हुनरमंद हाथ से कार्य करने के इच्छुक हैं, को एक वित्तीय वर्ष में न्यूनतम 100 दिनों की गारंटीशुदा मजदूरी वाला रोजगार प्रदान करके आजीविका सुरक्षा में वृद्धि करना है। स. सौंद ने आगे बताया कि मगनरेगा भारत के सामाजिक कल्याण तथा ग्रामीण आर्थिक सुरक्षा ढांचे में एक महत्वपूर्ण तथा विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त कानून है, जिसने ग्रामीण भारत में गरीब, भूमिहीन तथा हाशिए पर पड़े समुदायों, जिसमें अनुसूचित जाति/जनजाति व्यक्ति तथा महिलाएं शामिल हैं, के लिए रोजगार को एक कानूनी अधिकार के रूप में स्थापित किया है।

यह अधिनियम मांग आधारित है, जिसके तहत यदि कोई व्यक्ति मगनरेगा स्कीम के अंतर्गत कार्य की मांग करता है, तो यह राज्य तथा भारत सरकार की कानूनी जिम्मेदारी है कि वह उसे निर्धारित समय के अंदर कार्य प्रदान करे या बेरोजगारी भत्ता प्रदान करे।

इसके विपरीत, भले ही वी.बी.-जी. राम जी अधिनियम (विकसित भारत- रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) के लिये गारंटी अधिनियम) 2025 में 125 दिनों के रोजगार का जिक्र किया गया है।

### वीबीजी राम जी स्कीम गांवों की गरीब आबादी और हाशिए पर रह रहे समुदायों को रोजगार के उपयुक्त अवसर उपलब्ध कराने से वंचित करेगी : कटारूचक्क

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 30 दिसंबर।** केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नए विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबीजी राम जी स्कीम) एक्ट, 2025 ने गांवों की गरीब आबादी और हाशिए पर रह रहे समुदायों को रोजगार के उपयुक्त अवसर उपलब्ध कराने से वंचित करके उन्हें घातक झटका दिया है। यह जानकारी यहां खाद्य, सिविल सप्लाई, उपभोक्ता मामले, वन एवं वन्य जीव सुरक्षा मंत्री श्री लाल चंद कटारूचक ने पंजाब विधान सभा में कैबिनेट मंत्री तरुनप्रीत सिंह सौंद द्वारा वीबीजी राम जी स्कीम संबंधी पेश किए गए प्रस्ताव पर बोलते हुए दी।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि यदि राज्य सरकार नए एक्ट के तहत काम करती है तो नया बजट भारत सरकार द्वारा निर्धारित बजट आवंटन से अधिक होगा और इस स्कीम के लिए किए जाने वाले खर्चों का बोझ 100 प्रतिशत राज्य सरकार पर पड़ेगा। पहले मनरेगा योजना में गैर-कुशल मजदूर और प्रशासनिक खर्चे 100 प्रतिशत भारत सरकार द्वारा कवर करने अनिवार्य थे, इस तरह राज्यों पर केवल एक सीमित वित्तीय बोझ पड़ता था। वीबीजी राम जी स्कीम एक्ट के साथ केंद्र और राज्यों के बीच यह अनुपात 60:40 में बदल जाता है। यह बदलाव उन राज्यों पर हजारों करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ डालेगा जो पहले से ही वित्तीय मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। इसके अलावा यह बदलाव संघीय ढांचे की भावना के विरुद्ध है।

# पंचकूला में ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ गरजे कर्मचारी

## प्रांतीय प्रधान बोले कर्मचारियों के लिए मौत का तानाशाही फरमान

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



**पंचकूला, 30 दिसंबर।** आन लाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ मंगलवार को यू. एच. बी. वी. एन. एल. पंचकूला सेक्टर 14 कार्यालय के समक्ष प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे सैकड़ों कर्मचारियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। एच एस ई बी वर्करज यूनियन सम्बन्धित हरियाणा कर्मचारी महासंघ रजिस्ट्रेशन नम्बर 292 मुख्यालय भिवानी के बैनर तले सेंटर काउंसिल के आह्वान पर विरोध प्रदर्शन में सभी सर्कलों के सर्कल सचिव व सभी यूनिटों के प्रधान सचिव व उनकी कार्यकारणी व सभी सब यूनिटों के प्रधान सचिव व उनकी कार्यकारणी व हजारो की संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। इसमें मुख्य रूप से जींद से पूर्व राज्य वरिष्ठ उपप्रधान कृष्ण नैन, टीएस के सर्कल सचिव अजय सैनी ,राजो सामदो व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

कर्मचारियों ने मैनेजिंग डायरेक्टर यू. एच. बी. वी. एन. एल. , एच वी.पी.एन.एल. और एच.पी.जी. सी. एल.को अतिरिक्त मुख्य सचिव बिजली विभाग पंचकूला के नाम ज्ञापन सौंपा। इस विरोध प्रदर्शन कि अध्यक्षता एचएसईबी वर्करज यूनियन के प्रांतीय प्रधान इकबाल चंदाना ने की और मंच संचालन प्रांतीय महासचिव यशपाल देशवाल ने किया। इकबाल चंदाना ने प्रदर्शन में कहा कि निगम मैनेजमेंट व हरियाणा सरकार जो ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी बिजली कर्मचारियों पर थोपना चाहती है उससे न केवल निगम का बल्कि कर्मचारी का बहुत बड़ा नुक्सान होने वाला है जिसका खामियाजा कर्मचारी को अपनी जान की कीमत पर चुकाना पड़ सकता है और तब तक संघर्ष जारी रहेगा तब तक पॉलसी वापिस नही हो जाती।

प्रांतीय महासचिव यशपाल देशवाल जी ने अपने संबोधन में बताया कि फील्ड के टेक्निकल कर्मचारियों को ट्रांसफर पॉलिसी मे लाना कर्मचारियों को सीधे तौर पर मौत के मुँह मे धकेलने का फरमान है जिसे एचएसईबी वर्कर यूनियन पूरा नहीं होने देगी। वरिष्ठ उपप्रधान अशोक शर्मा ने संबोधित करते हुए बताया कि यदि बिजली कर्मचारियो को ट्रांसफर किया गया फील्ड के एरिया की जानकारी के अभाव मे नए बिजली कनेक्शन पर भी डिफाल्टर उपभोक्ताओं की पहचान कर पाना मुश्किल होगा जिससे निगम को रेवेन्यू का बहुत बड़ा नुक्सान प्रदेश भर मे होने वाला है।

मुख्य संगठन कर्ता विनोद शर्मा ने बताया कि यहां से दूसरे डिवीजन व सर्कल में ट्रांसफर कर दिए गए तो निगम का बहुत ही जरूरी कार्य डिफाल्टीगं अमाउंट किस जगह कितनी बकाया राशि है उसका पता चल पाना असंभव होगा क्योंकि बहुत बड़े स्तर पर पुराने अनुभवी कर्मचारी दूसरी जगह ट्रांसफर हो जाएंगे राज्य प्रेस सचिव श्याम लाल खोड व राज्य ऑडिटर मनोज सैनी ने बताया कि जब तक निगम मैनेजमेंट व हरियाणा सरकार इस तानाशाही फरमान को वापिस नहीं लेती तब तक यूनियन अपना प्रदर्शन जारी रखेगी।वित्त सचिव अनिल पहल ने बताया कि ऑन लाइन ट्रांसफर पॉलसी को सरकार रदद् करे नही तो प्रदर्शन को और तेज किया जाएगा उप महासचिव विजय हुड्डा व सतेंद्र सहारण ने सयुंक्त रूप से बताया कि सरकार व निगम मैनेजमेंट समय रहते एच. एस. ई. बी. वर्करज यूनियन को बुलाकर बातचीत करे अन्यथा यूनियन 20 जनवरी को अतिरिक्त मुख्य सचिव पंचकुला का घेराव किया जाएगा इसमे अगर किसी तरह की ओधोगिक शांति भंग होती है तो सरकार और निगम मैनेजमेंट जिम्मेदार होगी।

# स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं स्थापित करवाने को लेकर एसडीएम ने किया शहर के स्थलों का दौरा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**सफीदों, 30 दिसंबर।** सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानी एवं देश को आजादी दिलवाने वाले शहीद हमारे गर्व एवं गौरव का प्रतीक हैं। उनकी स्मृतियों को संजोने और नई पीढ़ी में देश भक्ति की भावना को और प्रबल करने के उद्देश्य से सफीदों शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी।

उल्लेखनीय है कि एसडीएम पुलकित मल्होत्रा ने मंगलवार को सफीदों शहर में शहीदों अथवा स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं स्थापित करवाने को लेकर मुख्य चौक चौराहो का निरीक्षण दौरा किया। इस अवसर पर उनके साथ नगर पालिका के सचिव आशीष कुमार तथा प्रधान प्रतिनिधि संजय अदलखा भी उपस्थित रहे।

एसडीएम ने नगर पालिका अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि सफीदों क्षेत्र के नागरिकों को भी स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों की प्रतिमाओं व उनके नाम से चौक -चौराहों की पहचान मिल सके। एसडीएम ने कहा कि राज्य सरकार शहीदों के मानक्कसम्मान और उनकी स्मृति को चिरस्थाई बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सरकार द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु अनेक योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जा रहा है, ताकि उनके बलिदान को आने वाली पीढ़ियां याद रख सकें और उनसे प्रेरणा ले सकें।

एसडीएम ने बताया कि शहर के प्रमुख चौकक्कचौराहों पर शहीदों की प्रतिमाओं की स्थापना इसी कड़ी का अहम हिस्सा है। इन प्रतिमाओं के माध्यम से युवाओं और आम नागरिकों को देशभक्ति, त्याग और राष्ट्र सेवा के मूल्यों की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान केवल इतिहास का हिस्सा नहीं है, बल्कि वह समाज को सही दिशा दिखाने वाली प्रेरणा शक्ति भी है।

इन प्रतिमाओं की स्थापना से न केवल शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त होगा, बल्कि सफीदों शहर को एक नई और विशिष्ट पहचान भी मिलेगी। इससे शहर की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक गरिमा में वृद्धि होगी तथा नागरिकों में गौरव की भावना विकसित होगी। एसडीएम ने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार व प्रशासन की यह पहल समाज में सकारात्मक संदेश देगी और आने वाली पीढ़ियों को देश सेवा के लिए प्रेरित करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### नशामुक्ति अभियान के दूसरे चरण का किया आयोजन



**नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील कुमार)।** डीएवी सी.सै. पब्लिक स्कूल नारायणगढ़ द्वारा डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी के प्रधान डॉ. पूनम सूरी के मार्गदर्शन एवं आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के नेतृत्व में शहजादपुर क्षेत्र में नशामुक्ति अभियान 'नो नशा नेशन' के दूसरे चरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत श्री धर्मपाल शास्त्री के मार्गदर्शन में 100 कुंडीय महायज्ञ संपन्न हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आर.पी. राठी की अध्यक्षता में कम्युनिटी सेंटर शहजादपुर में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत जागरूकता रैली से हुई। विद्यार्थियों ने नशा विरोधी नारे लगाए और हवन में आहुति डालकर नशामुक्ति की शपथ ली। कार्यक्रम में सरपंच नेहा शर्मा, सतीश भारद्वाज, एसएचओ अशोक कुमार, डॉ. हरविंदर कौर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने कविता व भाषण प्रस्तुत किए। अंत में प्रसाद वितरण व राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### किसान करवाएं एग्री स्टैक योजना के अंतर्गत पंजीकरण: वत्स

**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** डा. मनीष वत्स उप मंडल कृषि अधिकारी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा किसानों के हित में एग्री स्टैक योजना लागू की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करना है ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से किसानों तक पहुँच सके। एग्री स्टैक योजना के अंतर्गत किसानों की भूमि, फसल, बोवाई, उत्पादन एवं अन्य कृषि संबंधी जानकारियाँ एक डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संकलित की जाएँगी। इससे किसानों को भविष्य में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा, सब्सिडी, ऋण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी योजनाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। डा. मनीष वत्स ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे एग्री स्टैक योजना के अंतर्गत अपना पंजीकरण अवश्य करवाएँ और सही जानकारी उपलब्ध कराएँ। पंजीकरण के लिए किसान अपने नजदीकी कृषि कार्यालय, सीएससी केंद्र या अधिकृत पोर्टल पर जाकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीकरण करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त कृषि एवं राजस्व विभाग की टीमें भी गांव-गांव जाकर किसान कैंप का आयोजन कर रही हैं एवं मौके पर ही किसानों का पंजीकरण किया जा रहा है। यह योजना किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सभी किसान इस योजना का लाभ उठाकर कृषि विकास में सहयोग करें।

# जल हमारे जीवन के अहम विषय, हर घर पहुंचे जल: प्रदीप कुमार

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया

**जींद, 30 दिसंबर।** जिला जल एवं सीवरेज मिशन की दूसरी मीटिंग आज मंगलवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई। मीटिंग में उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा के मार्गदर्शन और अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि जल हमारे जीवन का अहम विषय हैं, जो हर घर तक पहुंचना चाहिए। इनसे जुड़े कार्यों की समय-समय पर समीक्षा जरूरी है, ताकि जिले में हो रहे विकास कार्यों को गति मिल सके और सभी कमियों को समय रहते दूर किया जा सके।उन्होंने सभी एजेंडों की विस्तार से जानकारी ली और अब तक हुए कार्यों की समीक्षा की।

अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आपसी तालमेल से काम करने और जल जीवन मिशन के कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

इससे पूर्व एक्सईएन पीएचईडी भानु प्रकाश शर्मा ने बैठक में विभाग द्वारा करवाए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए कहा कि जिले की 300 ग्राम पंचायतों में से 290 में जल एवं सीवरेज समिति का पुनर्गठन हो चुका है। शेष 10 के पुनर्गठन का काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि गांवों में जल संरक्षण, पानी के बिल इकट्ठा करने और अन्य कामों के लिए स्वयं सहायता समूहों को वीडब्लूएसई में शामिल किया जा रहा है। फिलहाल 156 वीडब्लूएसई में स्वयं सहायता समूह को शामिल किया गया है जिन्हें पानी के नमूनों के लक्ष्य और उपलब्धि के बारे में भी जानकारी दी जा रही है।

# जंक फूड बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास पर डालता है प्रतिकूल प्रभाव: डॉ. हरीश

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 30 दिसंबर।** नरवाना स्थित सनातन धर्म वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जंक फूड का बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रभाव विषय को लेकर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, पलवल के फूड टेक्नोलॉजी विभाग के प्रोफेसर डॉ. हरीश कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया और विद्यार्थियों को जंक फूड के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. हरीश कुमार ने अपने संबोधन में बताया कि जंक फूड में फास्ट फूड, पैकेज्ड स्नैक्स, कोल्ड ड्रिंक्स व अत्यधिक मीठे खाद्य पदार्थ शामिल होते हैं, जो धीरे-धीरे शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं। आज के समय में बच्चे इन खाद्य पदार्थों की ओर तेजी से आकर्षित हो रहे हैं, जिससे उनकी शारीरिक वृद्धि और मानसिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जंक फूड रोग प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करता है और इसका असर केवल शरीर तक ही सीमित नहीं रहता, बल्कि बच्चों की एकाग्रता, स्मरण शक्ति और पढ़ाई पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। डॉ. हरीश ने आगे बताया कि जंक फूड का अधिक सेवन करने से बच्चों में चिड़चिड़ापन, जल्दी थकान, आलस्य और ध्यान की कमी जैसी समस्याएं देखने को मिलती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को संतुलित आहार अपनाने, ताजे फल-सब्जियों और पौष्टिक भोजन को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की सलाह दी। विद्यालय के प्राचार्य रामफल चहल ने बताया कि इस जागरूकता शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को बदलती जीवनशैली और असंतुलित खान-पान के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना है। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्वास्थ्य, पोषण और बेहतर जीवनशैली से जुड़े विषयों पर समय-समय पर जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है। विद्यालय प्रशासक एसडीएम जगदीश चंद्र ने शिविर के सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों के लिए प्रेरणादायक अनुभव भी साबित हुआ।

### सुरक्षित स्कूल-सुरक्षित गांव' पर ओरियंटेशन कार्यक्रम

**करनाल (अप्रस/शैलैंद्र जैन)।** ब्रेकथ्रू संस्था की ओर से यहां कर्ण लेक पर पंच-सरपंचों के लिए सुरक्षित स्कूल-सुरक्षित गांव विषय पर एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर बच्चों की सुरक्षा पर संरक्षण अधिकारी सुमन नैन ने बताया कि जिला स्तर पर एडोलसेंट (किशोर-किशोरियों) और महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष सेंटर खोले गए हैं। इन केंद्रों का उद्देश्य महिलाओं और बच्चों को हिंसा, शोषण और अन्य सामाजिक बुराइयों से बचाना है। यदि आसपास किसी महिला के साथ हिंसा या दुर्व्यवहार की जानकारी मिले तो 112 नंबर पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी जा सकती है। उन्होंने बताया कि समाज में आज भी बाल विवाह) के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है।

# करनाल में 'स्वच्छता से स्वास्थ्य' विषय पर विशेष व्याख्यान

अर्थ प्रकाश/कृष्ण



**निसिंग, 30 दिसंबर।** भारत सरकार के निर्देशानुसार देशभर में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन 16 से 31 दिसंबर, 2025 तक किया जा रहा है। इसी क्रम में भाकृअनुप-भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल में स्वच्छ भारत मिशन को सशक्त बनाने हेतु स्वच्छता शपथ, राष्ट्रीय किसान दिवस, आस-पास की सफाई एवं वृक्षा रोपण जैसी नित नई जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. रतन तिवारी की अध्यक्षता में दिनांक 30 दिसम्बर, 2025 को ÷स्वच्छता से स्वास्थ्य÷ विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में डॉ. बिनय कुमार, सहायक महानिदेशक, मेडीकल स्टोर संगठन (एमएसओ), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली उपस्थित रहे। डॉ. बिनय कुमार ने अपने संबोधन में स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के गहन संबंध पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ÷स्वच्छता ही स्वास्थ्य की आधारशिला है। गंदगी के कारण डायरिया, हैजा, मलेरिया एवं श्वसन संबंधी अनेक संक्रामक रोग फैलते हैं। स्वच्छ वातावरण, स्वच्छ पेयजल, नियमित हाथों की सफाई तथा व्यक्तिगत स्वच्छता अपनाकर 80 प्रतिशत से अधिक बीमारियों के संक्रमण से बचा जा सकता है। स्वच्छता न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, बल्कि मानसिक शांति, आत्मविश्वास और जीवन की गुणवत्ता में भी वृद्धि करती है। भारत सरकार द्वारा स्वच्छता पर किया गया प्रत्येक 1 रुपये का निवेश देश को लगभग पाँच गुना आर्थिक लाभ प्रदान करता है। ÷स्वच्छ भारत ही स्वस्थ भारत का सशक्त आधार है,÷ यह संदेश उन्होंने सभी को अपनाने का आहवान किया।

डॉ. बी. के. सिंह, प्रधान वैज्ञानिक ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और अनुज कुमार, प्रधान वैज्ञानिक ने कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया। कार्यक्रम के अन्त में डॉ. अमित कुमार शर्मा, प्रधान वैज्ञानिक ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। ÷स्वच्छता से स्वास्थ्य÷ विषय पर आयोजित इस व्याख्यान में संस्थान के 50 से अधिक अधिकारियों/कर्मचारियों/विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### सड़क चौडिकरण कों लेकर विधायक के नाम निजी सचिव कों सौपा ज्ञापन

**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** नारायणा रोड नजदीक वैश्य हाई स्कुल के पास रहने वाले रहवासियों और दुकानदारों नें विधायक मनमोहन भड़ाना के कार्यालय पर पहुंचकर सड़क के चौड़ीकरण को लेकर ज्ञापन सौपा। इस दौरान दुकानदार तरुण नें जानकारी देते हुए बताया कि नारायणा फाटक पर रेलवे अंडर पास निर्माणाधीन हैं। जिस वजह से हमें 10 फुट का रास्ता दिया जा रहा हैं जों नाकाफी हैं। क्योंकि 10 फुट रास्ते में से 2 फुट नाले में चला जायेगा और 8 फुट रह जायेगा। जिससे आवजाही में काफी दिक्तो का सामना करना पड़ेगा। अंडरपास निर्माण शुरू होने से पहले हमे 17 फुट का रास्ता बताया गया था जबकि अब वह घटाकर 10 फट कर दिया गया है। जिससे सभी कॉलोनीवासियों को आने जाने में बहुत परेशानी होगी द्व यदि कोई अनहोनी घटना होती है तो ना तो एम्बुलेंस और न ही फायर ब्रिगेड आ जा सकती है। दूसरी तरफ रेलवे की जगह लगती है जिस तरफ रास्ता बढाया जा सकता है। इसलिए सभी ने मिलकर सरकार से मांग रखी की आमजन की समस्या का ध्यान रखते हुए रास्ते को करीब 15 फुट चौड़ा किया जाए।

# नौकरी दिलाने के नाम पर 15 लाख की ठगी, फर्जी रेलवे दस्तावेज बनाकर युवतियों से धोखाधड़ी

अर्थ प्रकाश/सचिन मलिक

**मुलाना, 30 दिसंबर।** नौकरी लगवाने का झांसा देकर 15 लाख रुपये की ठगी करने और फर्जी रेलवे ज्वाइनिंग लेटर, आईडी कार्ड व सर्विस बुक तैयार कर युवतियों से धोखाधड़ी करने का गंभीर मामला सामने आया है। गांव डुलियानी निवासी करनैल सिंह की शिकायत पर थाना मुलाना में पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता करनैल सिंह ने बताया कि उनकी बेटियां सतबीर कौर और कुलबीर कौर स्नातक हैं और सरकारी नौकरी की तैयारी कर रही थीं। इसी दौरान उनके बेटे गुरनूर सिंह के साथ पढ़ने वाले नवनीत ने बलकार नामक व्यक्ति के माध्यम से रेलवे में नौकरी लगवाने का दावा किया। आरोपियों ने दोनों बेटियों को रेलवे में टिकट कलेक्टर (ग्रुप-सी) पद पर नौकरी दिलाने के नाम पर कुल 15 लाख रुपये की मांग की, जिसे विभिन्न किश्तों में नगद, यूपीआई और आरटीजीएस के माध्यम से आरोपियों के खातों में जमा करवाया गया। आरोप है कि 18 अगस्त 2025 को दोनों युवतियों को पूर्वी रेलवे के आसनसोल मंडल, कोलकाता ले जाया गया, जहां उन्हें फर्जी ज्वाइनिंग लेटर, आईडी कार्ड, सर्विस बुक और ट्रेनिंग लेटर सौंपे गए। इसके बाद करीब एक माह तक उन्हें झूठे आश्वासन देकर वहीं रोके रखा गया और लगातार पैसों की मांग की जाती रही। जब नौकरी न लगने पर परिवार ने सवाल उठाए तो आरोपियों ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। भयभीत होकर युवतियां किसी तरह घर लौटीं। शिकायत के आधार पर पुलिस ने बलकार, पायल, अंकित (निवासी महमूदपुर, यमुनानगर), नवनीत (दोसड़का) और मनीष राय के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जलबेहड़ा से नैसी तक बाढ़ के पानी से बचाव के लिए तैयार किया जाएगा विशेष प्रस्ताव: उपायुक्त

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य

**पिहोवा, 30 दिसंबर।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि गांव जलबेहडा से नैसी तक बाढ़ के पानी से बचाव के लिए विशेष प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। इसके लिए किसानों के सहमति पत्र की जरूरत होगी। यह प्रस्ताव किसानों की सहमति के साथ ही तैयार किया जाएगा। इस क्षेत्र को हर वर्ष बरसाती पानी से होने वाले नुकसान को लेकर सरकार गंभीर है और इस समस्या का स्थाई समाधान करेगी। उपायुक्त ने आज बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया और सिंचाई विभाग की तरफ से तैयार किए गए एजेंडे पर चर्चा भी की। उपायुक्त ने जलबेहडा व गांव नैसी और मारकंडा के आस-पास के प्रभावित क्षेत्रों का सिंचाई विभाग के साथ दौरा किया। इस दौरान सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता मुनीष बब्बर ने विभाग की तरफ से भरवाए गए प्रस्तावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उपायुक्त के समक्ष सभी एजेंडों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि इन योजनाओं के आधार पर लोगों को बरसाती सीजन के दौरान बाढ़ के पानी से बचाया जा सकता है।

### पिहोवा में 19 से 25 जनवरी तक मनाया जाएगा अंर्तराष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव

**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि पिहोवा में 19 जनवरी से 25 जनवरी तक अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव मनाया जाएगा। सभी विभाग अपने स्तर पर तैयारियां सुनिश्चित करें और अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव को सफलतापूर्वक मनाएं। इस मौके पर उनके साथ सरस्वती हैरीटेज बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच भी उपस्थित थे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि पिछले वर्षो की भांति इस बार भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सरस्वती महोत्सव में किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव को गीता जयंती की तर्ज पर मनाया जाएगा, जिसमें देश-विदेश के लोगों द्वारा भ्रमण किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव को पिछले वर्षो से भी अधिक बड़े स्तर पर मनाया जाएगा। सभी विभागों की लगातार बैठकों का आयोजन करके महोत्सव को बड़े स्तर पर मनाने बारे चर्चा की जाती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी स्वदेशी चीजों के इस्तेमाल को काफी बढ़ावा देते हैं। अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव में ज्यादा से ज्यादा स्टाल स्वदेशी सामान का होगा ताकि कारीगर के हुनर को जन-जन तक पंहुचाया जाए। उपायुक्त ने पिहोवा में सरस्वती तीर्थ का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने पीने के पानी की व्यवस्था, सफाई सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने लगभग तैयार आरती स्थल का भी निरीक्षण किया।

# चेतावनी के बाद हरकत में नपा प्रशासन, किए सात टेंडर

## चेयरमैन रजत मलिक ने दी थी नपा कार्यालय को ताला जड़ने की चेतावनी

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड



**बराड़ा, 30 दिसंबर।** बराड़ा नगरपालिका चेयरमैन रजत मलिक नपा प्रशासन से काफी नाराज दिखाई दे रहे हैं, जिसके चलते उन्होंने बीते कल कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों पर अनदेखीपूर्ण रवैया का आरोप लगाते हुए कार्यालय को ताला जडने की चेतावनी दे डाली। इसके लिए रजत मलिक ने लैटर भी जारी कर दिया और विभिन्न विभागों को इसकी प्रति भी भेज दी। वहीं, चेयरमैन की इस चेतावनी के बाद नपा प्रशासन ने एक ही दिन में सात विकास कार्यों के टैंडर जारी कर दिए। सोमवार को चेयरमैन रजत मलिक ने एक लैटर जारी कर नपा प्रशासन द्वारा विकास कार्यों में ढील का आरोप लगाया था। आज इस मामले को लेकर नगरपालिका सचिव, एमई, चेयरमैन और पार्षदों की बैठक हुई। जिसमें विकास कार्यों में हो रही ढिलाई का मुद्दा छाया रहा। चेयरमैन और पार्षद कार्यो को लेकर अधिकारियों से बात करते थे, लेकिन काम में देरी को लेकर विवाद रहा। रजत मलिक ने कहा कि विकास कार्य ना होने के कारण सभी पार्षद परेशान थे और अधिकारी उनकी सुनवाई नही कर रहे थे। कुछ कर्मचारी तो काम करना चाह रहे हैं, लेकिन कुछ अधिकारी काम को देरी से करते हैं। यदि अधिकारी और कर्मचारी काम समय से करेंगे तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी। पार्षदों का कहना था कि प्रत्येक वार्ड को एक सफाईकर्मी दिया गया है, वह पर्याप्त नहीं है इसलिए सफाईकर्मी एक और बढ़ाया जाए। कुछ पार्षदों ने जहां विकास कार्य ना होने पर चेयरमैन को कहा, लेकिन चेयरमैन ने कार्य ना होने का ठीकरा नपा अधिकारियों पर फोड़ दिया।

**15 दिन का दिया अल्टीमेटम:** हरियाणा सरकार करोड़ों की ग्रांट भेज रही है। नगरपालिका में हर कार्य के लिए पर्याप्त राशि है, लेकिन नगरपालिका प्रशासन के ढुलमुल रवैये के कारण काम नहीं हो रहे हैं। बराड़ा की सबसे बड़ी समस्या जल निकासी की है और क्षेत्र इस बार भी बाढ़ की स्थिति से जूझता रहा। इसलिए निकासी के कार्यों को करने के लिए हमारे पास केवल तीन महीने बचे हैं। ऐसे में नपा प्रशासन इसके लिए काम नहीं कर रहा है। जब सरकार पैसा पूरा भेज रही है तो अधिकारी काम क्यों नहीं कर रहे। अफसरों की ढील के कारण सरकार द्वारा भेजा गया पैसा लैप्स हो रहा है। पानी निकासी के अलावा गलियों और लाइट की समस्याएं थी। कुछ नालों के निर्माण के काम थे। इन मुद्दों पर नगरपालिका के सचिव मोहित सैनी, एमई ने उन्हें आश्वासन दिया नपा के अफसर प्रत्येक वार्ड में जाकर वहां की समस्याएं सुनेंगे और उनकी समस्याओं का निपटान करेंगे। जिस प्रकार हमारा लेटर जारी होते ही सात टैंडर लगा दिए, यदि पहले ही टैंडर लगा दिए जाते तो हमें यह कदम ना उठाना पड़ता है। हमें ऐसा काम करने के लिए विवश ना किया जाए। जो काम एक हफ्ते में हो सकते हैं, वह दो महीने में क्यों हों। अधिकारियों को 15 दिन का समय दिया गया है, सभी समस्याओं का जल्द से जल्द निपटान करें। यदि इसके बाद भी काम नहीं होता तो वह उच्चाधिकारियों के समक्ष इस मामले को उजागर करेंगे।


**राजनीतिक सुगबुहाट भी तेज:** लोगों में चर्चा है कि जिस प्रकार रजत मलिक नपा प्रशासन पर अनदेखीपूर्ण रवैया का आरोप लगा रहे हैं, इसमें कहीं ना कहीं राजनीतिक कारण भी हो सकता है। क्योंकि रजत मलिक पहले भाजपा में काम करते रहे थे और पूर्व मंत्री संतोष चौहान के करीबी रहे। लेकिन जब उन्हें भाजपा की तरफ से चेयरमैन पद की टिकट नहीं मिली तो वह आजाद प्रत्याशी के रूप में मैदान में डट गए और जीत हासिल की। जीत के कुछ महीने बाद ही पूर्व मंत्री संतोष सारवान ने रजत को फिर से भाजपा में शामिल कर लिया। इससे भाजपा का एक धड़ा नाराज दिखाई दिया। इस धड़े के कार्यक्रम में सभी भाजपाई शामिल होते हैं, लेकिन रजत मलिक उनमें दिखाई नहीं देते। रजत मलिक की इस धड़े से ना बनना भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

जल संसाधन विभाग का वर्ष 2025 का लेखा-जोखा

# 5640 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से नहरों का किया आधुनिकीकरण

मान सरकार ने राज्यभर में सिंचाई और जल सुरक्षा कार्यों में लाई तेज़ी

आज़ादी के बाद पहली बार सरहिंद नहर और पटियाला फीडर सहित प्रमुख नहरों की क्षमता बढ़ाई गईः बरिंदर कुमार गोयल



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 30 दिसंबर।** पंजाब के जल संसाधन मंत्री श्री बरिंदर कुमार गोयल ने बताया कि वर्ष 2025 राज्य में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और जल प्रबंधन के क्षेत्र में एक निर्णायक वर्ष साबित हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार ने वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किसान-हितैषी दृष्टिकोण अपनाया है, जिसके तहत राज्य के दूर-दराज़ क्षेत्रों तक नहरी पानी पहुंचाने और भूजल स्तर को सुधारने पर विशेष ध्यान दिया गया। रिकॉर्ड वित्तीय निवेश और वर्षों से उपेक्षित बुनियादी ढांचे के उन्नयन के साथ-साथ जल संसाधन विभाग ने राज्य के सभी क्षेत्रों, विशेषकर सूखा प्रभावित और जलभराव वाले इलाकों में पानी की समान उपलब्धता सुनिश्चित की है।

अधिक जानकारी देते हुए कैबिनेट मंत्री ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक 5640 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्य पूरे किए गए। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 878 करोड़ रुपये से अधिक के प्रोजेक्ट, 2023-24 में 1251 करोड़ रुपये के कार्य और 2024-25 में 1786 करोड़ रुपये के विकास कार्य किए गए, जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 1725 करोड़ रुपये के विकास कार्य किए गए हैं। इन कार्यों में नहरों और खालों की लाइनिंग एवं मरम्मत शामिल है, जिससे राज्य के दूर-दराज़ क्षेत्रों के किसानों तक नहरी पानी पहुंचाना संभव हुआ। उन्होंने आगे बताया कि पिछले तीन वर्षों के दौरान लगभग 2600 किलोमीटर नहरों की लाइनिंग की गई है, जिसमें अकेले वित्तीय वर्ष 2024-25 में 960 किलोमीटर से अधिक नहरों की लाइनिंग शामिल है। इस वर्ष विशेष रूप से ईंटों से पक्के किए गए तथा पाइपलाइन आधारित खालों पर ध्यान केंद्रित किया गया, ताकि अंतिम छोर तक सिंचाई का पानी पहुंचाया जा सके। श्री गोयल ने बताया कि सेम की पुरानी समस्या और रिसाव को दूर करने के लिए विभाग द्वारा लगभग 774.80 करोड़ रुपये की लागत से सरहिंद फीडर की रीलाइनिंग की गई है। इस परियोजना के अंतर्गत लगभग 100 किलोमीटर रीलाइनिंग का कार्य पूरा किया जा चुका है। कैबिनेट मंत्री ने विशेष रूप से कहा कि ÷आज़ादी के बाद पहली बार सरहिंद नहर और पटियाला फीडर सहित प्रमुख नहरों की क्षमता में वृद्धि की गई है, जिससे जल प्रवाह पर बेहतर नियंत्रण और मांग वाले क्षेत्रों में सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता बढ़ी है।÷

उन्होंने बताया कि खालों की बहाली के लिए चलाए गए राज्य स्तरीय अभियान के तहत 20 से 30 वर्षों से बंद पड़े 6900 किलोमीटर से अधिक लंबाई के 18,349 खालों को पुनर्जीवित किया गया है। इसके परिणामस्वरूप 1300 से अधिक स्थानों पर पहली बार सिंचाई के लिए नहरी पानी पहुंचाया गया, जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 400 से अधिक स्थानों तक पानी पहुंचाया गया। उन्होंने कहा कि खालों की 25 वर्षों से पहले मरम्मत पर रोक लगाने वाली नीति को समाप्त कर दिया गया है, जिसके बाद मनरेगा और राज्य फंड के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कार्य किए गए। पिछले दो वर्षों में 900 किलोमीटर से अधिक लंबाई के 1277 से अधिक खालों की मरम्मत या बहाली की गई है।

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि राज्य के हर कोने तक नहरी पानी पहुंचाने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान लगभग 870 करोड़ रुपये की लागत से 3445 किलोमीटर पाइपलाइन और ईंट आधारित खालों को कवर करने के कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने बताया कि पठानकोट ज़िले में पहली बार क्षेत्र को नहरी पानी उपलब्ध कराने के लिए तीन नई नहरों का निर्माण किया जा रहा है। भूजल स्तर में सुधार के प्रयासों के तहत चोअ और नालों पर लगभग 900 चेक डैम बनाए गए हैं, 189 नहरी रिचार्ज साइटें पूरी की जा चुकी हैं तथा 60 नई रिचार्ज योजनाएं प्रगति पर हैं। इसके अलावा 127 नए तालाब खोदे जा रहे हैं और उन्हें नहरों से जोड़ा जा रहा है, जबकि 66 मौजूदा तालाबों को भी नहरी प्रणाली से जोड़ा जा रहा है। भूजल स्तर बढ़ाने के उद्देश्य से 3200 से अधिक सोख पिटों का निर्माण भी किया जा रहा है।

नप कर्मचारियों ने क्रमिक हड़ताल कर नगर परिषद के गेट पर किया धरना प्रदर्शन

# हटाए गए कर्मचारियों की भूखों मरने की आई नौबत : बिड़लान

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 30 दिसंबर।** नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की ब्लॉक कमेटी ने नगर परिषद के गेट पर क्रमिक हड़ताल कर धरना-प्रदर्शन किया जिसकी अध्यक्षता ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान की व संचालन ब्लॉक सचिव विक्की टांक ने किया। धरने के दौरान कर्मचारियों ने राज्य सरकार व नगर परिषद प्रसाशन के फिलाफ जोरदार नारे बाजी की। ब्लॉक प्रधान महेंद्र कुमार बिड़लान व विक्की टांक ने कहा कि अपनी मांगों को लेकर ब्लॉक कमेटी कार्यकारी अधिकारी, डीएमसी, चैयरमैन व विभाग के आला आधिकारियों को कई ज्ञापन दे चुके हैं। गत 23 दिसंबर को मांगों की अनदेखी के विरोध में सभी को नोटिस दे दिया था और नोटिस के माध्यम से 29 दिसंबर तक बातचीत करके मांगों के समाधान की अपील की गई थी लेकिन आज तक मांगों को पूरा ना करके अड़ियल रूख आपनाया जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि नगर परिषद कैथल में सफाई का कार्य इमानदारी से कर रहे 165 सफाई कर्मचारियों को ठेका खत्म होने के बाद हटा दिया है जिसके कारण ये कर्मचारी परिवार समेत भूखों मरने के कगार पर आ गये हैं। संघ के राज्य मुख्य संगठनकर्ता व एसकेएस जिला सचिव शिवचरण ने कहा कि इन कच्चे सफाई कर्मचारियों का टेन्डर जल्द जारी करके इनके रोजगार बहाली और पक्का करने की मांग व अन्य मांगों को लेकर संघ 11 जनवरी को मास डेपुटेंशन के रूप में धरना-प्रदर्शन करके विभागीय मंत्री विपुल गोयल के आवास पर जा कर मिलेगा।

### इन्होंने भी किया धरने का समर्थन

एसकेएस के जिला प्रधान ओमपाल भाल, वरिष्ठ उपप्रधान छज्जू राम, ग्रामीण सफाई कर्मचारियों के राज्य प्रधान बसाऊ राम, जन कल्याण सोसाइटी के राज्य महासचिव व दलित अधिकार मंच के राज्य के नेता सुरेश टांक, रामपाल माजरा, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रामचन्द्र गुजर, पूर्व प्रधान राम निवास मित्तल, एमसी सुशीला शर्मा, शमशेर फौजी, पूर्व वाईज चैयरमैन सुरेन्द्र रांझा, एमसी मोहन लाल शर्मा, विकास सोदा, दिनेश कौशिक, विनोद सोनी, वीनश गुप्ता, बलजीत सिंह व रामफल ने भी धरने का समर्थन किया।

### धरने में ये भी रहे शामिल

इस अवसर पर समाज सेवी सोनू मंचल, श्याम लाल कल्याण, पूर्व सरपंच संजीव कांगड़ा, राजेंद्र टांक, जिला प्रधान गौरव टांक, कैशियर जगदीश कुमार, वरिष्ठ उपप्रधान राज कुमार मचल, उपप्रधान पंकज गिल, सुखा नौच, अमित कुमार जालन्धरी, मुख्य संगठन सचिव सुमेश राणा, सहसचिव मुकेश कुमार व शीशपाल, सूरज सहोत्रा, प्रैस सचिव अमित कुमार क्योडक़, विक्की बेदी, रवि कल्याण, सुशिल कुमार दरोगा, राकेश टांक, पूर्व ब्लॉक प्रधान रामशरण देश राज चौहान, कल्याण, महिला विंग प्रधान संतरो, विद्या रानी, सुलेखा, महेंद्रो देवी, सत्री कांगड़ा, सुरेश कुमार कैलरम, सूरज कल्याण, सोनू कल्याण, सतीश कुमार, अमित गिल, अनिल कुमार, सरोज रानी, बीना, कलसो रानी व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एमडीएम ग्लोबल स्कूल में एनएसएस कैंप का शुभारंभ

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 30 दिसंबर।** एमडीएम ग्लोबल स्कूल कैथल में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का भव्य शुभारंभ गरिमामय वातावरण में किया गया। उद्घाटन समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई जिसके उपरांत सरस्वती वंदना, वंदे मातरम् तथा एनएसएस गीत का सामूहिक गायन किया गया। समारोह का उद्घाटन डॉ. विनोद कुमार निदेशक, निधि कंसल चेयरपर्सन, गौरव गर्ग मैनेजर, डॉ. संत कौशिक प्राचार्य, नरेश रवीश रिसोर्स पर्सन तथा प्रीति एनएसएस अधिकारी ने किया। रिसोर्स पर्सन नरेश रवीश का एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा तिलक एवं बैज लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। अपने संबोधन में नरेश रवीश ने बताया कि आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया, ऑनलाइन लेन-देन, फिशिंग, साइबर बुलिंग और डेटा गोपनीयता जैसे मुद्दे अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सुरक्षित पासवर्ड, दो-स्तरीय प्रमाणीकरण, संदिग्ध लिंक से बचाव, व्यक्तिगत जानकारी की सुरक्षा तथा डिजिटल जिम्मेदारी अपनाने के लिए प्रेरित किया। डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि एनएसएस केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण के साथ राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। सेवा, अनुशासन, नेतृत्व, सामाजिक उत्तरदायित्व और स्वावलंबन जैसे मूल्यों को आत्मसात करने में एनएसएस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। निधि कंसल ने विद्यार्थियों को समाजसेवा के प्रति संवेदनशील बनने और शिविर के दौरान अनुशासन व समर्पण के साथ सहभागिता करने के लिए प्रोत्साहित किया।



# नशा बेचने वालों का होगा सामाजिक बहिष्कार : डीएसपी आशीष चौधरी

अर्थ प्रकाश/योगेश कुमार

**रादौर, 30 दिसंबर।** कस्बे में नशे के कारोबार पर रोक लगाने के लिए अब जनप्रतिनिधि पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर सख्त कदम उठाएंगे। मंगलवार को नगरपालिका कार्यालय में आयोजित पार्षदों की बैठक में नशा विरोधी मुहिम को और मजबूत करने पर सहमति बनी। नशा विरोधी मुहिम में कार्य कर रही समाजसेवी शीतल पांडे की अगुवाई में आयोजित की गई इस बैठक में डीएसपी आशीष चौधरी ने शिरकत की और नशे पर लगाम लगाने के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श किया। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन रजनीश मेहता ने की। बैठक में निर्णय लिया गया कि पहले चरण में नशा बेचने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, साथ ही सामाजिक बहिष्कार जैसे कदम भी उठाए जाएंगे। इसके बाद नशे की गिरफ्त में आए युवाओं को बाहर निकालने के लिए अभियान चलाया जाएगा। डीएसपी आशीष चौधरी ने कहा कि स्मैक/चिट्टे का नशा युवाओं को गहरी दलदल में धकेल देता है, इसलिए इसे रोकने के लिए जन सहयोग आवश्यक है। जनप्रतिनिधियों की भागीदारी से नशा तस्करों पर सख्ती की जाएगी। समाजसेवी शीतल पांडे ने बताया कि स्मैक/चिट्टे के नशे को जड़ से समाप्त करने के लिए जनप्रतिनिधि भी आगे आए है। बैठक में निर्णय लिया गया है कि जो व्यक्ति इस प्रकार का नशा बेचने का कार्य कर रहा है उसके खिलाफ अब सख्त निर्णय लिया जाएगा। जरूरत पड़ी तो ऐसे लोगों का सामाजिक बहिष्कार कर उनका जुलूस भी निकाला जाएगा।


## उत्तर रेलवे

ई-निविदा

खुली निविदा संख्या 48-अम्बाला/2025-26 दिनांक 30.12.2025

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को **15.00 बजे** तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

1 **कार्य का नामः** "एडीईएन/यूएमबी के अंतर्गत एसएसई/डब्लयू/आरवी/यूएमबी सेक्शन में रेल विहार कॉलोनी में विद्यमान एसटीपी के ऑग्मेंटेशन (क्षमता वृद्धि) से संबंधित शेष कार्य।"

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 2, 18,03,825 | 2,59,000 | 03 महीने | 22.01.2026 |

2 **कार्य का नामः** (01) एडीईएन/यूएमबी के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/ई/यूएमबी के सेक्शन में पुरानी रेलवे कॉलोनी स्थित पार्क का विकास/उन्नयन (फेज-II) का कार्य। (02) एडीईएन/एचक्यू/यूएमबी के अंतर्गत एसएसई/डब्ल्यू/एम/यूएमबी के सेक्शन में अंबाला कैंट स्टेशन पर अतिरिक्त रेलवे साइडिंग (एआरएफ) से संबंधित प्लेटफार्म सतह, पीएफ शेल्टर, अप्रोच रोड, एंड रैम्प आदि की मरम्मत के शेष कार्य।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 60,00,459 | 1,20,000 | 04 महीने | 22.01.2026 |

3 **कार्य का नामः** "एडीईएन/ट्रैक/अंबाला (UMB) के अंतर्गत अंबाला मंडल में फ्लैश बट वेल्ड (FBW) के लिए फेज्ड एरे अल्ट्रासोनिक परीक्षण (PAUT)" का कार्य।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1,09,64,606 | 2,04,800 | 12 महीने | 22.01.2026 |

**नोटः-** **1.** ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। **2.** अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। **3.** निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। **4.** ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। **5.** जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। **4026/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



PSPCL **पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड**

(पंजीकृत कार्यालयः पीएसईबी मुख्यालय, दि माल पटियाला)

कारपोरेट पहचान संख्याः U40109PB2010SGC033813, वेबसाईटः www.pspcl.in

(संपर्क सं.96461–23609)

**निविदा पूछताछ सं. सीसीएम/जे/टी–32–34/2025–26** **दिनांकः 24.12.2025**

कार्यालय अतिरिक्त एसई, सिविल निर्माण एवं रखरखाव मंडल, शक्ति सदन, पीएसपीसीएल, जालंधर द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली निविदा आमंत्रित की जाती है:–

1. संबंधित कार्यालयों की मरम्मत एवं रखरखाव के साथ कार्यालय अतिरिक्त एसई, तकनीकी ऑडिट 1 एवं 2 और इन्फॉर्समेंट–2, जालंधर में एल्यूमिनियम पार्टिशन का इरेक्शन करना (सीसीएम/जे/टी–32/2025–2026)
2. डीएस मंडल, मॉडल टाउन, जालंधर की मरम्मत एवं रखरखाव करना (सीसीएम/जे/टी–33/2025–2026)
3. ईस्ट डीएस मंडल जालंधर के अधीन उप मंडल वाणिज्यिक की मरम्मत एवं रखरखाव करना (सीसीएम/जे/टी–34/2025–2026)

निविदा के अधिक विवरण हेतु कृपया 30.12.2025 को दोप. 12.00 बजे के पश्चात कार्यालयी वेबसाईट https://www.pspcl.in पर पधारें।

**टिप्पणीः** शुद्धिपत्र और परिशिष्ट, यदि कोई हुआ, उपरोक्त वेबसाईटों पर अपलोड किया जाएगा।

**सी947/25**



## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड

चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस



**विषयः** आवंटी/हस्तांतरी श्री अरुण शर्मा पुत्र श्री ओम प्रकाश शर्मा (ओ.पी.शर्मा) की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर (i) श्रीमती प्रोमिला शर्मा पत्नी स्व. श्री अरुण शर्मा, (ii) श्री सार्थक शर्मा पुत्र स्व. श्री अरुण शर्मा एवं (iii) सुश्री स्तुती शर्मा पुत्री स्व. श्री अरुण शर्मा के नामों में सेक्टर 43–बी चंडीगढ़ में श्रेणी–एचआईजी की डीयू सं. 1733–2 के आवंटन/पंजीकरण का हस्तांतरण/परिवर्तन।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 43–बी चंडीगढ़ में श्रेणी–एचआईजी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 1733–2 के स्वामी श्री अरुण शर्मा पुत्र श्री ओम प्रकाश शर्मा की उसके कानूनी उत्तराधिकारियों द्वारा सूचित अनुसार 14.10.2025 को मोहाली (पंजाब) में मृत्यु हो गई है। (i) श्रीमती प्रोमिला शर्मा पत्नी स्व. श्री अरुण शर्मा, (ii) श्री सार्थक शर्मा पुत्र स्व. श्री अरुण शर्मा एवं (iii) सुश्री स्तुती शर्मा पुत्री स्व. श्री अरुण शर्मा ने श्री अरुण शर्मा पुत्र श्री ओम प्रकाश शर्मा की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर अपने नामों में सेक्टर 43–बी चंडीगढ़ में श्रेणी–एचआईजी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 1733–2 के स्वामित्व के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। उन्होने आगे सूचित किया है कि उन्होने कोई अन्य कानूनी उत्तराधिकारी पीछे नहीं छोड़ा है।

यदि किसी व्यक्ति को ड्वेलिंग यूनिट में दावे/अधिकार/हित के संबंध में कोई आपत्ति है जो (i) श्रीमती प्रोमिला शर्मा (पत्नी), (ii) श्री सार्थक शर्मा (पुत्र) एवं (iii) सुश्री स्तुती शर्मा (पुत्री) के पक्ष में चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड द्वारा हस्तांतरित किए जाने के लिए प्रस्तावित है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती है, जिसमें असफल होने पर कथित डवेलिंग यूनिट का आवंटन एवं पंजीकरण उक्त कथित दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

**सचिव**
**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड**
**चंडीगढ़**



## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड

चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस

**संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में सचिव, सीएचबी के समक्ष।**

**विषयः** आवंटी/हस्तांतरी श्रीमती इंदु शर्मा पत्नी श्री ओम प्रकाश शर्मा के नाम से मोहम्मद वाजिद पुत्र मोहम्मद जोहार (मो. जोहार) के नाम में बिक्री विलेख के आधार पर सेक्टर 40–सी, चंडीगढ़ में श्रेणी–एलआईजी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 2211–1 के संबंध में स्वामित्व अधिकारों का हस्तांतरण/परिवर्तन।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 40–सी, चंडीगढ़ में श्रेणी–एलआईजी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 2211–1 आवंटी/हस्तांतरी श्रीमती इंदु शर्मा पत्नी श्री ओम प्रकाश शर्मा के नाम में दर्ज है। अब, श्रीमती इंदु शर्मा पत्नी श्री ओम प्रकाश शर्मा ने 10.09.2025 को सब रजिस्ट्रार, चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित एवं पंजीकृत बिक्री विलेख के अंतर्गत मोहम्मद वाजिद पुत्र मोहम्मद जोहार (मो. जोहार) को उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट बेची है। मोहम्मद वाजिद पुत्र मोहम्मद जोहार (मो. जोहार) ने बिक्री विलेख के आधार पर अपने नाम में उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट के हस्तांतरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण में कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित ड्वेलिंग यूनिट का स्वामित्व उक्त कथित दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

**सचिव**
**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,**
**चंडीगढ़**



## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड

चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक सूचना

**संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में सचिव, सीएचबी के समक्ष।**

**विषयः–** आवंटी/हस्तांतरी (I) श्री पुनीत भल्ला पुत्र श्री चंद भल्ला (II) श्रीमती निर्मल भल्ला पत्नी श्री चंद भल्ला स्व. एवं जीपीए धारक (III) श्रीमती पिया भल्ला पुत्री श्री चंद भल्ला के नाम सेश्री कृष्ण पुत्र श्री नारी भान के नाम में बिक्री विलेख के आधार परमॉडर्न हाउसिंग कॉम्पलेक्स, सेक्टर–13, मनीमाजरा, चंडीगढ़ में श्रेणी–I की ड्वेलिंग यूनिट सं. 5123/1 (प्रथम तल) के संबंध में स्वामित्व अधिकारों का हस्तांतरण/परिवर्तन।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है किमॉडर्न हाउसिंग कॉम्पलेक्स, सेक्टर–13, मनीमाजरा, चंडीगढ़ में श्रेणी–I की ड्वेलिंग यूनिट सं. 5123/1 (प्रथम तल)आवंटी/हस्तांतरी (I) श्री पुनीत भल्ला पुत्र श्री चंद भल्ला (II) श्रीमती निर्मल भल्ला पत्नी श्री चंद भल्ला (III) श्रीमती पिया भल्ला पुत्री श्री चंद भल्ला के नाममें दर्ज है। अब, (I) श्री पुनीत भल्ला पुत्र श्री चंद भल्ला (II) श्रीमती निर्मल भल्ला पत्नी श्री चंद भल्ला स्व. एवं जीपीए धारक (III) श्रीमती पिया भल्ला पुत्री श्री चंद भल्लाने 27.08.2025 को सब रजिस्ट्रार, चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित एवं पंजीकृत बिक्री विलेख के अंतर्गत श्री कृष्ण पुत्र श्री नारी भान को उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट बेची है। श्री कृष्ण पुत्र श्री नारी भान ने बिक्री विलेख के आधार पर अपने नाम में उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट के हस्तांतरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण में कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित ड्वेलिंग यूनिट का स्वामित्व उक्त कथित दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

**सचिव**
**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,**
**चंडीगढ़**



## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड

चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस



**विषयः** आवंटी/हस्तांतरी श्री आनंदी शर्मा पुत्र श्री राम गुलाब शर्मा की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर (i) श्रीमती मीना देवी पत्नी स्व. श्री आनंदी शर्मा, (ii) श्री राजेश शर्मा पुत्र स्व. श्री आनंदी शर्मा, (iii) श्री प्रवीन कुमार पुत्र स्व. श्री आनंदी शर्मा एवं (iv) श्रीमती संजीवनी कुमारी पुत्री स्व. श्री आनंदी शर्मा के नामों में सेक्टर 45–सी चंडीगढ़ में श्रेणी–ईडब्ल्यूएस की डीयू सं. 2308–2 के आवंटन/पंजीकरण का हस्तांतरण/परिवर्तन।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 45–सी चंडीगढ़ में श्रेणी–ईडब्ल्यूएस की ड्वेलिंग यूनिट सं. 2308–2 के स्वामी श्री आनंदी शर्मा पुत्र श्री राम गुलाब शर्मा की उसके कानूनी उत्तराधिकारियों द्वारा सूचित अनुसार 20.10.2008 को चंडीगढ़ में मृत्यु हो गई है। (i) श्रीमती मीना देवी पत्नी स्व. श्री आनंदी शर्मा, (ii) श्री राजेश शर्मा पुत्र स्व. श्री आनंदी शर्मा, (iii) श्री प्रवीन कुमार पुत्र स्व. श्री आनंदी शर्मा एवं (iv) श्रीमती संजीवनी कुमारी पुत्री स्व. श्री आनंदी शर्मा ने श्री आनंदी शर्मा पुत्र श्री राम गुलाब शर्मा की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर अपने नामों में सेक्टर 45–सी चंडीगढ़ में श्रेणी–ईडब्ल्यूएस की ड्वेलिंग यूनिट सं. 2308–2 के स्वामित्व के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। उन्होने आगे सूचित किया है कि उन्होने कोई अन्य कानूनी उत्तराधिकारी पीछे नहीं छोड़ा है।

यदि किसी व्यक्ति को ड्वेलिंग यूनिट में दावे/अधिकार/हित के संबंध में कोई आपत्ति है जो (i) श्रीमती मीना देवी (पत्नी), (ii) श्री राजेश शर्मा (पुत्र), (iii) श्री प्रवीन कुमार (पुत्र) एवं (iv) श्रीमती संजीवनी कुमारी (पुत्री) के पक्ष में चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड द्वारा हस्तांतरित किए जाने के लिए प्रस्तावित है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती है, जिसमें असफल होने पर कथित डवेलिंग यूनिट का आवंटन एवं पंजीकरण उक्त कथित दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

**सचिव**
**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड**
**चंडीगढ़**



## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड

चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस



**विषयः** आवंटी/हस्तांतरी श्री दर्शन लाल पुत्र श्री कारता राम की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर (i) श्रीमती नीलम पत्नी स्व. श्री दर्शन लाल, (ii) श्रीमती रेनू शर्मा पुत्री स्व. श्री दर्शन लाल एवं (iii) श्रीमती लवली पुत्री स्व. श्री दर्शन लाल पत्नी श्री राकेश कुमार के नामों में सेक्टर 41–डी चंडीगढ़ में श्रेणी–एलआईजी की डीयू सं. 3107–1 के आवंटन/पंजीकरण का हस्तांतरण/परिवर्तन।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 41–डी चंडीगढ़ में श्रेणी–एलआईजी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 3107–1 के स्वामी श्री दर्शन लाल पुत्र श्री कारता राम की उसके कानूनी उत्तराधिकारियों द्वारा सूचित अनुसार 05.04.1988 को चंडीगढ़ में मृत्यु हो गई है। (i) श्रीमती नीलम पत्नी स्व. श्री दर्शन लाल, (ii) श्रीमती रेनू शर्मा पुत्री स्व. श्री दर्शन लाल एवं (iii) श्रीमती लवली पुत्री स्व. श्री दर्शन लाल पत्नी श्री राकेश कुमार ने श्री दर्शन लाल पुत्र श्री कारता राम की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर अपने नामों में सेक्टर 41–डी चंडीगढ़ में श्रेणी–एलआईजी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 3107–1 के स्वामित्व के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है। उन्होने आगे सूचित किया है कि उन्होने कोई अन्य कानूनी उत्तराधिकारी पीछे नहीं छोड़ा है।

यदि किसी व्यक्ति को ड्वेलिंग यूनिट में दावे/अधिकार/हित के संबंध में कोई आपत्ति है जो (i) श्रीमती नीलम (पत्नी), (ii) श्रीमती रेनू शर्मा (पुत्री) और (iii) श्रीमती लवली (पुत्री) के पक्ष में चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड द्वारा हस्तांतरित किए जाने के लिए प्रस्तावित है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती है, जिसमें असफल होने पर कथित डवेलिंग यूनिट का आवंटन एवं पंजीकरण उक्त कथित दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

**सचिव**
**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड**
**चंडीगढ़**



## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड

चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस

**संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में सचिव, सीएचबी के समक्ष।**

**विषयः** आवंटी/हस्तांतरी श्री हीरा लाल पुत्र श्री खारा नंद के नाम से (i) श्री योगेश कुमार पुत्र श्री भरत सिंह एवं (ii) श्रीमती सुमन पत्नी श्री योगेश कुमार के नाम में बिक्री विलेख के आधार पर सेक्टर 49, चंडीगढ़ में श्रेणी–ईडब्ल्यूएस की ड्वेलिंग यूनिट सं. 2908 के संबंध में स्वामित्व अधिकारों का हस्तांतरण/परिवर्तन।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 49, चंडीगढ़ में श्रेणी–ईडब्ल्यूएस की ड्वेलिंग यूनिट सं. 2908 आवंटी/हस्तांतरी श्री हीरा लाल पुत्र श्री खारा नंद के नाम में दर्ज है। अब, श्री हीरा लाल पुत्र श्री खारा नंद ने 05.12.2025 को सब रजिस्ट्रार, चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित एवं पंजीकृत बिक्री विलेख के अंतर्गत (i) श्री योगेश कुमार पुत्र श्री भरत सिंह एवं (ii) श्रीमती सुमन पत्नी श्री योगेश कुमार को उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट बेची है। (i) श्री योगेश कुमार पुत्र श्री भरत सिंह एवं (ii) श्रीमती सुमन पत्नी श्री योगेश कुमार ने बिक्री विलेख के आधार पर अपने नाम में उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट के हस्तांतरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण में कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित ड्वेलिंग यूनिट का स्वामित्व उक्त कथित दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

**सचिव**
**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,**
**चंडीगढ़**



## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड

चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस

**संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में सचिव, सीएचबी के समक्ष।**

**विषयः** आवंटी/हस्तांतरी श्री अजय मोहन बंसल पुत्र श्री ज्ञान प्रकाश बंसल के नाम से श्री राज कुमार पुत्र श्री लक्खी राम (लख्खी राम) के नाम में बिक्री विलेख के आधार पर सेक्टर 46–सी, चंडीगढ़ में श्रेणी–एमआईजी–I की ड्वेलिंग यूनिट सं. 3464 के संबंध में स्वामित्व अधिकारों का हस्तांतरण/परिवर्तन।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 46–सी, चंडीगढ़ में श्रेणी–एमआईजी–I की ड्वेलिंग यूनिट सं. 3464 आवंटी/हस्तांतरी श्री अजय मोहन बंसल पुत्र श्री ज्ञान प्रकाश बंसल के नाम में दर्ज है। अब, श्री अजय मोहन बंसल पुत्र श्री ज्ञान प्रकाश बंसल ने 03.10.2025 को सब रजिस्ट्रार, चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित एवं पंजीकृत बिक्री विलेख के अंतर्गत श्री राज कुमार पुत्र श्री लक्खी राम (लख्खी राम) को उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट बेची है। श्री राज कुमार पुत्र श्री लक्खी राम (लख्खी राम) ने बिक्री विलेख के आधार पर अपने नाम में उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट के हस्तांतरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण में कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित ड्वेलिंग यूनिट का स्वामित्व उक्त कथित दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

**सचिव**
**चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,**
**चंडीगढ़**

# मेयर चुनावों में निष्पक्षता जरूरी: गुलाब चंद कटारिया

नगर निगम चंडीगढ़ की मासिक सदन बैठक को किया संबोधित

मेयर के कार्यकाल को कुछ और बढ़ाने का आश्वासन

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 30 दिसंबर।** नगर निगम चंडीगढ़ की 356वीं मासिक सदन बैठक में पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया आकर्षण के केंद्र बने रहे। नगर निगम चंडीगढ़ में उनका आज दूसरा उद्बोधन था।

राज्यपाल ने नगर निगम के मेयर चुनावों में पारदर्शिता के अलावा निष्पक्ष एवं फेयर चुनाव कराने की नसीहत दी। उनका कहना है कि चुनावों में पारदर्शिता तो हो, किंतु इसके साथ ही उसमें निष्पादन की झलक भी दिखाई देनी चाहिए। क्योंकि नगर निगम के बाहर शहर और ट्राईसिटी के बीच यहां तक कि दिल्ली तक यहां की चुनावी प्रक्रिया और प्रणाली पर लोग नजरें गड़ाए देखते रहते हैं। अच्छाई की प्रशंसा होती है और बुराई की निंदा होती है। इसलिए समय रहते इसमें सुधार लाने का भरसक प्रयास होते रहना चाहिए। निगम सदन को अपने संबोधन में उन्होंने यह भी कहा कि पिछले काफी समय से मेयर चुनाव और उसका कार्यकाल 5 साल तक होना चाहिए। इसके लिए विशेष कानूनी विदों और दिल्ली के बीच केंद्रीय गृहमंत्री और उनके सचिवों से राय परामर्श करके ही कोइ हल निकाला जा सकता है। कटारिया ने कहा कि यदि पंजाब में कुछ समय और रह गया तो मेयर कार्यकाल 5 वर्ष तो नहीं, अपितु ढाई वर्ष का कराने का प्रयास वह अवश्य करेंगे। समय जरूर लगेगा, किंतु काम जरूर होगा, ऐसा उन्हें विश्वास है।





### वायलेशन में रियायतें देने का वादा

हाउसिंग बोर्ड से इसके रिहायशी लोगों को छोटी-छोटी वायलेशन पर नोटिस भेजकर उन्हें मानसिक तनाव देने की बात पर उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ के अधिकांश मकान हाउसिंग बोर्ड के हैं। इसलिए वायलेशन पर नोटिस तो आयेगा। किंतु छोटे-मोटे वायलेशन पर नोटिस भेजना बंद कराने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आगामी 15 जनवरी तक ढाई हजार वायलेशन केस खत्म करेंगे।

### 24 गुना 7 वाटर सप्लाई की जरूरत नहीं

24 गुना 7 वाटर सप्लाई की शहर में आवश्यकता ही नहीं है। यह ज्यादा खर्चीला है, इसलिए दिक्कतें आ रही हैं। किंतु उनका प्रयास रहेगा कि मनीमाजरा के लोगों को पर्याप्त पानी उपलब्ध हो सके। इसके लिए गैर कानूनी कनेक्शन को कम करने की जरूरत है। इसके अलावा पानी को बर्बाद नहीं होने देना चाहिए।

### डड्डूमाजरा की समस्या का समाधान

प्रशासक ने कहा कि डड्डूमाजरा की समस्या भी खत्म की जायेगी। डड्डूमाजरा से 95 प्रतिशत कचरा हटा लिया गया है। शेष अगले मार्च तक पूरा हो जायेगा।

### 25 करोड़ की आर्थिक मदद

उन्होंने कहा कि नगर निगम के वित्तीय संकट को दूर करने के लिए उन्होंने 25 करोड़ की आर्थिक मदद की। इससे नगर निगम के खास विकास कार्यों में मदद मिलेगी।

### जमीन पर अवैध कब्जे हैं

मनीमाजरा की जमीन पर ऑक्शन करने पर आ रही समस्या पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि वहां कुछ अवैध कब्जे हैं, उन्हें कानूनी सलाह के साथ सुलझाने का प्रयास करना होगा। किंतु निगम को यह संकेत भी दे गये कि पैसे कमाने के लिए जमीन बेचना जरूरी नहीं है। इसलिए कमाई के कोई अन्य विकल्प ढूंढने की जरूरत भी होगी।

### आय के नये स्रोत तलाशें

सबसे पहले आय के नये श्रोत तलाशने के लिए निगम के सूझवान अधिकारियों की एक टीम बनानी चाहिए। कमिश्नर और मेयर की टीम इसके लिए आगे आएं। इसमें भी कामयाबी मिलेगी। प्रापर्टी टैक्स के बड़े-बड़े बकायेदारों के साथ बातचीत करके कमिश्नर ने काफी टैक्स उगाही की, इसके लिए वह धन्यवाद के पात्र हैं। पार्षदों के टूअर प्रोग्राम बंद करने पर उन्होंने कमिश्नर को टोका, कि पार्षद टूअर पर केवल घूमने फिरने नहीं आते हैं। बल्कि वहां जाकर कई परियोजनाओं को देखते और अध्ययन करते हैं। उनका क्रियान्वयन भी नगर निगम को करने का अवसर मिलता है।

### मेयर ने किया प्रशासन का स्वागत

इसके बाद मेयर हरप्रीत कौर बबला ने प्रशासक का स्वागत करते हुए अपने अब तक के कार्यकाल की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उनका कहना है कि निगम में उनके कार्यकाल की रिपोर्ट प्रस्तुत की। उनका कहना है कि निगम में उनके कार्यकाल के दौरान अधिकांश कार्य सम्पन्न किये गये। शहर में गुलदाउदी शो और रोजगार्डन का रोज फेस्टिवल जीरो बजट पर करके निगम ने अच्छी कमाई भी की। इसी प्रकार आगे आने वाले समय में भी उन्हीं की पुनरावृत्ति की जायेगी।

### कमिश्नर ने किया धन्यवाद


इसके पूर्व कमिश्नर ने राज्यपाल कटारिया का स्वागत करते हुए कहा है कि राजस्व जुटाने में हमारी टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया है। इसके फलस्वरूप प्रापर्टी टैक्स के बकायेदारों से और अन्य संसाधनों से 35 करोड़ की बढ़ोतरी की है। इस वर्ष प्रापर्टी टैक्स 285 करोड़ आया। इस वर्ष की वृद्धि 50 करोड़ की हुई है। उन्होंने मनीमाजरा की जमीनों को सेल करने का मार्ग प्रशस्त करने की मांग की। इसके पूर्व सदन में तीनों दलों के एक-एक पार्षद को प्रशासक के समक्ष निगम की बेहतरी के लिए प्रस्ताव रखे।

### निगम को आर्थिक संकट से उबारा: मनोज



सबसे पहले भारतीय जनता पार्टी की तरफ से मनोज कुमार सोनकर ने प्रशासक का वैलकम करते हुए कहा कि आप के प्रयास से आर्थिक संकट का सामना कर रहे नगर निगम को उबार दिया। इसके लिए भारतीय जनता पार्टी उनका तहेदिल से शुक्रिया अदा करती है। आगे ही आप का ऐसा ही समर्थन मिलते रहना चाहिए।

### लोगों को मालिकाना हक मिले: सचिन गालब



कांग्रेस के सचिन गालब ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड के मकानों में रहने वाले लोगों को उनका मालिकाना हक मिलना चाहिए। हाउसिंग बोर्ड से उन्हें बार-बार वायलेशन के नोटिस आ रहे हैं, उन्हें रोकना चाहिए। इसके अलावा गांवों की सीमा से लाल डोरा की पाबंदी हटायी जानी चाहिए। यह केंद्रीय संसद में पारित करा कर करनी चाहिए। गालब ने कहा कि ग्रामीणों को पानी, बिजली सहित अन्य जरूरी चीजों की सुविधा मिलती रहनी चाहिए। उन्होंने शेयरवाइज प्रापर्टी की सेल-परचेज की अनुमति देने की मांग की। सचिव गालब ने कहा कि निगम सदन के अलावा पूरे देश में राजनीतिक दल बदल विरोधी सख्त कानून बनाने की नितांत आवश्यकता है। इसके लिए केंद्र से बात की जा सकती है। अन्यथा राजनीति में दलबदल कर लोग सरकारें, मेयर बनाते रहेंगे और वह वोट देने वाली जनता के समक्ष मुंह दिखाने लायक नहीं रहेंगे।

### जनता से जुड़े कार्य होने जरूरी: योगेश ढींगरा



आम आदमी पार्टी के पार्षद योगेश ढींगरा ने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दे का हल निकाला जाये, ताकि सभी पार्षदों के इलाके में रुके हुए विकास कार्य पूरे हो सकें। इसके अलावा मनीमाजरा की जमीन कितने एकड़ में है, इसे स्पष्ट कराया जाए।

## नगर निगम की मासिक सदन बैठक में लगभग सभी प्रस्तावों पर लगी सदन की मुहर

**चंडीगढ़।** नगर निगम चंडीगढ़ की मंगलवार को 356वीं मासिक सदन बैठक में 24 गुना 7 पैन सिटी प्राजेक्ट लागू करने के लिए रखे गये किफायती विकल्पों पर चर्चा के दौरान इसके खर्चीला बताकर अनावश्यक बता कर इसे स्थगित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। कुल 15 प्रस्तावों को निगम सदन की हरी झंडी मिल गई।

दीन दयाल उपाध्याय कालोनी, इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1, चंडीगढ़ में पुरानी जंग लगी/क्षतिग्रस्त सीएल जल आपूर्ति पाइपलाइन की जगह 4 इंच आई/डी डीएल जल आपूर्ति पाइप लाइन उपलब्ध कराने और स्थापित करने का कार्य और इससे जुड़े दूसरे जरूरी कार्यों के लिए उपलब्ध कराने और स्थापित करने का कार्य और उससे जुड़े दूसरे जरूरी कार्यों के लिए आरसीई: अनुमानित राशि 78.29 लाख रुपये का प्रस्ताव पास हो गया।

**जल आपूर्ति लाइनों का सुदृढ़ीकरण:** हरियाणा रोडवेज के पीछे के प्लाट नंबर 182/29 से 182/84 तक इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, चंडीगढ़ में पुरानी क्षतिग्रस्त सीएम जलापूर्ति पाइपलाइन की जगह 4 आई/डी और 6 इंच आई/डी डीएल जलापूर्ति पाइन लाइन लगाने और बिछाने के काम के लिए आरसीई:, अनुमानित राशि 68.26 लाख रुपये का प्रस्ताव भी पारित हो गया।

गौशाला में अतिरिक्त शेडों की मंजूरी

गौशाला रायपुर कलां चंडीगढ़ के भविष्य विस्तार के रूप में अतिरिक्त शेडो के निर्माण के लिए अनुमानित लागत 14.68 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भी पारित कर दिया गया। इसके अलावा मौजूदा सलाटर हाउस (बूचड़खाना) इंडस्ट्रियल एरिया फेज-1, चंडीगढ़ में मौजूदा मल्टी स्पीशिज एबेटायर काम्प्लेक्स के आधुनिकीकरण के काम के लिए एजेंडा: अनुमानित लागत 4848.41 लाख भी पारित हो गया। चंडीगढ़ में कमर्शियल यूनिट्स (मनीमाजना की कमर्शियल इकाइयों को छोड़कर) से नगर ठोस अपशिष्ट संग्रह कर्ताओं के साथ एमओयू ज्ञापन किये जाने का प्रस्ताव पास हुआ। यूटी चंडीगढ़ के क्षेत्राधिकार में स्थित आने वाले सभी सरकारी भवनों/संस्थानों को अग्नि सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने व सभी सरकारी कार्यक्रमों/आयोजनों एवं शहर में आयोजित विभिन्न धार्मिक आयोजनों के लिए निःशुल्क स्टैंड बाय ड्यूटी शुल्क से छूट देने के प्रस्ताव पर मुहर लग गई।

रोज फेस्टिवल 2026 की मंजूरी

54वें रोज फेस्टिवल 2026 की तैयारियों के लिए अनुमोदन प्रस्ताव भी पारित कर दिया गया। इसके अलावा पांच अनुपूरक प्रस्तावों सहित कुल 15 प्रस्तावों पर निगम सदन की मुहर लग गई।

# यूटी पुलिस ने हिनियस क्राइम करने वाले अपराधियों को सलाखों तक पहुंचाया

थाना पुलिस 31 ने 15 मामले एनडीपीएस,आर्म्स एक्ट के 17 और एक्साइज 26 मामले दर्ज किए

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 30 दिसंबर।** यूटी पुलिस के हरदम से मुस्तैद रहने वाली थाना पुलिस ने एक साल की बात करे यूटी पुलिस के सभी थानों से सबसे ज्यादा वर्क थाना 31 पुलिस ने किया है। जिसमें एनडीपीएस एक्ट मामले में 15, आर्म्स एक्ट मामले में 17 और एक्साइज एक्ट के मामले में 26 मामले दर्ज किए है।यह थाना 31 पुलिस की सबसे महत्वपूर्ण सफतला है। वही चंडीगढ़ पुलिस ने हीनियस क्राइम करने वाले अपराधियों को सलाखों तक पहुचाया। यहीं नहीं पुलिस ने उम्रकैद से लेकर फांसी की सजा दिलवाई। स्नैचिंग और चोरी के मामलो में 2025 में कमी आई है। इसके अलावा नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। एनडीपीएस की धारा पीआईटी लगाकर महिला समेत आधा दर्जन तस्करों को एक-एक साल तक बुड़ैल जेल में पहुंचया है। शहर में कुछ गंभीर अपराधों में जहां मामूली उतार-चढ़ाव देखने को मिला, वहीं मोटर व्हीकल चोरी, साइबर ठगी और नशीले पदार्थों से जुड़े मामलों में साफ बढ़ोतरी दर्ज की गई।अपराध की संख्या के लिहाज से वाहन चोरी पूरे साल शहर का सबसे बड़ा क्राइम बना रहा, जबकि ड्रग्स और साइबर अपराध सबसे ज्यादा संगठित और चुनौतीपूर्ण अपराध के रूप में सामने आए।

**हत्या के मामले बढ़े:** पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, साल 2025 में हत्या के मामलों में बढ़ोतरी दर्ज की गई। साल 2024 में जहां 22 हत्याएं हुई थीं, वहीं 2025 में यह संख्या बढ़कर 26 हो गई। हालांकि हत्या के प्रयास और बलात्कार जैसे मामलों में कुछ कमी दिखाई दी, लेकिन बच्चों और किशोरों से जुड़े यौन अपराधों में तेज इजाफा हुआ।रेप और पॉक्सो से जुड़े मामलों की कुल संख्या 47 से बढ़कर 66 तक पहुंच गई, जिसने कानून व्यवस्था के सामने गंभीर सवाल खड़े किए।

**साल 2024 में 1362 वाहन चोरी:** अपराध के आंकड़ों में सबसे चौंकाने वाली तस्वीर मोटर व्हीकल चोरी की रही। वर्ष 2024 में 1362 वाहन चोरी के मामले दर्ज हुए थे, जो 2025 में बढ़कर 1682 हो गए। इसका मतलब यह रहा कि औसतन हर दिन चार से ज्यादा वाहन चोरी हुए। दोपहिया और चारपहिया दोनों ही इस अपराध की चपेट में रहे और यह क्राइम पूरे साल शहर में सबसे ज्यादा दर्ज किया गया। ड्रग्स के मामलों में भी स्थिति चिंताजनक रही। एनडीपीएस एक्ट के तहत 149 मामले दर्ज किए गए, जिनमें 235 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। हेरोइन- 5.613 किलोग्राम, आइस- 101.73 ग्राम, कोकीन- 1.456 किलोग्राम, अफीम की भूसी- 20.673 किलोग्राम, गांजा- 45.098 किलोग्राम, चरस- 7.556 किलोग्राम, अफीम- 227 पेड़, अफीम- 15.67 ग्राम, कोका बॉल्स 48, क्रैक बॉल्स 114 ग्राम, एम्फ़ैटेमिन 15.148 ग्राम, प्रतिबंधित वस्तुएं- 12 ग्राम, भूरा पाउडर- 1.94 ग्राम, इंजेक्शन - 97, गोलियां- 444, नकद- 41,41,835 रुपये, चार पहिया वाहन- 14, दो पहिया वाहन बरामद किए। चंडीगढ़ पुलिस ने बड़ी सफलता दर्ज करते हुए 8.79 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की ड्रग संपत्ति जब्त की। जांच में सामने आया कि ड्रग सप्लाई का नेटवर्क इंटर-स्टेट और इंटरनेशनल स्तर तक फैला हुआ है, जिसमें ड्रोन के जरिए तस्करी, पाकिस्तानी हैंडलर और विदेशी नागरिकों की संलिप्तता भी सामने आई। चंडीगढ़ पुलिस ने पीआईटीएनडीपीएस अधिनियम, 1988 के तहत 4 नशीले पदार्थों के तस्करों बाला, दिशंत गेल, राम किशन उर्फ मुच्छड़ और गगन उर्फ गोगी के खिलाफ निवारक को गिरफ्तार कर चंडीगढ़ की मॉडल जेल में रखा गया है।

### साइबर अपराध 2025 में सबसे ज्यादा

साइबर अपराध 2025 में डिजिटल अरेस्ट, फर्जी पुलिस-कोर्ट नोटिस, निवेश और ट्रेडिंग के नाम पर ठगी जैसे मामलों में भारी इजाफा हुआ। पुलिस ने 150 से ज्यादा साइबर फ्रॉड के केस दर्ज किए और 147 आरोपियों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान 11 करोड़ 21 लाख रुपए से ज्यादा की रकम को फ्रीज या होल्ड किया गया। इन मामलों में सबसे ज्यादा शिकार बुजुर्ग और आम निवेशक बने। इसके अलावा अवैध शराब, सट्टेबाजी और जुए के मामलों में भी लगातार केस दर्ज होते रहे। आईपीएल और ऑनलाइन सट्टेबाजी से जुड़े पैन-इंडिया नेटवर्क सामने आए, जिनमें लाखों रुपए की नकदी और दर्जनों मोबाइल-लैपटॉप बरामद किए गए। हथियारों से जुड़े मामलों में भी बढ़ोतरी देखने को मिली और देसी पिस्तौल, जिंदा कारतूस के साथ कई शूटर और हथियार सप्लायर गिरफ्तार किए गए। इमिग्रेशन फ्रॉड भी 2025 में एक बड़ा ट्रेंड बनकर सामने आया। फर्जी वीजा, डमी टिकट और विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाली 90 से ज्यादा फर्जी कंपनियों पर मामले दर्ज किए गए। जांच में सामने आया कि कई लोग करोड़ों रुपए की ठगी का शिकार हुए।

### पीसीआर पहुंच रही तय समय में

कोई भी घटना या अपराध होने पर चंडीगढ़ पुलिस 5.6 मिनट में मदद के लिए पहुंच रही है। आपातकालीन सेवाओं में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए वर्ष 2025 में चंडीगढ़ पुलिस का रिस्पॉन्स टाइम देश में सबसे तेज है।यह उपलब्धि पीसीआर वाहनों के बेड़े के विस्तार, अत्याधुनिक जीपीएस मॉनिटरिंग, सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल रूम और त्वरित डिस्पैच सिस्टम के कारण संभव हो पाई। पुलिस की इस तेज प्रतिक्रिया से न केवल अपराधों को समय रहते रोका गया, बल्कि नागरिकों में सुरक्षा की भावना भी मजबूत हुई है।

### नए आपराधिक कानूनों की सफल शुरुआत

एक जुलाई 2024 से लागू नए आपराधिक कानूनों के तहत चंडीगढ़ देश का पहला ऐसा केंद्र शासित प्रदेश बना, जहां इन कानूनों को पूरी तरह लागू किया गया। वर्ष 2025 तक नए कानूनों के अंतर्गत 5156 एफआईआर दर्ज, 4503 चालान दाखिल किए गए और निपटाए गए मामलों में 89 प्रतिशत की प्रभावशाली सजा दर हासिल की गई। इसके साथ ही औसत सजा अवधि 300 दिनों से घटकर मात्र 110 दिन रह गई है, जो न्याय प्रणाली की तेज़ी और प्रभावशीलता को दर्शाती है।

### चंडीगढ़ पुलिस ने आईपीएल सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़ किया

26.05.2025 को चंडीगढ़ पुलिस ने सेक्टर-33 में एक किराए के मकान से संचालित आईपीएल सट्टेबाजी रैकेट का भंडाफोड़ किया। सूचना के आधार पर छापेमारी की गई, जिसकेचार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया- हरदीप सिंह उर्फ जॉली (50), दीपक उर्फ दीपू पेप्सी (43), संतोष (19) और भुवन (25)।उन्हें पंजाब किंग्स बनाम मुंबई इंडियंस आईपीएल मैच पर सट्टेबाजी करते हुए पकड़ा गया। दैनिक लेन-देन कई लाख रुपये का था। पुलिस ने बरामद किया43 मोबाइल फोन, 6 लैपटॉप, 2 टैबलेट, एलईडी स्क्रीन, वाई-फाई राउटर, एक जुआ बॉक्स और सट्टेबाजी से संबंधित अन्य सामान। पंजाब जुआ अधिनियम की धारा 3 और 4 के तहत दिनांक 26.05.2025 को एफआईआर संख्या 73 पुलिस स्टेशन-34 में दर्ज की गई थी। गिरोह ऑफलाइन नकद भुगतान का इस्तेमाल करता था और दुबई में जुआ खेलने वाले ऑपरेटरों से उसके संबंध थे, जहां जुआ खेलना कानूनी है। वित्तीय लेन-देन की आगे की जांच जारी है।

## बढ़ती सर्दी को मध्यनजर रखते चंडीगढ़ कांग्रेस की तरफ से गरीबों और जरूरतमंद लोगों को जैकेट वितरित की



अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 30 दिसंबर।** बढ़ती सर्दी में गरीब और जरूरतमंदों को ठंड से बचाने के लिए देशभर में कंबल वितरण और लंगर आयोजन हो रहे हैं।लोगों को गर्म कपड़े,भोजन और आश्रय प्रदान कर मानवता की सेवा कर रहे हैं।

वही चंडीगढ़ कांग्रेस नेताओं की और से एक अच्छी पहल करते हुए बढ़ती ठंड और नए साल को मध्यनजर रखते हुए गरीबो और जरूरतमंदों लोगो को ठंड से बचाने के लिए मंगलवार दोपहर बाद सैक्टर 37 मार्केट और 38 कालोनियों में जरूरतमंद लोगों को जैकेट वितरित की। कांग्रेस नेताओं में परवीन शर्मा टीटू बीएम खन्ना,और विक्टर सिद्धू मौजूद थे।

परवीन शर्मा टीटू ने बताया कि सर्दी के बढ़ते प्रकोप के बीच, समाज के सभी वर्गों द्वारा जरूरतमंदों को ठंड से बचाने के लिए गर्म कपड़े, भोजन और आश्रय प्रदान करने के कई मानवीय कार्य चल रहे हैं।वही कांग्रेस नेता परवीन शर्मा टीटू द्वारा गरीबों के लिए शहर में अलग अलग जगहों पर लंगर का भी आयोजन करते रहते है।

नए साल के जश्न में किसी भी तरह का खलल न पड़े

# 12 डीएसपी,20 इंस्पेक्टर,16 थाना प्रभारी समेत एक हजार पुलिस कर्मियों की तैनाती

नए साल के जश्न के नाम पर हुड़दंग, छेड़छाड़, हिंसा किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी

**चंडीगढ़, 30 दिसंबर।** नए साल के जश्न में किसी भी तरह का खलल ना पड़े। इसे लेकर यूटी पुलिस पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। नए साल के जश्न के सिलसिले में शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने निम्नलिखित इंतज़ाम किए गए है।जिसमें 12 डीएसपी,20 इंस्पेक्टर,16 थाना प्रभारी समेत एक हजार पुलिस कर्मियों की तैनाती रहेगी।शहर में बढ़ती भीड़ नाइट सेलिब्रेशन और पड़ोसी राज्यों से आने वाले लोगों को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा कानून व्यवस्था और ट्रैफिक कंट्रोल को लेकर व्यापक इंतजाम किए हैं। पुलिस का साफ कहना है की जश्न के नाम पर हड़दुग,छेड़छाड़, हिंसा या ट्रैफिक जाम किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा।


नए साल के जश्न को देखते हुए शहर की थाना पुलिस, इंटेलिजेंस विंग, और ट्रैफिक पुलिस के जवान शहर के चप्पे चप्पे पर तैनात रहेंगे। यूटी पुलिस के अनुसार शहर के कई हिस्सों में नए साल को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। जिम पंजाब हरियाणा और अन्य राज्यों से भी लोग खासतौर पर युवा पहुंचेंगे। इसको देखते हुए पब, बार, रेस्टोरेंट होटल क्लब कम्युनिटी सेंटर और प्रमुख मार्केट में पुलिस के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।एलाते मॉल, अरोमा सेक्टर 22 आईएसबीटी सेक्टर 17, आईएसबीटी सेक्टर 43, सैक्टर 17 प्लाजा और अन्य भीड़भाड़ और संवेदनशील स्थानो पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनातरहेगा। महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए महिला पुलिस कर्मियों को भी बड़ी संख्या पर ड्यूटी पर लगाया जाएगा। नए साल के जातियों के दौरान महिलाओं की सुरक्षा के लिए लेडी पुलिस स्क्वायड को भी शहर में उतारा जाएगा। यह स्क्वायड महिला पुलिस इंस्पेक्टरों की निगरानी में काम करेगी। इसके अलावा पीसीआर वाहनों में महिला पुलिस कर्मियों की विशेष तैनाती की जाएगी।जो आपात स्थिति में महिलाओं को पिक एंड ड्रॉप की सुविधा भी प्रदान करेगी।

पुलिस प्रशासन द्वारा अगर किसी भी तरह का कोई हादसा होता है। तो उसके लिए 6 जगहों पर एंबुलेंस की तैनाती रहेगी। 31 दिसबर को एलाते मॉल के सामने वाली सड़क पर वन वे ट्रैफिक सिस्टम लागू रहेगा।यूटी पुलिस ने शहर के लोगों से अपील की है कि वह अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल में ही खड़े करें। साइकिल ट्रैक, फुटपाथ और मुख्य सड़कों पर पार्किंग करने वालों के खिलाफ सक्त कार्रवाई होगी।ट्रैफिक नियम तोड़ने वालो पर स्पेशल ड्राइव चलाई जाएगी। पुलिस ने साफ चेतावनी दी है कि अगर किसी ने भी सड़कों पर शराब पीते , तेज आवाज में म्यूजिक बजाते नॉइस पॉल्यूशन फैलाते या हडदुग करते पाए गए लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सरप्राइज चेकिंग भी की जाएगी। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस के जवान सड़कों पर ट्रैफिक व्यवस्था को संभालते हुए नजर आएंगे।

31 दिसंबर रात 10.00 बजे से लेकर 2.00 तक शहर की प्रमुख अंदरूनी सड़कों को वाहनों के लिए बंद रखा जाएगा। जिनमें सेक्टर 7, 8, 9 और सैक्टर 10 की अंदरुनी मार्केट रोड, सेक्टर 10 की म्यूजियम एड आर्ट गैलरी के सामने की सड़क, सेक्टर 22 में अरोमा लाइट प्वाइंट से सेक्टर 22 डिस्पेंसरी चौक तक की सड़के,उनके क्षेत्र में रहने वाले लोगों को वेद पहचान पत्र और रेजिडेंस प्रूफ साथ रखने के लिए निर्देश दिए गए हैं। ताकि उनकी गाड़ियों को आसानी से घर जाने के लिए प्रवेश मिल सके।

## प्रेमलता ने मणिमाजरा की जमीन को कम दर पर बेचने से रोकने पर प्रशासक गुलाब चंद कटारिया का किया धन्यवाद

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 30 दिसंबर।** नगर निगम की हालिया हाउस मीटिंग में प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया जी ने पार्षद प्रेमलता द्वारा उठाए गए मणिमाजरा की जमीन को औने-पौने दाम पर बेचने के मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए इसे कम दर पर न बेचने के निर्देश दिए। इससे नगर निगम को सैकड़ों करोड़ रुपये के संभावित नुकसान से बचाया जा सका।

इस निर्णय पर प्रेमलता ने प्रशासक महोदय का हार्दिक धन्यवाद व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इसी तरह उन्होंने दद्दू माजरा वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट तथा राम दरबार में हॉर्टिकल्चर वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट के मुद्दे भी उठाए थे, जिनसे नगर निगम और जनता के टैक्स के सैकड़ों करोड़ रुपये की बचत हुई है। इन प्रयासों के फलस्वरूप अब नगर निगम दद्दू माजरा वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट का टेंडर पूरी पारदर्शिता के साथ जारी करने जा रहा है, जिससे करोड़ों रुपये की और बचत होगी।

प्रेमलता ने इस पूरी प्रक्रिया में प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया जी के साथ-साथ नगर निगम कमिश्नर का भी विशेष धन्यवाद दिया।

# प्रशासक द्वारा 24 गुना 7 जल आपूर्ति योजना की कड़ी आलोचना भाजपा नेताओं के मुंह पर तमाचा

प्रशासक द्वारा 24 गुना 7 जल आर्पूति योजना की कड़ी आलोचना, चण्डीगढ़ भाजपा की भारी किरकिरी

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह



**चंडीगढ़, 30 दिसंबर।** कांग्रेस पार्टी का लगातार यह स्टैंड रहा है कि 24×7 जल सप्लाई प्रोजेक्ट शुरू से ही भ्रष्टाचार में डूबा हुआ था और चंडीगढ़ के लिए इसकी मौजूदा उपयोगिता पर भी सवालिया निशान था। इस प्रोजेक्ट को शहर की ज़रूरतों को ध्यान में रखे बिना जल्दबाजी में योजनाबद्ध और लागू किया गया था। इसी प्रोजेक्ट की वजह से चंडीगढ़ नगर निगम, जिसके पास 2015 में लगभग 500 करोड़ रुपये का सरप्लस फंड था, अब भारी कर्ज में डूब चुका है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजीव शर्मा के अनुसार, कांग्रेस पार्टी का मानना है कि इस प्रोजेक्ट की योजना बनाने और लागू करने के दौरान भारी मात्रा में पैसों का लेन-देन हुआ था। उन्होंने कहा कि यही वजह है कि पार्टी और उसके सांसद मनीष तिवारी ने 04 अगस्त 2024 को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा मनीमाजरा में इस प्रोजेक्ट के पहले उद्घाटन का बहिष्कार किया था।

पार्टी प्रवक्ता ने आगे कहा कि चंडीगढ़ कांग्रेस केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया द्वारा आज नगर निगम की बैठक में 24×7 इस जल आर्पूति परियोजना की कड़ी आलोचना इस मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी के जन-समर्थक रुख की पुष्टि करती है। प्रशासक द्वारा इस जल आर्पूति प्रोजेक्ट और उसकी डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट को खारिज किया जाना, बीजेपी नेताओं और पार्षदों के मुंह पर एक तमाचा है, जो भ्रष्टाचार से लबालब इस परियोजना का लगातार समर्थन कर रहे थे।

चंडीगढ़ कांग्रेस उन अधिकारियों और बीजेपी नेताओं के खिलाफ एक उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच की मांग करती है, जिन्होंने आपस में मिलीभगत करके इस तुगलकी प्रोजेक्ट की योजना बनाई और इसे लागू किया, जिसके कारण नगर निगम की वित्तीय स्थिति की कमर टूट गई है।

सम्पादकीय

# अरावली भी अब जिंदा रहेगी

सर्वोच्च न्यायालय ने अरावली की नई परिभाषा वाले अपने पूर्व के फैसले पर रोक लगाकर देशभर के पर्यावरण प्रेमियों को जो प्रसन्नता दी है, उसका सहज आकलन नहीं किया जा सकता। आज का दौर तेजी से विकास का है और केंद्र एवं राज्य सरकारों के समक्ष इस विकास की रफ्तार को बनाए रखने की चुनौती है। कौन नहीं जानता है कि हमारे वन, नदियां, खेत-खलिहान सब कुछ आज इस विकास की बलि चढ़ रहे हैं। अरावली पहाड़ियों को अगर चार राज्यों के 37 जिलों में फैले प्रकृति के ऐसे उपहार के रूप में देखा जाना चाहिए, जिनकी मौजूदगी न केवल पर्यावरण को बनाए हुए है, अपितु इन क्षेत्रों के निवासियों के लिए यह ऑक्सीजन सिलेंडर का काम भी कर रही हैं। सर्वोच्च न्यायालय के पहले के फैसले जिसमें अरावली की परिभाषा यह कर दी गई थी कि केवल 100 मीटर की पहाड़ी को ही पहाड़ी माना जाएगा, का विरोध जायज था। अब माननीय अदालत ने अगर अपने पूर्व के फैसले पर रोक लगाते हुए इस मामले के संबंध में एक हाई पावर्ड कमेटी गठित की है, तो यह उचित फैसला है। निश्चित रूप से इस फैसले ने भी यह साबित कर दिया है कि सर्वोच्च न्यायालय जनसरोकार को प्राथमिकता से लेकर उन पर सुनवाई कर रहा है। अब न्याय मिलता हुआ नजर आ रहा है।

**गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अरावली पहाड़ियों को लेकर उसके पहले के आदेश फिलहाल रोक दिए गए हैं। गौरतलब है कि पहले के फैसले से चार राज्यों में अरावली के अवैध खनन का संकट बढ़ गया था और सरकारों की ओर से भी जो बयान आ रहे थे, वे जनता की चिंता को बढ़ा रहे हैं। उनके अंदर स्पष्टीकरण नहीं था कि आखिर अरावली की परिभाषा करने की आवश्यकता क्यों आ पड़ी है। अब सीजेआई सूर्यकांत ने स्वयं माना है कि अरावली की 100 मीटर की ऊंचाई और 500 मीटर की दूरी निर्धारित करने से इस पर्वतमाला के कई अहम हिस्से पर्यावरण सुरक्षा से बाहर हो सकते हैं। गौरतलब है कि देश में तमाम जगह कानून की पेचीदगियों के जरिये ही पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के लिए निर्माण कार्य हो रहे हैं।**

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि अरावली पहाड़ियों को लेकर उसके पहले के आदेश फिलहाल रोक दिए गए हैं। गौरतलब है कि पहले के फैसले से चार राज्यों में अरावली के अवैध खनन का संकट बढ़ गया था और सरकारों की ओर से भी जो बयान आ रहे थे, वे जनता की चिंता को बढ़ा रहे हैं। उनके अंदर स्पष्टीकरण नहीं था कि आखिर अरावली की परिभाषा करने की आवश्यकता क्यों आ पड़ी है। अब सीजेआई सूर्यकांत ने स्वयं माना है कि अरावली की 100 मीटर की ऊंचाई और 500 मीटर की दूरी निर्धारित करने से इस पर्वतमाला के कई अहम हिस्से पर्यावरण सुरक्षा से बाहर हो सकते हैं। गौरतलब है कि देश में तमाम जगह कानून की पेचीदगियों के जरिये ही पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के लिए निर्माण कार्य हो रहे हैं। जिन्हें धन कमाने की पड़ी है, उनके लिए पर्यावरण या फिर अरावली का संरक्षण कोई मतलब नहीं रखता है। पूर्व के कानून के मुताबिक अरावली को धराशाई करके उसकी जगह निर्माण कार्य आरंभ करवाए जा सकते थे, इससे कुछ लोगों को फायदा होता लेकिन बहुसंख्या और आने वाली पीढ़ियां अवश्य ही मौजूदा सिस्टम को कोसती।

मालूम हो, कोर्ट ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की एक समिति की सिफारिशों को अपने पहले के फैसले में माना था। समिति ने कहा था कि अरावली पहाड़ी को ऐसे किसी भी भू-भाग के रूप में परिभाषित किया जाएगा जो चिह्नित अरावली जिलों में हो और जिसकी ऊंचाई स्थानीय निचले बिंदु से 100 मीटर या उससे अधिक हो। हालांकि अब अरावली पहाड़ियों और पर्वत श्रृंखलाओं की अलग-अलग समय की स्थिति का अध्ययन एक समिति करेगी। इस समिति में ऐसे विशेषज्ञ होंगे जो इन पहाड़ियों की बनावट और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का काम करेंगे। ये पहाड़ियां थार रेगिस्तान को गंगा के मैदानों की ओर बढ़ने से रोकने वाली एकमात्र बाधा हैं। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि समिति की सिफारिशों को लागू करने या अंतिम आदेश देने से पहले, एक निष्पक्ष, स्वतंत्र और विशेषज्ञ की राय को ध्यान में रखा जाना चाहिए।

वास्तव में इस रोक से देश के उन पर्यावरण प्रेमियों की आवाज को बल मिला है, जोकि अरावली पर आए संकट के खिलाफ सड़कों पर थे। लोकतंत्र में जनता ही अपने प्रतिनिधि विधानसभाओं और संसद में भेजती है, लेकिन विडम्बना है कि वही प्रतिनिधि फिर ऐसे फैसलों के प्रतिभागी हो जाते हैं, जिनके लागू होने का नुकसान जनता को ही भुगतान पड़ता है। आश्चर्यजनक यह है कि ऐसे मामलों पर केवल बौद्धिक वर्ग ही हल्ला करता दिखता है, जबकि यह जरूरत सभी की होनी चाहिए। अरावली का अस्तित्व 150 करोड़ साल पुराना है। यह रेगिस्तान के विस्तार को रोकने, जैव विविधता को संरक्षित करने और भूजल को रिचार्ज करने में अहम योगदान देती है। विशेषज्ञ बताते हैं कि अगर अरावली न होती तो थार रेगिस्तान दिल्ली तक आ चुका होता। इन सभी खूबियों को देखते हुए क्या यह जरूरी नहीं है कि हर हाल में अरावली की रक्षा की जाए। जाहिर है, विकास की भी दरकार है, लेकिन हमें अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारकर ऐसे विकास को हासिल नहीं करना चाहिए।

# रिफॉर्म एक्सप्रेस 2025 : भारत के अगले विकास चरण की शांत लेकिन मजबूत नींव

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

जैसे-जैसे 2025 अपने अंतिम चरण में पहुंच रहा है, समाचार की बड़ी सुर्खियों पर आसानी से नजर जाती है, लेकिन कुछ बातें छूट जाती हैं, जैसे शासन का शांति से किया जा रहा कार्य - लगातार, सप्ताह दर सप्ताह अड़चनों का निपटारा-सुधार एक्सप्रेस 2025 से मेरा मतलब यही संचयी जोर है। भारत का सांकेतिक जीडीपी लगभग 4.1 ट्रिलियन डॉलर की सीमा को पार कर गया और भारतीय अर्थव्यवस्था जापान को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई। स्टैण्डर्ड एंड पूअर्स ने 18 साल बाद भारत की सॉवरेन रेटिंग बीबीबी श्रेणी में की, जो संकेत है कि अर्थव्यवस्था की वृहद् गाथा ने केवल गति ही नहीं, बल्कि स्थायित्व भी हासिल किया है। एक अनिश्चित दुनिया में, जहाँ राजनीतिक उथल-पुथल आम बात हो गयी है, भारत का स्थिर नेतृत्व सुधारों को विश्वसनीय बनाता हैऔर विश्वसनीय सुधार निजी सतर्कता को निजी निवेश में परिवर्तित करते हैं।

मैंने देखा है कि गैट और डब्ल्यूटीओ प्रणाली से लेकर बहुपक्षीय मंचों तक, नियम केवल उतने ही अच्छे होते हैं जितना कि वे प्रोत्साहन पैदा करते हैं। जब प्रक्रियाएँ अस्पष्ट होती हैं, तो विवेकाधिकार बढ़ जाता हैऔर फिर अच्छी मंशा वाली नीति भी उद्यम को हतोत्साहित करती है। जब प्रक्रियाएँ स्पष्ट और समयबद्ध होती हैं, तो प्रतिस्पर्धा फलती-फूलती है, निवेश योजनाएं लागू होती हैं और रोजगार सृजित होते हैं।

भारत का कुल निर्यात 2024-25 के दौरान 825.25 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया, जो 6 प्रतिशत से अधिक की वार्षिक वृद्धि दर दर्शाता है। इस व्यापार की मात्रा का समर्थन करने के लिए, सरकार ने कई डिजिटल उपकरण पेश किये हैं, जैसे व्यापार कनेक्ट ई-प्लेटफ़ॉर्म, जो निर्यातकों के लिए एकल डिजिटल विंडो है और व्यापार खुफिया और विश्लेषण (टीआईए) पोर्टल, जो वास्तविक समय में बाजार डेटा प्रदान करता है। भारत-यूके व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता, जिस पर जुलाई 2025 में हस्ताक्षर हुए, ने भारतीय निर्यातकों के लिए एक मजबूत मंच तैयार किया, जिसमें व्यापक शुल्क-मुक्त पहुंच और सेवा और कौशल आवागमन के लिए स्पष्ट मार्ग शामिल हैं। दिसंबर 2025 में, भारत ने ओमान के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिससे वस्तुओं, सेवाओं और निवेश के लिए एक रणनीतिक आर्थिक व्यवस्था मजबूत हुई। भारत ने न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौते की वार्ता का भी समापन किया, जिससे भारत की पहुंच को उच्च मूल्य वर्ग वाले बाजारों में विस्तार मिला और अनुशासित, व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण समझौतों के लिए एक रूपरेखा स्थापित हुई।

भारत के स्टार्टअप क्षेत्र का विस्तार हुआ, जिसमें 2 लाख से अधिक सरकारी मान्यता प्राप्त स्टार्टअप शामिल हैं और जिसने 21 लाख से अधिक नौकरियां सृजित करने में मदद की। डिजिटल वाणिज्य के लिए ओपन नेटवर्क (ओएनडीसी) ने 3.26 करोड़ से अधिक ऑर्डर पूरे किए, जिनमें औसतन प्रतिदिन 5.9 लाख से अधिक लेनदेन हुए। इसके अतिरिक्त, सरकार की ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) का संचयी लेनदेन 16.41 लाख करोड़ रुपए को पार कर गया, जिसमें 11 लाख सूक्ष्म और लघु उद्यमों को 7.35 लाख करोड़ रुपये से ज़्यादा के ऑर्डर मिले।

भारत ने वैश्विक नवाचार सूचकांक में भी अपनी स्थिति में सुधार किया और 139 अर्थव्यवस्थाओं में 38वें स्थान पर पहुंच गया। व्यवसाय संचालन को सरल बनाने के प्रयासों के परिणामस्वरूप 47,000 से अधिक अनुपालन कम हुए और 4,458 कानूनी प्रावधान अपराध मुक्त हुए। नवंबर के अंत तक, राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली ने 8.29 लाख से अधिक अनुमोदनों को संसाधित किया। अवसंरचना योजना में भी बदलाव देखने को मिला, क्योंकि पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान को निजी क्षेत्र के लिए खोला गया और परियोजना निगरानी समूह पोर्टल ने 3,000 से अधिक परियोजनाओं को शामिल किया है, जिनका कुल मूल्य 76 लाख करोड़ रुपये से अधिक है।

विश्वास-आधारित शासन को अपनाते हुए, संसद नेनिरस्तीकरण और संशोधन विधेयक2025 पारित किया,



जिससे 71 पुराने अधिनियमों को हटा दिया गया, जो अपनी उपयोगिता पूरी कर चुके थे। व्यवसाय करने में आसानी भी जिले स्तर की सुधार रूपरेखाओं के माध्यम से उद्यमियों के करीब आई, जिसमें जिला व्यवसाय सुधार कार्य योजना 2025 शामिल है, जिसका उद्देश्य स्थानीय प्रशासन को अधिक उत्तरदायी, पूर्वानुमान योग्य और जिम्मेदार बनाना है। आधुनिक श्रम प्रणाली पैमाने, विनिर्माणऔरएक ऐसी सेवा अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है, जो नौकरियों को औपचारिक बनाना चाहती है और सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करना चाहती है। 21 नवंबर 2025 से लागू हुई 4 श्रम संहिताओं के साथ, 29 केंद्रीय श्रम कानूनों को पारिश्रमिक, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और कार्यस्थल सुरक्षा को कवर करने वाली सरल रूपरेखा में समेकित किया गया है। प्रतिभूति बाजार संहिता विधेयक पेश किया गया ताकि प्रतिभूति कानून को आधुनिक बनाया जा सके और सेबी की जांच और प्रवर्तन क्षमता को मजबूत किया जा सके। इस विधेयक में विशेष बाजार न्यायालयों, नियामकों के साथ सूचना साझा करने की मजबूत व्यवस्था और समयबद्ध शिकायत निवारण के प्रस्ताव शामिल हैं। ऐसे समय में जब खुदरा भागीदारी बढ़ी है और भारत वैश्विक पोर्टफोलियो की अधिक रूचि आकर्षित कर रहा है, नियामक स्पष्टता राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बन जाती है, जिससे बचत का प्रवाह उपयोगी निवेश की ओर होता है।

लॉजिस्टिक्स एक अन्य क्षेत्र है, जहां लागतों में सुधार स्पष्ट रूप से दिखाई देता है और 2025 में व्यापार के समुद्री घटक को आधुनिक बनाने के लिए एक पहल की गई। भारत का व्यापार मात्रा के आधार पर लगभग 95 प्रतिशत और मूल्य के आधार पर लगभग 70 प्रतिशत समुद्री मार्गों से होता है, इसलिए पत्तन और पोत परिवहन की दक्षता एक प्रतिस्पर्धात्मक मुद्दा है। औपनिवेशिक युग की व्यवस्था की जगह पर भारतीय पत्तन अधिनियम 2025 पेश किया गया, जिसने आधुनिक शासन उपकरण पेश किए, जिसमें राज्य स्तर पर विवाद समाधान, एक वैधानिक समन्वय परिषद, और सुरक्षा, आपदा तैयारी, और पर्यावरण तैयारी पर कड़े नियम शामिल हैं। व्यवसायी पोत परिवहन अधिनियम 2025 और समुद्री मार्ग माल परिवहन अधिनियम 2025ने पोत परिवहन कानून को और आधुनिक बनाया; नियम, जिम्मेदारी और विवाद व्यवस्था अद्यतन हुए, जिनमें समकालीन वाणिज्य की झलक मिलती है।

कैबिनेट ने जहाज निर्माण को मजबूत करने के लिए 69,725 करोड़ रुपये के पैकेज को मंजूरी दी, जिसमें 25,000 करोड़ रुपये का समुद्र विकास कोष तथा वित्तीय सहायता और विकास के घटक शामिल हैं। यह मंजूरी एक बड़े उद्देश्य की ओर इशारा करती है- औद्योगिक सुदृढ़ता का निर्माण करना, निर्भरता कम करना और समय के साथ माल मूल्य को भारत के भीतर बनाए रखना। आदर्श अर्थ में यह औद्योगिक नीति है, एक ऐसे इकोसिस्टमका निर्माण, जहां निजी पूंजी स्पष्ट जोखिम रूपरेखा के साथ प्रवेश कर सके, और जहां नौकरियां केवल पत्तनों में ही नहीं बल्कि शिपयार्ड, घटक, इंजीनियरिंग और सेवाओं में भी पैदा होती हैं।

ऊर्जा सुधार भी दीर्घकालीन निवेश के लिए डिजाईन किये गए थे। तेलक्षेत्र संशोधन और नई पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियमावली 2025 ने पट्टे की अवधि के दौरान शर्तों की स्थिरता पर जोर देकरनिवेशक जोखिम को कम करने का प्रयास किया, परियोजना जीवन चक्र के दौरान एकल पेट्रोलियम पट्टे की ओर कदम बढ़े और अनुमोदनों के लिए स्पष्ट समयसीमा निर्धारित की गयी। खुला क्षेत्र लाइसेंस नीति ने अन्वेषण मानचित्र को और विस्तारित किया, जिसमें चरण एक्स ने लगभग 0.2 मिलियन वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में 25 ब्लॉक्स की पेशकश की, जो मुख्य रूप से समुद्री क्षेत्रों में थे, जिसमें गहरे पानी और अत्यधिक गहरे पानी की संभावनाएं शामिल थीं। इसके साथ ही, राष्ट्रीय गहरे पानी अन्वेषण मिशन ने जटिल अन्वेषण में घरेलू संसाधनों, प्रौद्योगिकी और क्षमता पर रणनीतिक ध्यान का संकेत दिया।

सुधार एक्सप्रेस 2025 में रणनीतिक ऊर्जा और प्रौद्योगिकी का एक आयाम भी शामिल था। बजट 2025 में नाभिकीय ऊर्जा मिशन की रूपरेखा पेश की गयी, जिसमें छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर्स और अन्य उन्नत डिज़ाइनों को तेज़ी से विकसित करने के लिए 20,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया, जो 2047 तक 100 गीगावॉट नाभिकीय क्षमता हासिल करनेऔर 2033 तक 5 स्वदेशी रूप से डिज़ाइन किए गए चालू छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर्स की क्षमता निर्मित करने के राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप है। शांति विधेयक भारत के नागरिक परमाणु रूपरेखा के आधुनिकीकरण और सावधानीपूर्वक विनियमित निजी भागीदारी के लिए मार्ग खोलने में एक बड़ा कदम है। नाभिकीय ऊर्जा ग्रिड में स्थिर, कम कार्बन ऊर्जा देती है तथा उन्नत निर्माण, डेटा अवसंरचना, और ऊर्जा-गहन उद्योगों को अधिक आत्मविश्वास के साथ विकसित करने की भारतीय क्षमता को मजबूत करती है।

इन सुधारों को मिलाकर देखा जाए तो एक पैटर्न दिखाई देता है- कानूनों को सरल बनाना, मामूली अपराधों को अपराधमुक्त करना, श्रम अनुपालन को आधुनिक बनाना, बाजार शासन को मजबूत करना, व्यापार प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण करना, लॉजिस्टिक्स की कमियों को दूर करना और लंबी अवधि के ऊर्जा निवेश में जोखिम कम करना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार यह कहते रहे हैं कि राज्य का काम उद्यमियों को बोझ को कम करना है, ताकि उत्पादकता में गुणात्मक वृद्धि हो। यही सुधार एक्सप्रेस 2025 का रणनीतिक अर्थ है। दो अंकों वाली अगली विकास दर की शुरुआत इसी शांत, सतत कार्य में की गई है, और भारत इसे उस स्थिरता के साथ कर रहा है, जिसे कई अर्थव्यवस्थाओं ने खो दिया है।

**-हरदीप एस पुरी**

(लेखक भारत सरकार में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हैं)

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### नगर के बजट में रिकार्ड तोड़ वृद्धि, पुनर्वास योजना के तहत हजारों को मकान दिए जाएंगे: राय

**चंडीगढ़।** नगर प्रशासक के सलाहकार श्री बालेश्वर राय ने आज यहां नववर्ष की पूर्व संध्या के मौके पर प्रैस से मिलिए कार्यक्रम में बताया कि चंडीगढ़ संघीय प्रदेश के बजट में रिकार्ड तोड़ वृद्धि करके वर्ष 1993-94 के लिए 80 करोड़ रुपया मंजूर कराया गया है। जबकि गत वर्ष यह राशि मात्र 68 करोड़ रुपए थी। उन्होंने कहा कि योजना आयोग इस बात के लिए भी सहमत हो गया है कि यदि आवश्यकता हुई तो जल सप्लाई योजना के तीसरे चरण और 500 बिस्तरों के अस्पताल के लिए दो करोड़ रुपया और मुहैया करवा दिया जाएगा। श्री राय ने वर्ष 1992 की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मौलीजागरा में पुनर्वास योजना के तहत 3187 यूनिट तैयार करने का लक्ष्य पूरा कर लिया गया है और मनीमाजरा की इंदिरा कालोनी में 1420 यूनिटों में से 1380 यूनिटें तैयार हो गई है। जहां तक लेबर कालोनी नं. 4 का संबंध है उसके लिए 3868 यूनिटों को तैयार करने की योजना बनाई गई है। पलसौरा में 3267 में ी 1800 यूनिटें तैयार हो चुकी है। उन्होंने बताया कि पुनर्वास योजना का सारा कार्य आगामी दो सालों में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पेयजल योजना के तीसरे चरण का लगभग 60 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है और शेष कार्य भी 1993 के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी गर्मी के मौसम से पूर्व चार ट्यूबवैल और लगा लिए जाएंगे। श्री राय ने यह भी बताया कि अगले साल बिजली आपूर्ति में वृद्धि होगी। सचिवालय के नजदीक 66 केवी सब स्टेशन चालू होने वाला है। स्वास्थ्य सेवाओं का जिकर करते हुए श्री राय ने कहा कि परिवार नियोजन वाटिकाकरण का शत प्रतिशत लक्ष्य पूरा कर लिया गया है। गत वर्ष 5 लाख 76 हजार निरोध बांटने के लक्ष्य के बदले में 9 लाख 73 हजार 440 निरोध बांटे गए। उन्होंने कहा कि साक्षारता अभियान जोकि मई 1992 में चलाया गया था, के तहत पहले चरण में 23 हजार लोगों पर पंजीकरण किया गया है। उन्होंने आशा व्यक्त कि अप्रैल 93 तक पूर्ण साक्षारता का लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1492- इटली के सिसली क्षेत्र से 100,000 यहूदियों को निकाला गया।

1600- ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना हुई।

1781- अमेरिका में पहला बैंक 'बैंक ऑफ नॉर्थ अमेरिका' में खुला।

1802- पेशवा बाजी राव द्वितीय ब्रिटिश संरक्षण में आए।

1857- क्वीन विक्टोरिया ने ओटावा को कनाडा की राजधानी घोषित किया।

1861- असम के चेरापूँजी में 22990 मिमि बारिश हुई जो विश्व में किसी भी स्थल पर होने वाली सर्वाधिक बारिश है।

1866- कृष्ण बल्लभ सहाय का जन्म। वह बिहार के मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी थे।

1929- लाहौर में आधी रात को महात्मा गांधी ने कांग्रेस के साथ 'पूर्ण स्वराज' का संकल्प लिया।

1943- हॉलीवुड अभिनेता बेन किंग्सले का जन्म। इंग्लैंड के यार्कशर में पैदा हुए बेन ने 1982 में फिल्म 'गांधी' में मुख्य भूमिका निभाई थी।

1949- विश्व के 18 देशों ने इंडोनेशिया को मान्यता दी।

1956- मध्य प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री रविशंकर शुक्ल का निधन।

1972- बेसबॉल के महान खिलाड़ी रोबर्टो क्लेमेंट की एक विमान दुर्घटना में मौत। वह निकारागुआ के भूकंप पीड़ितों के लिए एकत्र राहत सामग्री लेकर जा रहे थे।

1984- राजीव गांधी 40 वर्ष की उम्र में भारत के सातवें प्रधानमंत्री बने।

1984- मो. अज़हरुद्दीन ने इंग्लैंड के ख़िलाफ़ टेस्ट मैच खेलकर अपने अंतर्राष्ट्रीए क्रिकेट जीवन की शुरुआत की।

1999- अमेरिका ने पनामा नहर का नियंत्रण आधिकारिक तौर पर पनामा के हवाले किया।

2004- ताइपे, ताइवान में 508 मीटर ऊंची इमारत का उद्घाटन किया गया। उस समय इसके दुनिया की सबसे ऊंची इमारत होने का दावा किया गया था।

2014- चीन के शंघाई शहर में नववर्ष की पूर्व संध्या पर भगदड़ में 36 लोगों की मौत, 49 लोग घायल।


2018- कादर ख़ान का निधन। वग हिन्दी फ़िल्म हास्य अभिनेता एवं निर्देशक थे।

2019- चीन ने विश्व स्वास्थ्य संगठन को वुहान शहर में अज्ञात कारण से निमोनिया के मामलों की जानकारी दी। जो बाद में कोविड-19 वायरस निकला।

2022- पोप बेनेडिक्ट XVI का निधन।

## बोल ब्यूटीफुल

**तसलीमा नसरीन:** बांग्लादेश में एक प्रमुख राजनीति पार्टी अवामी लीग को



प्रतिबंधित कर कराया जा रहा चुनाव दिखावा मात्र है। क्या ऐसे चुनाव की कोई वैधता हो सकती है? यह 2018 में शेख हसीना द्वारा कराए गए दिखावटी चुनाव से अलग नहीं है।

**प्रभाकर कुमार मिश्र:** अब कोई नहीं बोलेगा कि सुप्रीम कोर्ट केवल बड़े लोगों और आतंकियों के मामले में जल्दी/आधी रात सुनवाई करता है। सर्दी की छुट्टियों के दौरान कुलदीप सेंगर और अरावली जैसे मामलों में जनता की भावनाओं के अनुरूप दो फैसले देकर सीजेआइ जस्टिस सूर्यकांत ने उस नैरेटिव को ध्वस्त कर दिया।

**राजदीप सरदेसाई:** एक घंटे में सुप्रीम कोर्ट ने दो अहम आदेश दिए-अरावली पहाड़ियों की परिभाषा पर विराम लगाया और विस्तृत अध्ययन के लिए एक और विशेषज्ञ समिति के गठन का प्रस्ताव किया। कुलदीप सेंगर की सजा निलंबित करने वाले हाईकोर्ट के आदेश पर रोक के साथ लोक सेवक की परिभाषा पर सवाल उठाया। उम्मीद अब भी जिंदा है।

# जब न्याय ने स्वयं को याद दिलाया कि वह सत्ता नहीं, संकल्प है

**दैनिक अर्थ प्रकाश**

न्याय के इतिहास में कुछ क्षण ऐसे होते हैं, जब सर्वोच्च अदालत अपने निर्णयों से केवल कानून नहीं बोलती, बल्कि राष्ट्र की अंतरात्मा को दिशा देती है। सुप्रीम कोर्ट की न्यायिक दूरदर्शिता, संवेदनशीलता और साहस की जितनी प्रशंसा की जाए, उतनी कम है। 29 दिसंबर 2025 को मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ द्वारा दिए गए दो महत्त्वपूर्ण फैसलों ने यह स्पष्ट कर दिया कि देश की सर्वोच्च अदालत मात्र विधिक व्याख्याकार नहीं, बल्कि संविधान की आत्मा की सजग और सशक्त संरक्षक है। एक ओर आरावली पर्वतमाला से जुड़े मामले में स्वतः संज्ञान लेकर पूर्व आदेश पर रोक लगाई गई, तो दूसरी ओर उन्नाव प्रकरण में दोषी कुलदीप सिंह सेंगर को दी गई राहत को तत्काल निलंबित किया गया। ये दोनों निर्णय पर्यावरण संरक्षण और पीड़ित अधिकारों की रक्षा में ऐतिहासिक मील के पत्थर हैं। इनके माध्यम से न्यायपालिका की सक्रियता, नैतिक प्रतिबद्धता और जनहित के प्रति उसकी अडिग व निर्भीक दृष्टि पूरी स्पष्टता से उभरकर सामने आती है।

आरावली से जुड़ा नवंबर 20, 2025 का निर्णय का निर्णय खनन गतिविधियों के लिए अप्रत्यक्ष रूप से रास्ता खोल सकता था, जिससे पर्यावरणीय संतुलन पर गंभीर संकट उत्पन्न होने की आशंका थी। 100 मीटर ऊंचाई और 500 मीटर दूरी की नई परिभाषा के कारण विशाल भू-भाग संरक्षण के दायरे से बाहर जा सकता था। पर्यावरणविदों और नागरिक समाज में इससे गहरी चिंता फैल गई थी। ऐसे समय में सुप्रीम कोर्ट का स्वतः संज्ञान लेकर उस आदेश पर रोक लगाना न्यायिक सजगता का उत्कृष्ट उदाहरण है। अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया कि पर्यावरण जैसे संवेदनशील विषयों में जल्दबाजी घातक हो सकती है। उच्चस्तरीय विशेषज्ञ समिति के गठन का आदेश दूरदर्शी सोच को दर्शाता है।

आरावली पर्वतमाला केवल पहाड़ियों का समूह नहीं, बल्कि उत्तर भारत की जीवनरेखा है। यह भूजल संरक्षण, जैव विविधता, जलवायु संतुलन और मरुस्थलीकरण रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पर्यावरणविदों की आशंका के अनुसार, लगभग 90 प्रतिशत क्षेत्र संरक्षण से बाहर हो सकता था। सुप्रीम कोर्ट की रोक ने न केवल पर्यावरणीय विनाश को थामा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रकृति की रक्षा का संकल्प भी दोहराया। विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों और तकनीकी जानकारों से युक्त समिति के माध्यम से बहुआयामी अध्ययन का निर्देश देना यह दर्शाता है कि अदालत भावनाओं से नहीं, विवेक और विज्ञान से निर्णय ले रही है। यह विकास और संरक्षण के संतुलन की सशक्त मिसाल है।

उधर उन्नाव मामला भारतीय न्याय व्यवस्था के सबसे संवेदनशील और पीड़ादायक अध्यायों में से एक रहा है। पीड़िता ने एक प्रभावशाली राजनेता के विरुद्ध न्याय की लड़ाई लड़ी, जिसमें उसे और उसके परिवार को असहनीय यातनाएं झेलनी पड़ीं। पिता की हिरासत में मौत, परिवार पर हमले और लगातार धमकियों के बावजूद उसने हार नहीं मानी। ऐसे में दिसंबर 23, 2025 को दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा कुलदीप सिंह सेंगर की उम्रकैद निलंबित किए जाने से समाज में आक्रोश और निराशा फैलना स्वाभाविक था। यह निर्णय पीड़ित पक्ष के घावों को फिर से हरा करने वाला प्रतीत हुआ और न्याय पर



विश्वास डगमगाने लगा।

सीबीआई की अपील पर सुप्रीम कोर्ट ने जिस तत्परता से हस्तक्षेप किया, उसने भरोसे को फिर से मजबूत किया। अदालत ने हाईकोर्ट के आदेश पर तत्काल रोक लगाते हुए स्पष्ट संदेश दिया कि जघन्य अपराधों में राहत अपवाद नहीं बन सकती। न्यायालय ने यह भी रेखांकित किया कि ऐसे मामलों में संवेदनशीलता सर्वोपरि होनी चाहिए। यह फैसला केवल एक आरोपी की रिहाई रोकने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह उस सोच को खारिज करता है जिसमें सत्ता, प्रभाव या सहानुभूति के आधार पर अपराध की गंभीरता कम आंकी जाती है। पीड़िता की पीड़ा को न्यायिक मान्यता मिलना लोकतंत्र के लिए अत्यंत आवश्यक था।

इन दोनों मामलों में सुप्रीम कोर्ट की भूमिका न्यायिक सक्रियता की उत्कृष्ट मिसाल बनकर उभरी है। जब कभी कार्यपालिका या अन्य संस्थाएं दबाव, असमंजस या चुप्पी का रास्ता अपनाती हैं, तब न्यायपालिका का हस्तक्षेप लोकतंत्र को संतुलित करता है। आरावली प्रकरण में स्वतः संज्ञान और उन्नाव मामले में त्वरित रोक यह दर्शाती है कि अदालत जनभावनाओं और संवैधानिक मूल्यों दोनों के प्रति सजग है। यह सक्रियता केवल अधिकार क्षेत्र का प्रयोग नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का निर्वहन है। इससे आम नागरिक का यह विश्वास गहराता है कि न्याय व्यवस्था निष्क्रिय नहीं, बल्कि सतत जागरूक और जीवंत संस्था है।

सुप्रीम कोर्ट के ये निर्णय इस सत्य को और अधिक प्रखरता से स्थापित करते हैं कि न्याय केवल विधिक धाराओं की औपचारिक व्याख्या नहीं, बल्कि नैतिक साहस, संवेदनशील विवेक और संवैधानिक प्रतिबद्धता का जीवंत स्वरूप है। दबावों की आँधी, राजनीतिक प्रभावों की परछाइयाँ और सामाजिक शोरगुल जब सत्य को ढकने का प्रयास करते हैं, तब न्याय के पक्ष में अडिग खड़ा होना असाधारण दृढ़ता की मांग करता है। सर्वोच्च अदालत ने यह स्पष्ट कर दिया कि उसके लिए संविधान किसी सुविधा का दस्तावेज नहीं, बल्कि सर्वोच्च मूल्य है। आरावली प्रकरण में विशेषज्ञ समिति का गठन हो या उन्नाव मामले में अनुचित राहत पर सख्त रोक–दोनों फैसले संतुलन, दूरदर्शिता और विवेकपूर्ण साहस की अनुपम मिसाल हैं। ये निर्णय प्रमाणित करते हैं कि न्यायालय तात्कालिक दबावों या प्रभावशाली वर्गों से संचालित नहीं होता, बल्कि जनहित, नैतिकता और दीर्घकालिक राष्ट्रीय हित को अपने केंद्र में रखकर निर्णय करता है।

आरावली और उन्नाव से जुड़े ये ऐतिहासिक फैसले भारतीय न्यायपालिका की आंतरिक शक्ति, मानवीय संवेदना और अडिग प्रतिबद्धता के उज्ज्वल प्रतीक बनकर उभरे हैं। एक ओर सदियों पुरानी प्रकृति की मौन पीड़ा को स्वर मिला, तो दूसरी ओर अत्याचार से पीड़ित नारी की करुण पुकार को न्याय की संबल भरी स्वीकृति प्राप्त हुई। यह संविधान की उस जीवंत आत्मा का प्रकटीकरण है, जिसमें मानव गरिमा और पर्यावरण संरक्षण समान आदर के अधिकारी हैं। जब समय की कसौटी पर संस्थाएं डगमगाने लगती हैं, तब सर्वोच्च न्यायालय का हस्तक्षेप यह सिद्ध करता है कि न्याय कभी निर्बल नहीं होता, न ही परिस्थितियों के आगे समर्पण करता है। ये निर्णय आने वाली पीढ़ियों के लिए नैतिक प्रकाशस्तंभ बनेंगे और यह अटल संदेश देंगे कि भारत में न्याय आज भी जाग्रत है, सजग है और साहसपूर्वक सत्य के पक्ष में खड़ा है।

## एग्रीस्टैक में किसानों का पंजीकरण बनाएगा उनकी डिजिटल पहचान

**सोलन (यशपाल कपूर)।** कृषि को आधुनिक व प्रभावी बनाने के लिए कृषि विभाग एग्रीस्टैक में किसानों का पंजीकरण करवा रहा है। यह जानकारी उप निदेशक कृषि डॉ. देव राज कश्यप ने दी।

उप निदेशक ने कहा कि एग्रीस्टैक एक डिजिटल इकोसिस्टम का आधार है। यह सिस्टम किसानों का पूरा डाटाबेस (भूमि, आय व ऋण) तैयार करता है। इससे किसानों की पहुंच सीधे बा?ार तक, योजनाओं का त्वरित लाभ मिलने, फसल प्रबंधन, पारदर्शिता व बेहतर डिजिटल पहचान व सशक्त राष्ट्रीय डिजिटल पहचान बनेगी ताकि किसानों की आय बढ़ सके।

डॉ. देव राज कश्यप ने कहा कि एग्रीस्टैक में पंजीकरण के लिए किसानों का आधार कार्ड व इससे जु?ा फोन नंबर तथा जमाबंदी नंबर की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि किसान जनसेवा केंद्र (सी.एस.सी.) या किसान मित्र केंद्र में जाकर निःशुल्क पंजीकरण करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पंजीकरण पर होने वाला व्यय सरकार वहन करेगी। उन्होंने सभी किसानों व प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से जुड़े परिवारों से आग्रह किया कि एग्रीस्टैक में अपना पंजीकरण करवाएं।

मुख्य सचिव ने की हिम एमएसएमई फेस्ट-2026 की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता

# 3 से 5 जनवरी तक होगा एमएसएमई फेस्ट–2026

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा



**शिमला।** मुख्य सचिव संजय कुमार गुप्ता ने आज आगामी हिम एमएसएमई फेस्ट-2026 तथा संबंधित अंतर-विभागीय बिंदुओं की प्रगति की समीक्षा के लिए आयोजित एक बैठक की अध्यक्षता की। यह फेस्ट 3 से 5 जनवरी 2026 तक शिमला के रिज तथा पीटरहॉफ होटल में आयोजित होगा।

मुख्य सचिव ने कहा कि हिम एमएसएमई फेस्ट-2026 का एक प्रमुख आकर्षण उद्योग विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 4 जनवरी, 2026 को पीटरहॉफ होटल, शिमला में 'सीईओ इंटरेक्शन - निवेश एवं औद्योगिक विकास के लिए रणनीतिक नेतृत्व संवाद' का आयोजन है। उन्होंने कहा कि यह उच्च स्तरीय संवाद मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की गरिमापूर्ण उपस्थिति में आयोजित होगा।

उन्होंने कहा कि प्राथमिकता वाले यह विशेष नेतृत्व संवाद उभरते क्षेत्रोंकृ फार्मास्यूटिकल्स, ग्रीन मोबिलिटी, फूड प्रोसेसिंग, डेयरी, डेटा सेंटर्स तथा डिफेंस से भारत एवं विदेश के प्रमुख मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ), प्रबंध निदेशकों, प्रोमोटरों तथा उद्योग नेताओं को एक साथ सामने लेकर आएगा।

इसे एक संरचित व्यवसाय-से-सरकार (बी2जी) मंच के रूप में परिकल्पित किया गया है, जो राज्य में निवेश अवसरों, नीति प्रोत्साहनों, नियामक सुधारों तथा दीर्घकालिक औद्योगिक विकास संभावनाओं पर सार्थक चर्चाओं को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखता है। यह पहल राज्य सरकार की सहयोगी शासन व्यवस्था, निवेशक-केंद्रित नीति निर्माण तथा कारोबार सुगमता के प्रति प्रतिबद्धता को समक्ष रखती है, जो हिमाचल प्रदेश को भविष्य में सतत एवं वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धा निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करेगी।

मुख्य सचिव ने कहा कि इस संवाद का उद्देश्य उद्योगपतियों एवं सरकार के बीच प्रत्यक्ष समन्वय स्थापित करना, निवेशकों की अपेक्षाओं एवं दृष्टिकोण को जानना तथा प्रमुख निवेश, औद्योगिक क्लस्टर तथा मूल्य-श्रृंखला एकीकरण विशेषकर एमएसएमई से जु? विनिर्माण क्षेत्रों के अवसरों को सामने लाना है। यह ब? उद्यमों एवं स्थानीय एमएसएमई के बीच सहयोग को प्रोत्साहित कर समावेशी एवं सतत औद्योगिक विकास को गति प्रदान करेगा।

उद्योग निदेशक डॉ. यूनुस ने प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय उद्योग जगत के उद्योगपतियों की भागीदारी, उद्योग विभाग द्वारा नीति संबोधन एवं वि?न प्रस्तुति, क्षेत्र-विशिष्ट गोलमेज चर्चाएं, उद्योग नेताओं एवं वरिष्ठ अधिकारियों के बीच बैठकें तथा सहयोग/समझौता ज्ञापनों (एमओसी/एमओयू) एवं निवेश प्रस्ताव घोषणाओं के लिए मंच शामिल हैं। यह सीईओ इंटरेक्शन निवेशक विश्वास को सुदृ? करेगा, नए प्रस्तावों एवं विस्तार योजनाओं की पहचान, औद्योगिक एवं एमएसएमई नीतियों को परिष्कृत करने के अलावा सतत, प्रौद्योगिकी संचालित एवं रोजगार-उन्मुख विकास के लिए स्पष्ट मार्गदर्शिका तैयार करेगा। हिम एमएसएमई फेस्ट-2026 का यह आधार स्तंभ निवेश सुविधा, सहयोगी शासन तथा एमएसएमई आधारित आर्थिक परिवर्तन के प्रति राज्य की दृ? प्रतिबद्धता को सशक्त बनाएगा।

निदेशक उद्योग ने बताया कि रिज पर एमएसएमई प्रदर्शनी के अलावा हथकरघा, हस्तशिल्प तथा अन्य जीआई-टैग वाले उत्पाद प्रदर्शित होंगे, जिसमें फेस्ट का उद्घाटन समारोह, स्टार्ट-अप पुरस्कार, फैशन शो तथा सांस्कृतिक संध्या शामिल हैं। 4 जनवरी को पीटरहॉफ में होने वाली गतिविधियों में महिल उद्यमी सम्मेलन, स्टार्ट-अप निवेशक मीट, सीईओ गोलमेज सम्मेलन, प्रत्यक्ष बैठकें तथा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट ख़रीदार-विक्रेता मीट प्रमुख हैं।

इस अवसर पर अन्यों के अलावा उपायुक्त अनुपम कश्यप, एसपी संजीव गांधी, अभिषेक, उद्योग अतिरिक्त निदेशक (एमएसएमई), सोलन डीएफओ तथा भाषा एवं संस्कृति विभाग तथा शिमला नगर निगम के अधिकारी भी उपस्थित थे।



## मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के वर्ष 2026 के कैलेंडर किए जारी

अर्थ प्रकाश/अरविंद शर्मा

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज यहां राज्य सरकार के वर्ष 2026 के कैलेंडर जारी किए। इन कैलेंडरों में राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं की झलक प्रदर्शित की गई है। राज्य सरकार का एक कैलेंडर 'चिटटा मुक्त हिमाचल' विषय पर आधारित है। ये कैलेंडर हिमाचल प्रदेश मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग द्वारा प्रकाशित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड का कैलेंडर भी जारी किया। कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी, आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा, विधायक संजय अवस्थी, हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव कंवर, अध्यक्ष वूलफेड मनोज कुमार, मुख्य सचिव संजय गुप्ता, सचिव प्रियंका बसु, नियंत्रक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग प्रभा राजीव तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

### आयुष विभाग का कैलेंडर किया जारी

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने आज यहां आयुष विभाग का कैलेंडर-2026 जारी किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, कृषि मंत्री चंद्र कुमार, उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और आयुष मंत्री यादविंदर गोमा तथा अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## एसी समुदाय की शिकायतों का शीघ्र, निष्पक्ष और संवेदनशीलता से निपटारा हो : कुलदीप धीमान

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान की अध्यक्षता में ऊना में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर पुलिस प्रशासन ऊना के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य अनुसूचित वर्ग के लोगों को न्याय दिलाना व उनकी शिकायतों का समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित करना रहा।

बैठक को संबोधित करते हुए एससी आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार धीमान ने पुलिस प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति के लोगों से संबंधित जो भी शिकायतें पुलिस के पास प्राप्त हों, उनका शीघ्र, निष्पक्ष और संवेदनशीलता के साथ निपटारा किया जाए। साथ ही ऐसी सभी शिकायतों की नियमित जानकारी एससी आयोग को भी उपलब्ध करवाई जाए, ताकि मामलों की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित की जा सके। धीमान ने कहा कि अनुसूचित जाति आयोग दलित परिवारों के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित है और उनके अधिकारों व हितों की रक्षा करना आयोग का प्रमुख दायित्व है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा एससी आयोग का कार्यालय ऊना में स्थापित किया गया है, जिससे अब ऊना जिला ही नहीं बल्कि पूरे हिमाचल प्रदेश के अनुसूचित वर्ग के लोगों को और अधिक प्रभावी ढंग से सहायता प्रदान की जा सकेगी। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी अनुसूचित जाति के व्यक्ति को किसी भी स्तर पर असुविधा न हो और न्याय में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। प्रशासन को इस दिशा में तत्परता के साथ-साथ संवेदनशील होकर कार्य करना होगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ऊना अमित यादव ने आयोग को आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन ऊना, एससी आयोग के साथ पूर्ण समन्वय बनाकर कार्य करेगा।

उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति से संबंधित मामलों में त्वरित कार्रवाई, पी?ितों को न्याय और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि किसी भी वर्ग के व्यक्ति को असहज स्थिति का सामना न करना पड़े। बैठक में एससी आयोग के सदस्य दिगविजय मल्होत्रा, विजय डोगरा, सदस्य सचिव विनय मोदी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव भाटिया, डीएसपी ऊना अजय ठाकुर तथा डीएसपी अम्ब अनिल पटियाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## नशा निवारण और सड़क सुरक्षा पर प्रतिबद्ध प्रशासन : उपायुक्त जतिन लाल

डीसी ने ली एन-कॉर्ड व जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठकें

अर्थ प्रकाश/रोहित शर्मा



**ऊना।** उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने कहा कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा नशे से जुड़ी गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समन्वित एवं सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

वे मंगलवार को डीआरडीए बैठक हाल में राष्ट्रीय नार्को समन्वय पोर्टल (एन-कॉर्ड) के तहत गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति तथा इसके उपरांत आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठकों की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठकों में पुलिस अधीक्षक अमित यादव, जिले के सभी एसडीएम, पुलिस एवं आबकारी विभाग के अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

एन-कॉर्ड बैठक के दौरान उपायुक्त ने नशे के विरुद्ध जागरूकता पर विशेष बल देते हुए कहा कि जिले के सभी स्कूलों में प्रतिदिन मॉर्निंग प्रेयर के दौरान नशा निवारण एवं जागरूकता से संबंधित प्रतिज्ञा दिलाई जाएगी। इसके लिए सभी शिक्षण संस्थानों को एक समान (यूनिफॉर्म) प्रतिज्ञा प्रारूप उपलब्ध करवाया जाएगा।

**पंचायतों में गठित नशा निवारण समितियों की सक्रियता पर ज़ोर :** जतिन लाल ने जिले की सभी पंचायतों में गठित नशा निवारण समितियों की सक्रियता पर बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम प्रत्येक माह इन समितियों की बैठकों की कार्यवाही का विवरण अनिवार्य रूप से उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध करवाएं।

उन्होंने बताया कि जिले की सभी 245 ग्राम पंचायतों में नशा निवारण समितियों का गठन किया जा चुका है। इनके माध्यम से नशे के विरुद्ध संगठित एवं निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। चिट्टे को लेकर जिले की 10 संवेदनशील पंचायतों पर विशेष फोकस रखते हुए निगरानी एवं जागरूकता गतिविधियों को और सशक्त किया गया है।

उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश में चल रहे एंटी-चिट्टा अभियान के तहत आगामी समय में जिले में एक बड़ी जागरूकता पदयात्रा (वॉकाथॉन) आयोजित की जाएगी। इसमें सभी शिक्षण संस्थानों के साथ-साथ नशा निवारण समितियों, सामाजिक संस्थाओं एवं आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का स्पष्ट लक्ष्य नशामुक्त हिमाचल का निर्माण है और इसी उद्देश्य से प्रदेश सरकार चिट्टे के खिलाफ व्यापक स्तर पर अभियान चला रही है, जिसमें जनभागीदारी सबसे अहम कड़ी है।

### जनवरी में मनाया जाएगा सड़क सुरक्षा माह

इसके उपरांत आयोजित जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त ने बताया कि जनवरी माह को जिले में सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाया जाएगा। इस दौरान विशेष रूप से जन-जागरूकता गतिविधियों पर जोर दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स की निरंतर पहचान कर वहां आवश्यक सुधार कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले के सभी मुख्य बाजार क्षेत्रों में घोषित नो पार्किंग एवं नो वेंडिंग जोन की नियमित निगरानी करने तथा आमजन की सुविधा के लिए ऐसे स्थानों पर सूचनात्मक बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए।


### सड़क सुरक्षा में सख्ती से दिखा सुधार : एसपी

बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित यादव ने बताया कि सड़क सुरक्षा में सख्ती के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। बडूहीङ्कअम्ब सड़क मार्ग पर, जहां पहले प्रतिदिन कई दुर्घटनाएं होती थीं, वहां बीते एक माह में दुर्घटनाओं में उल्लेखनीय कमी आई है और दिन के समय दुर्घटनाएं लगभग शून्य हो गई हैं। उन्होंने कहा कि यह सुधार बैरिकेडिंग, इंटरसेप्टर वाहनों की तैनाती, पुलिस की निरंतर मौजूदगी तथा कानून का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के कारण संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता अनुसार और संकेतक एवं बैरिकेड्स भी लगाए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### जमीन को लेकर किए हो रहे घोटाले की निष्पक्ष जांच हो : सत्ती

**ऊना (रोहित शर्मा)।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं ऊना विधानसभा क्षेत्र के विधायक का सतपाल सिंह सत्ती ने कहा है कि विधानसभा क्षेत्र के लालसिंगी में लोगों की जमीन को लेकर किए जा रहे घोटाले की निष्पक्ष जांच करते हुए दोषी लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए। विधायक ने



कहा कि मुख्यमंत्री को यह स्पष्ट करना चाहिए कि जिन अधिकारियों को रिश्वत कांड में पकड़ा गया था, उन्हें किसके इशारे पर बार-बार एक्सटेंशन देकर राजस्व विभाग में और बड़े घोटाले करने के लिए लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दागी अधिकारियों को लेकर पहले भी आवाज उठाई गई थी लेकिन सरकार इन्हीं अधिकारियों का साथ देती नजर आ रही है। और अब भी सरकार द्वारा भू माफिया से जुड़े लोगों के इशारे पर ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर लोगों की जमीन चहेतों के नाम करने का काम किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि हैरानी की बात यह है कि जिला मुख्यालय पर इतना बड़ा गोली कांड होने के बावजूद मुख्यमंत्री माफिया के तले दबे पड़े हैं। हालत यह है कि आम जनता का ध्यान भटकने के लिए जनता को ही प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से प्रताड़ित किया जा रहा है। जबकि सरकार को उंगलियों पर नाचने वाले माफिया के लिए सरकार हर काम करने को तैयार बैठी है। उन्होंने कहा कि लालसिंगी गांव के लोगों द्वारा बार-बार उनकी जमीनों को लेकर की जा रही छेड़छाड़ के बारे में सरकार के समक्ष बात उठाई गई, लेकिन अंधी और बहरी हो चुकी सरकार आम जनमानस के दुख दर्द को सुनने के लिए ही तैयार नहीं है।

## कांग्रेस नेताओं के दोहरे चेहरे उजागर, केंद्र की उदार सहायता पर भी कृतघ्न रवैया : जिला सचिव मिन्हास

अर्थ प्रकाश/शिल्पा शर्मा



**हमीरपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला सचिव एवं अणु पंचायत के पूर्व प्रधान सुरिंदर मिन्हास ने कहा है कि कांग्रेस नेताओं का दोहरा चेहरा अब पूरी तरह जनता के सामने आ चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा बार-बार हिमाचल प्रदेश को राहत एवं विकास पैकेज दिए जाने के बावजूद कांग्रेस नेताओं का रवैया कृतघ्नता से भरा हुआ है।

सुरिंदर मिन्हास ने कहा कि हाल ही में केंद्र सरकार ने पीएनडीए के माध्यम से लगभग 602 करोड़ रुपये की राहत राशि प्रदेश को जारी की है। इसके साथ ही केंद्र सरकार पिछले तीन साल में अब तक कुल मिलाकर लगभग 6000 करोड़ रुपये की सहायता हिमाचल प्रदेश को दे चुकी है। इसके बावजूद कांग्रेस नेता केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त करने के बजाय इस राहत राशि का अनुचित श्रेय लेने की होड़ में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि यही वे नेता हैं जो लंबे समय तक राहत पैकेज के लिए शोर मचाते रहे, लेकिन अब जब केंद्र ने उदारता दिखाते हुए सहायता दी है तो उनका रवैया पूरी तरह बदल गया है।

मिन्हास ने कहा कि कुछ कांग्रेस नेता मीडिया में निरर्थक और आधारहीन बयान दे रहे हैं, लेकिन उनकी हताशा को आसानी से समझा जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांग्रेस के एक धड़े के नेताओं को कोई महत्व नहीं दिया है, जिसके चलते ऐसे नेता मुख्यमंत्री को खुश करने के लिए भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं।

उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल के नेतृत्व वाली भाजपा सरकारों को याद करते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश ने वास्तविक विकास उन्हीं के कार्यकाल में देखा। धूमल सरकार के दौरान प्रदेश में सड़क, बिजली और जल आपूर्ति के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिली, हमीरपुर मेडिकल कॉलेज, आईआईटी मंडी की स्थापना, औद्योगिक निवेश को बढ़ावा, ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क नेटवर्क का विस्तार तथा प्रशासनिक पारदर्शिता जैसे कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए, जिनका लाभ आज भी प्रदेश की जनता को मिल रहा है।

सुरिंदर मिन्हास ने कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को पहला अत्याधुनिक रिसर्च एंड इनोवेशन पार्क देने का निर्णय लिया है, जिसके लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा लगभग 250 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह उपलब्धि पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के सतत प्रयासों का परिणाम है। मिन्हास ने कहा कि अनुराग ठाकुर ने अपने कार्यकाल में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र और पूरे प्रदेश के लिए अनेक विकास परियोजनाएं दिलाईं, जिनमें शैक्षणिक संस्थानों का विस्तार, खेल अवसंरचना का विकास, युवाओं के लिए रोजगार और कौशल विकास के अवसर तथा केंद्र से रिकॉर्ड स्तर की वित्तीय सहायता शामिल है।

अंत में सुरिंदर मिन्हास ने प्रदेश सरकार और कांग्रेस नेताओं को सलाह दी कि वे मीडिया में हास्यास्पद बयान देकर दिल्ली में बैठे अपने आकाओं को खुश करने के बजाय प्रदेश के हित में पूरी दक्षता और ईमानदारी से काम करें।

## स्वास्थ्य मंत्री ने मंत्रिमंडलीय उप-समिति की बैठक की अध्यक्षता की



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने आज यहां नाहन मेडिकल कॉलेज के विस्तार से संबंधित मंत्रिमंडलीय उप-समिति की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उप-समिति के सदस्य उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी भी उपस्थित रहे।

डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने बताया कि डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नाहन के निर्माण को वर्ष 2018 में 260.70 करो? रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसी और कार्यकारी एजेंसी के बीच विवाद के चलते जून, 2022 में निर्माण कार्य रोक दिया गया था तथा उस समय तक निर्माण कार्य में केवल 7 प्रतिशत भौतिक प्रगति ही हो पाई थी। मंत्रिमंडलीय उप-समिति ने डॉ. यशवंत सिंह परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नाहन, के निर्माण कार्य को सुव्यवस्थित रूप से आगे ब?ाने के लिए उठाए जाने वाले विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

## पानी के नए बिलों से जनता परेशान, डीसी कुल्लू को सौंपा ज्ञापन प्रदेश सरकार से नई दरें हटाने की मांग

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा



**कुल्लू 30 दिसंबर।** हिमाचल प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में पानी के बिल नई दरों के अनुसार आने से आम जनता में भारी रोष देखने को मिल रहा है। कुल्लूङ्कमनाली क्षेत्र में भी लोग प्रदेश सरकार के फैसले से खासे नाराज़ हैं। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय कुल्लू में स्थानीय लोगों ने एकत्र होकर डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा और बढ़े हुए पानी के बिलों को वापस लेने की मांग की।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पानी के बिलों में अचानक की गई भारी बढ़ोतरी से आम जनमानस पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ गया है। नई दरों के चलते कई उपभोक्ताओं को हजारों रुपये के बिल थमाए जा रहे हैं, जिससे मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों के लिए गुज़ारा करना मुश्किल हो गया है। डीसी कार्यालय पहुंचे स्थानीय निवासियों ने प्रदेश सरकार पर मनमाने फैसले लेने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि कुल्लू जिला में पानी पहाड़ों के प्राकृतिक स्रोतों से गुरुत्वाकर्षण बल के जरिए शहर तक पहुंचता है।

यहां शिमला की तरह मोटरों या अतिरिक्त बिजली खर्च की आवश्यकता नहीं पड़ती, इसके बावजूद स्लैब सिस्टम लागू कर अत्यधिक बिल भेजे जा रहे हैं। लोगों ने सवाल उठाया कि ऐसी स्थिति में वे अपनी रोज़मर्रा की ज़रूरतें पूरी करें या फिर बढ़े हुए पानी के बिल चुकाएं।प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि प्रदेश सरकार तानाशाही रवैया छोड़ते हुए पानी की पुरानी दरों को बहाल करे। यदि बढ़ोतरी आवश्यक है तो वह नाममात्र की हो, ताकि आम नागरिक उसे आसानी से चुका सके।


**HIMACHAL PRADESH PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**
**NABARD RIDF XXXI**

The Superintending Engineer, 15th Circle, HPPWD, Una H.P. on behalf of Governor of H.P. invites the online bids on percentage rate basis in electronic tendering system, in 2 Cover System for the under mentioned works from the eligible and approved class of Contractors / Firms registered with HPPWD and HP Jal Shakti Vibhag (Contractors of HP Jal Shakti Vibhag are eligible to participate for the works having amount put to tender above Rs. 100 Lacs). Non registered contractors may submit the bids; however successful bidder has to register in appropriate class with appropriate authority in HPPWD.

| Sr. | District / Division | Name of the work | Estimated Cost (Rs. Lakh) (Rs. Lakh) (Exclusive of GST) | | Total Cost (Rs. Lakh) | Period of Completion | Bid Security (Rs. Lakh) The bid security is two percent of the total cost, rounded to the nearest thousand |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Construction | Maintenance | | | |
| 1. | Una/ Bharwain | Construction of 66.93mtr. Span (3 Span of 21.75mtr. in each ) Double Lane Bridge over Barrian Khad on link road Krishna Nagar to Chak via Barrian Koi & Radha Swami Satsang Ghar to Langyana Chitpurni Constituency Una at RD 3/940 Under NABARD RIDF-XXXI | 465.31 Lacs | - | 465.31 Lac | 12 months | 9.31 lacs |

Note:- The rates to be quoted by the bidder shall be inclusive of all taxes, royalties, duties and other levies that the contractor will have to pay for the performance of this contract but excluding GST, GST at prevalent rates will be added/ paid to the value offered by the bidder separately.

1. Cost of Bid Form:- Rs. 7,000/- (Non-refundable)
2. Availability of Bid Document and mode of submission: The bid document is available online and bid should be submitted online on website http://hptenders.gov.in. The bidders are advised to note the other details of the tenders from the website http://hptenders.gov.in

**3. Key Dates:**

1 Date of Online Publication — 31.12.2025 (12.00 HRS)
2 Document Download Start and End Date — 31.12.2025 (12.00 HRS upto 07.01.2026 (14.00 HRS)
3 Bid Submission Start and End Date — 31.12.2025 (12.00 HRS upto 07.01.2026 (14.00 HRS)
4 Physical Submission of Documents — As per uploaded SBD
5 Date of Technical Bid opening. 07.01.2026 (15.00 HRS)

RO No. 5338_2025-2026 AP No. 6884

Other details can be seen in the bidding documents. The officer inviting tender shall not be held liable for any delays due to system failure beyond its control. Even though the system will attempt to notify the bidders of any bid updates, the Employer shall not be liable for any information not received by the bidder. It is the bidders' responsibility to verify the website for the latest information related to the tender.

*(Er. DEVA NAND) Superintending Engineer 15th Circle, HP PWD, Una.*

### ऑब्जेक्शंस की फाइल एसीएस को भेजी

# पंचकूला में वार्डबंदी फाइनल, सरकार की मुहर का इंतजार

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा




**पंचकूला।** नगर निगम की वार्डबंदी की फाइनल नोटिफिकेशन आज ऑब्जेक्शंस के साथ हरियाणा सरकार के एसीएस के पास भेज दी गई। डीसी सतपाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई समिति के सामने कांग्रेस, जननायक जनता पार्टी और आम आदमी पार्टी के प्रतिनिधियों द्वारा आपत्तियां जताई गई थीं।

हालांकि, इन ऑब्जेक्शंस में कुछ को नोटिफिकेशन में जगह दी गई है, लेकिन हरियाणा की नायब सरकार की मुहर लगने के बाद ही मेयर चुनाव को फाइनल कर दिया जाएगा। इनमें से कुछ ने राज्य एवं राष्ट्रीय राजमार्गों के आर पार सेक्टरों को मिलाकर एक वार्ड बनने पर आपत्ति दर्ज कराई थी। वहीं सेक्टरों के गांवों और कॉलोनियों के साथ मिलकर एक वार्ड बनाने पर भी जिला प्रशासन को आपत्तियां मिली हैं। जिन वार्डों में पिछली वार्डबंदी के एरिया जोड़े गए या हटाए गए हैं, उनके संबंध में नेताओं ने जनसंख्या के आधार पर नोटिफिकेशन में बदलाव करने को गलत बताया क्योंकि वार्डों में नए एरिया शामिल होने के बाद उन्हें मिलती आ रहीं प्रशासनिक सुविधाओं के लिए नए सिरे से मशक्कत करनी पड़ेगी। सरकार को दस विभिन्न राजनीतिक दलों और संगठनों के आपत्ति व सुझाव मिले। जन नायक जनता दल की तरफ से वार्ड नंबर 2, 14 और 17 में की गई तब्दीली पर आपत्ति जताई।

**कांग्रेस और जजपा के ये ऑब्जेक्शंस :** कांग्रेस ने वार्डबंदी में 11 वार्डों जनसंख्या पर आपत्ति जताते हुए बिना सोचे समझे वार्ड एरिया को निर्धारित कर दिया, जो वार्डबंदी के नियम 7 का उल्लंघन है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एडवोकेट रविंदर रावल ने डीसी से मुलाकात के दौरान कई आपत्तियां उठाई।

उधर, जन नायक जनता पार्टी ने प्रशासन की वार्डबंदी कमेटी की रिपोर्ट में जनसंख्या के आंकड़ों पर सवाल उठाए हैं। जजपा के जिला अध्यक्ष ओपी सिहाग ने कहा है कि वार्डबंदी के गठन में नियमों एवं कानूनों की जमकर अनदेखी की गई और उल्लंघन हुआ है। **किस वार्ड में सेक्टर-गांव-कालोनी :** वार्ड 1 में सकेतड़ी, भैंसा टिब्बा, एमडीसी-6 और 4, कुल बूथ 10 कुल मतदाता 10, 629, वार्ड 2 एमडीसी सेक्टर 5, सेक्टर 2 और 6 बूथ 10 कुल मतदाता 11,090, वार्ड 3 में सेक्टर 7 और 8 बूथ 10 और कुलमतदाता 9558, वार्ड 4 में सेक्टर 9 और 10 बूथ 11 और कुल मतदाता 10442, वार्ड नंबर 5 में सेक्टर 15 बूथ 11 कुल मतदाता 11145, वार्ड 6 में सेक्टर 16, 17 और 18 में बूथ 9 और कुल मतदाता 8677, वार्ड 7 राजीव कालोनी बूथ 11 मतदाता 10551, वार्ड 8 इंदिरा कालोनी बूथ 6, बुढनपुर बूथ 8 जनसंख्या 8868, वार्ड 9 सेक्टर 19, औद्योगिक क्षेत्र फेज-2 बूथ 8 मतदाता 9026, वार्ड 10 अभयपुर, सेक्टर 14, औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 बूथ 10 कुल मतदाता 11349, वार्ड 11 में सेक्टर 12, 12ए रैली, रैला गांव बूथ 10 कुल मतदाता 11283, वार्ड 12 में सेक्टर 11, हरिपुर, सेक्टर 4 का कुछ हिस्सा बूथ 10 और कुल मतदाता 11620, वार्ड 14 में सैक्टर 21 का कुछ हिस्सा, महेशपुर, मद्रासी कालोनी, सेक्टर 20 में फतेहपुर गांव के नजदीक सोसाइटियां बूथ 12 कुल मतदाता 11819, वार्ड 15 सेक्टर 20, कुंडी गांव बूथ 8 मतदाता 8468, वार्ड नंबर 16 में चंडीकोटला, बीड घग्गर, खडग़ मंगोली बूथ 11 और कुल मतदाता 10964, वार्ड 17 खड? मंगोली का कुछ हिस्सा, चौकी गांव, सेक्टर 23, 24, 25, नग्गल मोगीनंद, नाडा कुल बूथ 13 कुल मतदाता 11923, वार्ड 18 बाना, मदनपुर, सेक्टर 26, 27, 28 बूथ 12 मतदाता 10519, वार्ड नंबर 19 रामगढ़, बिल्ला, जयवंतगढ़, दबकौरी, माणक्या, भानू बूथ 9 और कुल मतदाता 9183 और वार्ड 20 में कोट, खंगेसरा, टोका, अलीपुर, सुखदर्शनपुर, नग्गल, जलौली, खटौली बूथ 10 और कुल मतदाता की संख्या 9276 है।

**पंचकूला सीट आरक्षित या सामान्य, फैसला जल्द**

अब वार्डबंदी फाइनल होने के बाद पार्टियों का दमखम निगम चुनाव से पहले महापौर सीट की रिजर्वेशन पर दिखने वाला है, जहां देखना होगा कि ड्रा में पंचकूला क्षेत्र महिलाओं के लिए आरक्षित होता है या अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित होता है। उस समय काफी हद तक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी कि पंचकूला में होने वाले मेयर पद के चुनाव पर कौन टिकट की बाजी मारने में सफल होता है। यदि पंचकूला की सीट रिजर्व होती है तो तब कांग्रेस और भाजपा के पास कोई ऐसा मजबूत अनुसूचित जाति महिला प्रत्याशी नजर नहीं आ रही है, जो पार्टियों की नइया पार लगा सके। यानी बहुत कठिन है डगर पनघट की..। उस समय दोनों पार्टियां उन प्रत्याशियों पर दांव खेलेगी, जिनके पति राजनीति में एक्टिव हैं। इस संबंध में मेयर चुनाव को पंचकूला की सीट महिला आरक्षित होगी या नहीं, इस पर अब जल्द फैसला आ सकता है।

## नववर्ष समारोहों से पहले नयागांव पुलिस सख्त : अश्विनी चौधरी

अर्थ प्रकाश/जेके बत्ता



**न्यू- चंडीगढ़।** नयागांव के थाना प्रभारी ऐ एस आई अश्विनी चौधरी ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि जिला मोहाली के एस एस पी श्री हरमनदीप सिंह हंस के निर्देशों के अनुरूप तथा डीएसपी सिटी-1 श्री पृथ्वी सिंह चहल के निर्देशों सहित थाना प्रभारी ऐ एस आई अश्विनी चौधरी द्वारा अपनी नयागांव पुलिस टीम द्वारा नव वर्ष की पूर्व संध्या पर सुरक्षा को लेकर पुलिस सख्त - ड्रिंक एंड ड्राइव, हुल्लडबाजी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई की जायेगी ।

इस अभियान के दौरान नियमित गश्त और वाहनों की जांच की गई, ताकि गैरकानूनी गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके, सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके तथा देर रात बाजार में आने वाले नागरिकों और दुकानदारों में सुरक्षा की भावना पैदा की जा सके। महिला सुरक्षा को लेकर चाक-चौबंद व्यवस्थानए साल की पूर्व संध्या पर जालंधर पुलिस अलर्ट, बाजारों में कड़ी चेकिंग; हुल्लड़बाजी पर जीरो टॉलरेंस नव वर्ष के मद्देनजर शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। नयागांव पुलिस ने शहर के मुख्य चौराहों और भीड़ भाड़ वाले बाजारों में चेकिंग की। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस फोर्स द्वारा संदिग्ध वस्तु चेकिंग की और संदिग्ध लोगों से पूछताछ की। देर रात तक तैनात रहेगी और हुल्लड़बाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी, ताकि किसी भी आपराधिक वारदात को रोका जा सके। नयागांव के थाना प्रभारी ऐ एस आई अश्विनी चौधरी ने बताया कि ज्वेलरी शॉप्स सहित अन्य भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष चेकिंग की जा रही है, ताकि किसी भी तरह की आपराधिक वारदात को रोका जा सके।

## सिविल अस्पताल के लेबर रूम में लगी आग प्रसव पीड़ा में 12 पेशेंट गायनी वार्ड में शिफ्ट

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** सिविल अस्पताल की पहली मंजिल पर बने लेबर रूम में मंगलवार शाम को अचानक आग लग गई। लेबर रूम में तब 12 पेशेंट उपचार के लिए भर्ती थीं, जिनको आनन फानन में प्रसव पीड़ा में ही गायनी वार्ड में शिफ्ट किया गया। आग डॉक्टर के कमरे में लगे हीटर में थी।

आग लगते ही मौके इलेक्ट्रिक और फायर टीमों ने पहुंचकर आग बुझाने के प्रयास किए। आग लगने से धुआं दूसरी मंजिल में भी फैल गया था और सारी खिड़कियां और दरवाजे खोलने के बाद टीम और अधिकारी मौके का जायजा लेने पहुंच रहे थे।

अस्पताल के पीएमओ आरएस चौहान ने मौके पर पहुंचे कर्मचारियों को आग पर तुरंत नियंत्रण पाने और महिलाओं को सुरक्षित बाहर निकाने के निर्देश दिए। उन्होंने मीडिया को बताया कि लेबर रूम में बने डॉक्टर के कमरे की विंडो पर हीटर लगा था। जिसमें अचानक धुआं निकला और उसमें आग लग गई। लेबर रूम के बाहर खड़े एक मरीज के पति ने यह देखकर डॉक्टर को सूचित किया। उस समय डॉक्टर लेबर रूम में मरीज को अटेंड कर रही थी। तभी इलेक्ट्रिक टीम ने मौके पर पहुंचकर वार्ड की बिजली बंद कर दी और फिर आग पर फायर इंग्विशर से काबू पाया गया। लेकिन धुआं काफी फैलने से वहां मरीजों और बाहर खड़े लोगों में दहशत फैल गई। आनन फानन में लेबर रूम में उपचाराधीन महिलाओं को स्ट्रेचर की मदद से गायनी वार्ड मैंनशिफ्ट किया गया। यह भी बताया जा रहा है कि उपचाराधीन महिलाओं को प्रसव पीड़ा में वार्ड से शिफ्ट करना पड़ा। समाचार लिखे जाने तक मौके पर डॉक्टर और बचाव दल ने आग में जले हीटर को हटाया और क्षतिग्रस्त सामान का जायजा लिया।

## श्री माता मनसा देवी मंदिर में चोला अर्पित करने की ऑनलाइन प्रक्रिया 2 जनवरी 2026 से शुरू

**पंचकूला, 30 दिसंबर।** श्री माता मनसा देवी पूजास्थल बोर्ड की सीईओ श्रीमती निशा यादव ने बताया कि श्री माता मनसा देवी (मुख्य मन्दिर, पटियाला मन्दिर व सती मन्दिर), पंचकूला, श्री काली माता मन्दिर, कालका व श्री चण्डीमाता मन्दिर, चण्डीमन्दिर मंदिर में देवी को चोला अर्पित करने के लिये ऑनलाईन बुकिंग प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

निशा यादव ने बताया कि इस प्रक्रिया के माध्यम से माता को दिनांक 04.01.2026 से 17.02.2026 की अवधि के दौरान चोला अर्पित करने के लिये 02.01.2026 से ऑनलाइन बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर आरम्भ होगी। सभी इच्छुक श्रदालु लाभ उठाने के लिए पूजास्थल बोर्ड की वैबसाईट www.mansadevi.org.in पर रजिस्ट्रेशन कर प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकते हैं।

## सेक्टर-15 में अटल लाइब्रेरी शुरू, बच्चों का निखरेगा बच्चों का हुनर

**मेयर बोले पार्षद ने चुनाव के दौरान सेक्टरवासियों से किया था वादा**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** सेक्टर-15 में अटल लाइब्रेरी का विधिवत शुभारंभ महापौर कुलभूषण गोयल द्वारा किया गया। इस अवसर पर वार्ड पार्षद जय कौशिक ने महापौर का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, युवा, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। महापौर कुलभूषण गोयल ने कहा कि चुनाव के दौरान वार्ड पार्षद जय कौशिक ने सेक्टर-15 के निवासियों से अटल लाइब्रेरी स्थापित करने का जो वादा किया था, वह आज साकार हो गया है। यह लाइब्रेरी क्षेत्र के विद्यार्थियों और युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक केंद्र के रूप में कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के लिए शांत और संसाधन युक्त वातावरण उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है, ताकि बच्चों और युवाओं को आगे बढने के बेहतर अवसर मिल सकें।

वार्ड पार्षद जय कौशिक ने सभी अतिथियों और क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अटल लाइब्रेरी से न केवल छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं और शैक्षणिक तैयारी में सहायता मिलेगी, बल्कि यह लाइब्रेरी पढने की संस्कृति को भी प्रोत्साहित करेगी। नगर निगम पंचकूला के वार्ड नंबर-05, सेक्टर-15 में व्यापक स्तर पर विकास कार्य प्रस्तावित ही नहीं, बल्कि चरणबद्ध रूप से करवाए भी जा रहे हैं। इन कार्यों के अंतर्गत सेक्टर-15 स्थित रविदास भवन में अतिरिक्त कक्ष (कमरा) निर्माण का अनुमान तैयार किया गया है। क्लीनिक साइट नंबर-1 एवं राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बीच 60 मिमी मोटे इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक बिछाने के साथ-साथ सेक्टर के विभिन्न स्थानों पर इंटरलॉकिंग टाइलों की मरम्मत की जा रही है। आयरन मार्केट में प्लॉट नंबर-1 से 4 के सामने नई इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाई जा रही हैं। इसके अतिरिक्त राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के सामने तथा मकान नंबर 1532, 1533, 1169 और 1170 के पास दो नए पार्कों का निर्माण, सेक्टर-15 के विभिन्न पार्कों की मरम्मत एवं अनुरक्षण, औद्योगिक क्षेत्र फेज-1 व 2 में भगवान श्री परशुराम चौक का नवीनीकरण तथा आयरन मार्केट (रेहड़ी मार्केट) में सार्वजनिक शौचालय का निर्माण शामिल है। अमरटैक्स लाइट से लेबर चौक तक सड? का सौंदर्यीकरण, सर्विस रोड व फुटपाथ की मरम्मत, पार्कों में ओपन जिम उपकरण, बेंच, एलईडी लाइटें, हाई मास्ट स्ट्रीट लाइटें, स्टॉर्म वाटर ड्रेन, सीबीडी कार्य, बिटुमिनस सड?ों का सुदृढ़ीकरण और पार्किंग की विशेष मरम्मत भी करवाई जा रही है। साथ ही सामुदायिक केंद्र व पार्कों का सौंदर्यीकरण, खेल सुविधाओं का विकास तथा प्राप्त शिकायतों के आधार पर वार्षिक मरम्मत कार्य भी सेक्टर-15 में निरंतर प्रगति पर हैं, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं मिल सकें।

## न्यूज ब्रीफ

### नई पुस्तक मिलियन डॉलर फॉर्मूलाज पाठकों के जारी : डॉ. सुमीर

**कालका (जग्गी) ।** आयुर्वेदिक रिसर्च और फॉर्मूलेशन के क्षेत्र में अपने विशिष्ट कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले डॉ. सुमीर भूषण की नई पुस्तक



मिलियन डॉलर फ़ॉर्मूलाज़ पाठकों के लिए जारी कर दी गई है। पुस्तक की विशेष प्रस्तुति हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के समक्ष की गई । यह किताब डॉ. भूषण के कई सालों के अनुभव और काम पर आधारित है। इसमें स्वास्थ्य, रोज़मर्रा की ?िन्दगी और खुद को बेहतर बनाने से जुड़े ऐसे तरीके बताए गए हैं, जिन्हें आम आदमी भी आसानी से समझ सकता है और अपनी जिन्दगी में अपना सकता है। डॉ. भूषण डिजिटल प्लेटफॉर्म पर लाखों लोगों के बीच एक जाना-पहचाना नाम हैं। वे लगातार आयुर्वेद के बारे में लोगों को आसान भाषा में जानकारी देते रहे हैं। उनकी यह किताब खास तौर पर उन लोगों के लिए है, जो बिना ज्यादा मुश्किल के अपने स्वास्थ्य और जीवन में अच्छा बदलाव लाना चाहते हैं। किताब की प्रस्तुति के समय आयुर्वेद में हो रहे नए काम, रिसर्च और उसके इस्तेमाल को लेकर बातचीत भी हुई। यह किताब सिर्फ आयुर्वेद से जुड़े लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि आम पाठकों के लिए भी फायदेमंद है। इसमें दी गई बातें लोगों को सही रास्ता दिखाने में मदद करती हैं और आयुर्वेद को सरल भाषा में समझने का मौका देती हैं।

## नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन का कालका स्टेशन पर धरना, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता के खिलाफ रोष

अर्थ प्रकाश/जग्गी



**कालका।** नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन की कालका शिमला शाखा द्वारा भोजन अवकाश में रेलवे स्टेशन कालका में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता लवप्रीत सिंह के खिलाफ धरना प्रदर्शन करके रोष प्रदर्शन किया गया, ताकि रेल प्रशासन को चेताया जा सके कि एनआरएमयू/ एआईआरएफ ने कभी भी कर्मचारियों पर जुल्म ?्यादती/ धक्का शाही को बर्दाश्त नहीं किया और न ही कभी बर्दाश्त करेंगे। ज्ञात हो कि वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता कैरिज व वैगन लवप्रीत के द्वारा तानाशाही दिखाते हुए खानआलम पूरा सहारनपुर से चार कर्मचारियों का तबादला कर दिया । जिनमें से एक का कालका तथा तीन का बठिंडा स्टेशन पर कर दिया जो की बहुत गलत है। यह वाक्या 16 दिसंबर 2025 का तथा 17 दिसंबर से सहारनपुर में एनआरएमयू के तीनों शाखाएं मिलाकर रोष प्रकट कर रही है। एनआरएमयू के मंडल मंत्री निर्मल सिंह के आवाहन पर 20 दिसंबर 26 दिसंबर में 27 दिसंबर को कालका में भी नारेबाजी के साथ रोष प्रकट किया गया।

मण्डल अध्यक्ष हरनाम सिंह और मण्डल मंत्री डाक्टर निर्मल सिंह के आवाह्न पर एनआरएमयू की कालका शिमला शाखा द्वारा रेलवे स्टेशन कालका पर भोजन अवकाश में सीनियर डीएमई सी एंड डब्ल्यू यूएमबी के खिलाफ नारेबाजी और प्रदर्शन करके रोष व्यक्त किया।

## अनुसूचित जाति के किसानों के लिए 45 एचपी व अधिक क्षमता के ट्रैक्टर पर मिलेगा अनुदान

**किसान विभागीय पोर्टल पर 15 जनवरी 2026 तक कर सकते है ऑनलाईन आवेदन**

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई

**पंचकूला, 30 दिसम्बर।** सहायक कृषि अभियन्ता, पंचकूला श्री ओमप्रकाश महिवाल ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा, पंचकूला द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान जिला पंचकूला के किसानों की आमदनी बढाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है।

इसी कड़ी में स्पेशल स्ष्ट स्कीम स्क्र-89 के तहत अनुसूचित जाति के किसानों के लिए 45 हॉर्स पावर या इससे अधिक क्षमता के ट्रैक्टर की खरीद पर तीन लाख रुपये का अनुदान दिया जा रहा है। जो किसान स्न्नस्क्र पोर्टल पर पंजीकृत है और जिन्होने पिछले 5 वर्षों के दौरान ट्रैक्टर पर सब्सिडी का लाभ नही लिया है, वे इस योजना के तहत आवेदन करने के पात्र है। उन्होंने बताया कि अनुसूचित जाति के किसान विभागीय पोर्टल agriharyana.gov.in पर 15 जनवरी 2026 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। आवेदन करने के लिए मेरी फसल मेरा ब्योरा पर पंजीकरण, स्वंय के नाम कृषि योग्य भूमि, परिवार पहचान पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक किसान अनुदान पर लिए गए ट्रैक्टर को अगले पांच वर्षो तक नही बेचेगा।

योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति के किसानों की पात्रता को ध्यान में रखते हुए जिलावार लक्ष्य स्न्नस्क्र डेटा (अर्थात अनुसूचित जाति के किसानों का जिलावार पंजीकरण) और लाभ प्राप्त करने के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर तय किए जाएगे। यदि प्राप्त आवेदन आबंटित लक्ष्य से अधिक है तो लाभार्थियों का चयन आवेदक किसानों की उपस्थिति में जिला स्तरीय कार्यकारी समिति द्वारा उपायुक्त, पंचकूला की अध्यक्षता में ऑनलाईन ड्रॉ के माध्यम से किया जाएगा। किसान अधिक जानकारी के लिए सहायक कृषि अभियन्ता, पंचकूला के कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं ।

## 25वां वैश्य/अग्रवाल परिचय सम्मेलन 8 मार्च को अग्रवाल भवन 16 सेक्टर में

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई



**पंचकूला।** 25वां अग्रवाल/वैश्य युवक युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन अग्रवाल भवन सेक्टर 16 पंचकूला पीछे पार्किंग के तत्वधान में किया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए अग्रवाल विकास ट्रस्ट पंचकूला के प्रधान सत्यनारायण गुप्ता ने बताया कि परिचय सम्मेलन हर वर्ष अक्टूबर या नवंबर में करवाया जाता था। जो कि अब 25 वां सिल्वर जुबली राष्ट्रीय स्तरीय सम्मेलन 8 मार्च को करवाने का अग्रवाल विकास ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी द्वारा निश्चय किया गया है। गत दिवस हुई ट्रस्ट के पदाधिकारियों की मीटिंग में यह फैसला सर्वसम्मति से लिया गया। उन्होंने बताया कि अक्टूबर और नवंबर में सर्दी ज्यादा होने के कारण अन्य प्रदेशों से लड़के और लड़कियों के अभिभावक नहीं पहुंच पाते थे और यह उन सभी अभिभावकों की भी इच्छा थी कि अबकी बार मार्च में युवक- युवती परिचय सम्मेलन करवाया जाए। तांकि ज्यादा से ज्यादा अग्रवाल/ वैश्य समाज के लड़के और लड़कियां और उनके अभिभावक सम्मेलन में भाग लेकर के बच्चों के रिश्ते तय कर सके और बढ़ती उम्र को देखते हुए भी अभिभावक बहुत ही चिंतित है । जिस कारण अग्रवाल विकास ट्रस्ट ने अग्रवाल समाज पंचकूला के प्रमुख समाज सेवियों से इस विषय में चर्चा की और उनसे विचार विमर्श करने के उपरांत 8 मार्च 2026 दिन रविवार को तिथि सुनिश्चित की गई है।

## गुरुग्राम में नया डीएनए डिवीजन तैयार, नए आपराधिक कानूनों को मिलेगी ताकत

**हरियाणा में नए आपराधिक कानूनों को लागू करने पर वर्कशॉप आयोजित**

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला, 30 दिसंबर।** नए साल 2026 में हरियाणा में नए आपराधिक कानूनों को और मजबूती मिलेगी। गुरुग्राम में रीजनल फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी में एक नया डिवीजन 1 जनवरी से चालू होने वाला है। गृह विभाग ने 40 मोबाइल फोरेंसिक वैन तैनात करने, जांच उपकरणों को आधुनिक बनाने के लिए 101 करोड़ रुपये का निवेश और DNA और साइबर फोरेंसिक क्षमताओं को मजबूत करने के लिए इस वित्तीय वर्ष में अतिरिक्त 18 करोड़ रुपये का आवंटन करने की योजना बनाई है।



गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. सुमिता मिश्रा ने मंगलवार को पंचकूला के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में अभियोजन विभाग द्वारा हरियाणा में नए आपराधिक कानूनों को लागू करने पर आयोजित एक वर्कशॉप में मुख्य अतिथि के तौर पर यह जानकारी दी।

अभियोजन अधिकारियों को संबोधित करते हुए डा. सुमिता मिश्रा ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम का लागू होना आपराधिक न्याय प्रणाली में एक व्यापक बदलाव है। अभियोजन अधिकारियों को ÷न्याय के वास्तुकार÷ बताते हुए उन्होंने कहा कि उनकी कानूनी समझ और कोर्ट में वकालत पुलिस जांच को पीड़ितों और समाज के लिए सार्थक न्याय में बदलने के लिए बहुत जरूरी है। 1 जुलाई, 2024 और 24 दिसंबर, 2025 के बीच राज्य में 1,59,034 फर्स्ट इंफॉर्मेशन रिपोर्ट (स्न्नढ्ढक्र) दर्ज की गई, जिनमें से 1,37,141 मामलों में चार्जशीट या फाइनल रिपोर्ट दाखिल की गई, जो लगभग 87 प्रतिशत है। अनिवार्य 60-दिन की जांच समय-सीमा के तहत आने वाले लगभग 70 प्रतिशत मामले तय समय के भीतर पूरे किए गए, जबकि 90-दिन की श्रेणी में अनुपालन लगभग 80 प्रतिशत रहा। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि टेक्नोलॉजी-आधारित न्याय वितरण ने इन सुधारों में अहम भूमिका निभाई है, जिसमें आधार-प्रमाणित वर्कफ्लो, ई-साइन टूल, रियल-टाइम अपराध दस्तावेज़ीकरण, वाहन चोरी के मामलों में एफआईआर का ऑटो-रजिस्ट्रेशन और बड़े पैमाने पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का इस्तेमाल शामिल है।

**गंभीर अपराधों में शून्य पेंडेंसी हासिल की**

फोरेंसिक सुधारों पर प्रकाश डालते हुए, डॉ. मिश्रा ने कहा कि 2025 में फोरेंसिक विशेषज्ञों ने 97.2 प्रतिशत अपराध स्थलों का दौरा किया, जहां अनिवार्य जांच की आवश्यकता थी। हरियाणा ने सभी गंभीर अपराधों में शून्य पेंडेंसी हासिल की है, जहां अनिवार्य फोरेंसिक दौरे की आवश्यकता होती है। यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के तहत मामलों में, राज्य ने 99 प्रतिशत डीएनए पॉजिटिविटी दर दर्ज की, जो वैज्ञानिक साक्ष्य-आधारित जांच में एक राष्ट्रीय बेंचमार्क स्थापित करता है।

दोषसिद्धि के नतीजों पर, डॉ. मिश्रा ने बताया कि नए कानूनी ढांचे के तहत दोषसिद्धि दर लगभग तीन गुना हो गई है, जो पहले के सिस्टम में 24 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 72 प्रतिशत हो गई है। सिर्फ़ 17 महीनों में 81,000 से ज़्यादा मामलों का निपटारा किया गया, जो नए आपराधिक कानूनों में बदलाव की प्रभावशीलता को दिखाता है।

# गोहाना विधानसभा के 9 गांवों के लिए मंजूर हुए 2.88 करोड़ रुपए : डॉ. अरविंद शर्मा

**खेत-खलिहान योजना के तहत 16 किलोमीटर खेतों के रास्ते पक्के करने की मिली मंजूरी**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

गोहाना। सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में विकास रफ्तार पकड़ रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने गोहाना विधानसभा के 9 गांवों के 16 रास्तों को खेत-खलिहान योजना के तहत पक्का करने की मंजूरी मिल गई है। इसके लिए 2 करोड 87 लाख 90 हजार रूपए की राशि को मंजूरी प्रदान करते हुए जारी कर दिया गया है।

आज यहां जानकारी देते हुए सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने बताया कि गोहाना विधानसभा में विकास कार्यों के लिए निरंतर विभिन्न योजनाओं के माध्यम से राशि मंजूर करवाई जा रही है। इलाके में पीने के पानी की व्यवस्था हो या सीवरेज प्रबंधन दुरूस्त करने से लेकर सडकों के सुदृढीकरण को लेकर निरंतर काम किया जा रहा है। इस कडी में खेत खलिहान योजना में गोहाना विधानसभा के 9 गांवों में 16 किलोमीटर लंबे खेतों के रास्तों को पक्का करने की मंजूरी मिली है। उन्होंने कहा कि पंचायत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि इन कामों को प्रक्रिया अनुसार शीघ्र करवाया जाए, ताकि किसानों को उनके खेतों तक आवागमन में किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव सरगथल में 22 लाख 88 हजार रूपए से कृष्ण पुत्र ताराचंद के खेत से महेंद्र पुत्र भूप नंबरदार के खेत तक व 7 लाख 8 हजार रूपए से राजपाल के खेत से बलजीत पुत्र जयनारायण के खेत तक, गढी उजाले खां में विभिन्न



खेतों के रास्ते निर्माण के लिए 28 लाख 98 हजार रूपए, गांव जौली में 34 लाख 86 हजार रूपए से देवेंद्र पुत्र राय के खेत से ईश्वर पुत्र बेगा के खेत तक व 11 लाख 98 हजार रूपए से पीडब्ल्यूडी सडक से विभिन्न खेतों तक, गांव ककाना भादरी में 32 लाख 68 हजार रूपए से मोहन पुत्र लख्मी के खेत से प्रवेश पुत्र रामकुमार के खेत तक व 12 लाख 53 हजार रूपए से जयसिंह पुत्र सुखबीर के खेत से रामनिवास पुत्र धारा के खेत तक, गांव खानपुर कलां में 14 लाख 16 हजार रूपए से राजेश पुत्र दीपचंद के खेत से महिपाल पुत्र गुगनराम के खेत तक व 39 लाख 77 हजार रूपए से अशोक पुत्र रामफूल के खेत से नरेश पुत्र राममेहर के खेत तक पक्के रास्ते का निर्माण करवाया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने बताया कि गांव खेडी दमकन में 23 लाख 79 हजार रूपए से सिंकदरपुर माजरा सडक से संजय व रामनारायण के खेत तक, गांव नगर में 12 लाख 18 हजार रूपए से हंसराज के खेत से सोमनाथ के खेत तक व 14 लाख 60 हजार रूपए से जीत सिंह के खेत से देवेंद्र के खेत तक व 16 लाख 91 हजार रूपए से बनारसी के खेत से विजय के खेत तक, गांव वजीरपुरा में 7 लाख 6 हजार रूपए से रणधीर पुत्र महासिंह के खेत से गोवर्धन पुत्र रूपला के खेत तक व 5 लाख 14 हजार रूपए से राजबीर के खेत से सज्जन के खेत तक, गांव बडौता में 3 लाख 30 हजार रूपए से रणधीर के खेत से ओम के खेत तक का रास्ता पक्का किया जाएगा।

# श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन श्रीवामन अवतार व समुद्र मंथन का वृतांत सुनाया

**कथावाचक साध्वी समाहिता भाजपा युवा नेता पुनीत राई को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। श्रीशिव मंदिर सनातन धर्म सभा गन्नौर द्वारा आयोजित संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन कथवाचक साध्वी समाहिता ने श्रीवामन अवतार व समुद्र मंथन का वृतांत सुनाया। साध्वी समाहिता ने राजा बलि ने वामन अवतार को तुच्छ समझा और उन्हे तीन पग जमीन दे दी, लेकिन वे क्षीरसागर निवासी भगवान कृष्ण की लीला को समझ



नहीं पाए और उन्हे पाताल जाना पड़ा। वामन की कथा हमें भेदभाव-ऊंच-नीच, छुआ-छूत त्यागने की प्रेरणा देती है। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा में समुद्र मंथन का प्रसंग भी विशेष महत्व रखता है। कथा के अनुसार अमृत की प्राप्ति के लिए देवताओं और असुरों ने भगवान विष्णु की प्रेरणा से क्षीरसागर का मंथन किया। मंदराचल पर्वत को मथनी और वासुकी नाग को रस्सी बनाया गया। मंथन के दौरान सबसे पहले हलाहल विष निकला, जिसे सृष्टि की रक्षा के लिए भगवान शिव ने अपने कंठ में धारण किया। इसके बाद लक्ष्मी जी सहित अनेक दिव्य रत्न प्रकट हुए। अंत में धन्वंतरि अमृत कलश लेकर प्रकट हुए।

यह प्रसंग धैर्य, सहयोग और धर्म की विजय का संदेश देता है। कथा के दौरान साध्वी समाहिता ने अपने भजनों से श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। श्रीशिव मंदिर सनातन धर्म सभा एवं गन्नौर नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, राई से निगम पार्षद व युवा भाजपा नेता पुनीत त्यागी , सोमप्रकाश त्यागी, धर्मबीर कौशिक, डा. राजेश शर्मा व कपिल त्यागी आदि कथा में सहयोग दे रहे हैं।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों और सुशासन का रहा प्रतीक: माईराम कौशिक



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपती। भारतीय जनता पार्टी जिला स्वर्ण कमल कार्यालय, सोनीपत में आज भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की स्मृति में उनका 101वाँ जन्मदिवस स्मृति दिवस के रूप में सोनीपत विधानसभा स्तर पर श्रद्धापूर्वक मनाया गया।इस अवसर पर बैठक के मुख्य अतिथि सोनीपत जिला प्रभारी सतीश नांदल एवं वरिष्ठ भाजपा नेता माईराम कौशिक रहे।कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन सोनीपत विधायक निखिल मदान के मार्गदर्शन में किया गया।वरिष्ठ भाजपा नेता माईराम कौशिक ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई का शासनकाल नीति, विचारधारा और व्यावहारिक प्रशासन का संतुलित उदाहरण रहा। उन्होंने वैचारिक प्रतिबद्धता के साथ-साथसर्वसमावेशी दृष्टिकोण अपनाते हुए देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया। सड़क, संचार, ऊर्जा, शिक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में उनके द्वारा लिए गए निर्णय आज भी मील का पत्थर माने जाते हैं। उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना, स्वर्णिम चतुर्भुज जैसी योजनाओं ने देश की आधारभूत संरचना को नई दिशा दी।इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष जसवीर दोदवा , जिला कार्यालय प्रभारी राजेश मलिकपुर, जिला महामंत्री तरुण देवदास एवं नीरज कुमार, जिला मीडिया प्रभारी दिनेश अत्री, सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हुडा ग्राउंड पेहवा मे हत्या करने के मामले में एक आरोपी गिरफतार

**कुरुक्षेत्र (अप्रस)।** जिला पुलिस कुरूक्षेत्र ने हुडा ग्राऊड पेहवा मे हत्या करने के मामले में एक और आरोपी को गिरफतार करने मे सफलता हासिल की है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत ज्योली खंड नारायणगढ़ (अम्बाला)**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत ज्योली, खंड नारायणगढ़ की शामलात भूमि में खडे 194 पर सफेदा व विविध 30 पेड़ों सहित कुल 224 पेड़ों की नीलामी दिनांक 7 जनवरी 2026 को दोपहर 12.00 बजे ग्राम सचिवालय में की जाएगी। बोली से पूर्व मु. 50000 / (50 हजार) रुपए बतौर जमानत डिमांड ड्राफ्ट द्वारा ग्राम पंचायत ज्योली के नाम जमा करवाना होगा। शेष शर्तें मौके पर सुनाई जाएंगी।

पवन कुमार, पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत ज्योली, मोबाइल: 94683 94407
मनजीत कौर, सरपंच, ग्राम पंचायत ज्योली, मोबाइल 94164-52071

AP-6894

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एसडीएसटीई-रिहैब-एएसटीई-केडब्ल्यूएई-26, दिनांक: 29.12.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं. एसडीएसटीई-रिहैब-एएसटीई-केडब्ल्यूएई-26 के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल के एएसटीई-कटवा के कार्यक्षेत्र में सिग्नलिंग परिसंपत्तियों की विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए सिग्नलिंग गियरों का पुनर्वास एवं सुधार। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 1,99,56,989.15, **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति:** रु.2,49,800/- **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** 06.01.2026, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** 20.01.2026 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www. ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। HWH-491/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

AP-6881

**सार्वजनिक सूचना**

इस नोटिस के माध्यम से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगरपालिका गृहकर रिकॉर्ड में प्रोपर्टी नम्बर ENB/W09/0259 (New PID No. 6MJC2J12) जो कि हमारे पिता भिखम चन्द पुत्र किशन लाल के नाम पुराने रिकॉर्ड में थे जिनकी दिनांक 15.11.2021 व माता गोदावरी देवी पत्नी भिखम चन्द की मृत्यु दिनांक 11.02.2025 को मृत्यु हो चुकी है। नगरपालिका रिकॉर्ड में उपरोक्त प्रोपर्टी उनके नाम से दर्ज है इनके वारिस तहसीलदार व पटवारी रिपोर्ट अनुसार सीता देवी, ममता गोयल, रेणु गुप्ता, विजय लक्ष्मी जैन, अनुपम चौधरी पुत्र है। इसके अलावा कोई अन्य वारिसा ना है। अगर इससे संबंधित किसी आमजन को कोई एतराज है तो वह दिनांक से 30 दिन के अन्दर अपना एतराज नगरपालिका ऐलनाबाद कार्यालय में इस नोटिस प्राप्ति के 30 दिन के अन्दर-अन्दर एतराज दर्ज करवा सकता है।

प्रार्थी : अनुपम चौधरी निवासी ऐलनाबाद
सौजन्य से :- नगरपालिका ऐलनाबाद

AP-6891

**खोया-पाया**

मैं, राकेश कुमार गुप्ता पुत्र हुकुम चंद गुप्ता, निवासी मकान सं. 2714, सेक्टर 22-सी, चंडीगढ़। मेरे मेरी संपत्ति के दस्तावेज (1) मूल आवंटन पत्र सं. 35526 दिनांक 8.1.1954, (2) मूल हस्तांतरण पत्र सं. 35670 दिनांक 18.8.1961, (3) मूल कन्वेयंस विलेख दिनांक 28.3.1964, (4) मूल बिक्री विलेख सं. 926 दिनांक 15.10.1967, (5) मूल हस्तांतरण पत्र सं. 12810 दिनांक 29.10.1969, (6) मूल बिक्री विलेख सं. 1840 दिनांक 18.03.1971 (7) मूल हस्तांतरण पत्र सं. 8908 दिनांक 22.7.1971, (8) मूल बिक्री विलेख सं. 3535 दिनांक 1.3.1996, (9) मूल हस्तांतरण पत्र सं. 14046 दिनांक 24.5.1996, (10) मूल हस्तांतरण पत्र सं. 32414 दिनांक 16.10.2000, (11) मूल हस्तांतरण पत्र सं. 21845 दिनांक 6.11.2002, (12) मकान सं. 3293, सेक्टर 21-डी की मूल हस्तांतरण पत्र सं. 56531 दिनांक 23.5.2011 दिनांक 29.12.2025 को 13:26:44 बजे सेक्टर 22, समीप किरण सिनेमा, मार्केट, चंडीगढ़ में गुम हो गए हैं, एलएआर सं. 29/12/2025/21065 दिनांक 29.12.2025 को पीएस सेक्टर 17, चंडीगढ़ में दर्ज की गई है, यदि किसी व्यक्ति को उक्त वर्णित दस्तावेज प्राप्त होते हैं तो कृपया 9216422001, 8210709848, इंडियन बैंक सेक्टर 34, चंडीगढ़ से संपर्क करें। यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो कृपया 15 दिनों के भीतर आपत्ति दर्ज करें।

AP-6890

**सार्वजनिक सूचना**

**संपदा अधिकारी, एचएसवीपी के समक्ष**
**शहरी संपदा का नाम, पंचकूला**

**विषय :-** स्वामिनी स्व. श्रीमती सुशीला मित्तल पत्नी स्व. श्री अशोक कुमार मित्तल की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर रिहायशी मकान सं. 747, सेक्टर 2, शहरी संपदा, पंचकूला के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

स्व. श्रीमती सुशीला मित्तल, जो रिकॉर्ड के अनुसार विषयगत संपत्ति की स्वामिनी थी, जिनकी 18.05.2024 को मृत्यु हो गई है तथा उनकी कोई पंजीकृत अथवा अपंजीकृत वसीयत नहीं है, उसने निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी पीछे छोड़े हैं :-

1) उदय कुमार मित्तल

श्री उदय कुमार मित्तल पुत्र स्व. श्री अशोक कुमार मित्तल निवासी मकान सं. 747, सेक्टर 02, पंचकूला, हरियाणा-134112 ने कानूनी उत्तराधिकारी के तौर पर अपने पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है तथा श्री उदय कुमार मित्तल के नाम में पुनः आवंटन हेतु निवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को कथित संपत्ति के हस्तांतरण के विरुद्ध कोई आपत्ति है तो वह यह सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर समर्थक दस्तावेजों के साथ संपदा अधिकारी, एचएसवीपी, पंचकूला को लिखित में आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता/सकती है, अन्यथा संपदा अधिकारी एचएसवीपी नीति के अनुसार कथित संपत्ति के हस्तांतरण/पुन:आवंटन की तदनुसार स्वीकृति प्रदान करेगा तथा आगे बाद में कोई दावा, यदि कोई हुआ, विचारणीय नहीं होगा।

नाम
कानूनी उत्तराधिकारी

AP-6880

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है के पंचायत कंबासी के गांव तोलावली खंड बराडा में कंडम SC चौपाल के कंडम मेटिरियल की खुली बोली 09 जनवरी 2026 दिन शुक्रवार सुबह 11 बजे ग्राम सचिवालय मे की जाएगी जिसके लिए उक्त सभी बोली दाता समय पर पहुंचकर बोली दे सकते है बोली की सभी शर्तें मौके पर सुनाई जाएगी

सरपंच राजिंदर कौर
मोबाइल नंबर 9729419106
ग्राम पंचायत कंबासी
खंड बराडा (अम्बाला)

AP-6882

**सार्वजनिक सूचना**

अलाटी श्री राम सिंह पुत्र श्री जय करण की मृत्यु के उपरांत प्लॉट/ मकान नं. 3378पी सैक्टर 11 अर्बन एस्टेट जींद का स्वामित्व के रूप में हस्तांतरण।

रिकॉर्ड के अनुसार उक्त वर्णित संपत्ति के अलाटी श्री राम सिंह पुत्र श्री जय करण की दिनांक 25/01/2025 को मृत्यु हो गई है। उनके निम्नलिखित वारिसान है,

1. नन्ही देवी 2. कमलेश सैनी 3. डिम्पल 4.स्वाती।

डिम्पल पत्नी संदीप निवासी ओम नगर जीन्द ने उक्त संपति को अपने पक्ष में हस्तांतरण करने का आवेदन व पुनः अलाटमेंट डिम्पल के नाम पर करने की विनती की है।

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के हस्तांतरण संबंधि कोई एतराज़ है, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर संपदा अधिकारी, एचएसवीपी/हुडा जीन्द के कार्यालय में उचित प्रमाण सहित लिखित रूप में अपना एतराज बताए, अन्यथा उक्त संपत्ति को सम्पदा अधिकारी की अनुमति से एचएसवीपी/हुडा नीति के अनुसार हस्तांतरण/पुनः अलाटमेंट कर दिया जाएगा और बाद में किसी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

सम्पदा अधिकारी, एचएसवीपी,जीन्द

AP-6885

**सार्वजनिक सूचना**

**संपदा अधिकारी, एचएसवीपी के समक्ष**
**शहरी संपदा का नाम, पंचकूला**

**विषय :-** स्वामी स्व. श्री अशोक मित्तल (अशोक कुमार मित्तल) पुत्र स्व. श्री ओंकार दास मित्तल की बिना वसीयत मृत्यु के आधार पर रिहायशी प्लाट सं. 1318, सेक्टर 26, शहरी संपदा, पंचकूला के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

स्व. श्री अशोक मित्तल (अशोक कुमार मित्तल), जो रिकॉर्ड के अनुसार विषयगत संपत्ति के स्वामी थे, जिनकी 19.09.2017 को मृत्यु हो गई है तथा उनकी कोई पंजीकृत अथवा अपंजीकृत वसीयत नहीं है, उसने निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी पीछे छोड़े हैं :-

1) श्री उदय कुमार मित्तल

श्री उदय कुमार मित्तल पुत्र स्व. श्री अशोक कुमार मित्तल निवासी मकान सं. 747, सेक्टर 02, पंचकूला, हरियाणा-134112 ने कानूनी उत्तराधिकारी के तौर पर अपने पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है तथा श्री उदय कुमार मित्तल के नाम में पुनः आवंटन हेतु निवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को कथित संपत्ति के हस्तांतरण के विरुद्ध कोई आपत्ति है तो वह यह सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर समर्थक दस्तावेजों के साथ संपदा अधिकारी, एचएसवीपी, पंचकूला को लिखित में आपत्तियां प्रस्तुत कर सकता/सकती है, अन्यथा संपदा अधिकारी एचएसवीपी नीति के अनुसार कथित संपत्ति के हस्तांतरण/पुन:आवंटन की तदनुसार स्वीकृति प्रदान करेगा तथा आगे बाद में कोई दावा, यदि कोई हुआ, विचारणीय नहीं होगा।

नाम
कानूनी उत्तराधिकारी

AP-6880

**व्यापक वार्षिक निवारक रखरखाव अनुबंध**

**निविदा सूचना संख्या:** EL/29/64_2025/K/1292; **दिनांक :** 24-12-2025. निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। **निविदा संख्या:** 64_2025. **कार्य का नाम :** कटिहार मंडल में:- कटिहार मंडल के एलएचबी प्रकार के एसी एवं टीएल कोचों में लगाए गए सिग्नोट्रॉन निर्मित आरईबीसी (रेगुलेटेड कम इमरजेंसी बैटरी चार्जर) के लिए व्यापक वार्षिक निवारक एवं ब्रेकडाउन रखरखाव अनुबंध, अवधि तीन (03) वर्ष के लिए। **निविदा मूल्य :** ₹24,86,925/-; **अग्रिम राशि:** ₹49,700/-; निविदा के **बंद** करने की तिथि और समय **15-01-2026** को **15:00** बजे और **खोलने** की **15:30** बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी।

सीनियर डीईई (जी एंड सीएचजी.), कटिहार
**पूर्वोत्तर सीमा रेल**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-6878

**व्यापक वार्षिक निवारक रखरखाव अनुबंध**

**निविदा सूचना संख्या:** EL/29/56_2025/K/1284; **दिनांक :** 24-12-2025. निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। **निविदा संख्या:** 56_2025. **कार्य का नाम :** कटिहार मंडल में:- कटिहार मंडल के एलएचबी प्रकार के एसी एवं टीएल कोचों में लगाए गए इलेक्ट्रोवेव्स निर्मित आरईबीसी (रेगुलेटेड कम इमरजेंसी बैटरी चार्जर) के लिए व्यापक वार्षिक निवारक एवं ब्रेकडाउन रखरखाव अनुबंध, अवधि तीन (03) वर्ष के लिए। **निविदा मूल्य :** ₹55,04,394/-; **अग्रिम राशि:** ₹1,10,100/-; निविदा के **बंद** करने की तिथि और समय **15-01-2026** को **15:00** बजे और **खोलने** की **15:30** बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी।

सीनियर डीईई (जी एंड सीएचजी.), कटिहार
**पूर्वोत्तर सीमा रेल**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-6877

**मुथूट होमफिन (इंडिया) लि.**

Muthoot Homefin

कारपोरेट कार्यालय: यूनिट सं. 19-एनई, 19वां तल, दि रूबि, सेनापती बापट मार्ग, समीप रूपेरल कॉलेज, दादर (वेस्ट), मुम्बई, महाराष्ट्र-400028

**मांग सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के प्रवर्तन एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण की धारा 13(2) के अधीन।

मुथूट होमफिन (इंडिया) लि. (एमएचआईएल) के प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (कथित अधिनियम) के प्रवर्तन एवं वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूतिकरण के अधीन तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा 3 के साथ पढ़े गए कथित अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन शक्तियों के निर्वहन में, प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित को संबंधित मांग सूचना में वर्णित राशि का भुगतान करने हेतु निम्नलिखित ऋणियों ('कथित ऋणियों') को आमंत्रित करते हुए कथित अधिनियम की धारा 13(2) के अधीन मांग सूचना जारी की थी।

उक्त के संबंध में, एकबार उन्हे पुनः इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर कथित ऋणियों द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेज/लिखित, यदि कोई हो, के साथ लोन एग्रीमेंट के अधीन देय भुगतान तथा/अथवा उगाही की तिथि तक निम्न वर्णित तिथि से कथित मांग सूचना में उल्लिखित अनुसार 2 प्रतिशत मासिक आगामी ब्याज के साथ निम्न वर्णित राशि का एमएचआईएल को भुगतान करने हेतु कथित ऋणी को सूचित किया जाता है। ऋण की नियत बकाया राशि के भुगतान हेतु प्रतिभूति, निम्नलिखित परिसंपत्तियां कथित संबंधित ऋणियों द्वारा एमएचआईएल को मोर्टगेज की गई है।

| क्र.सं. | ऋणी/सह-ऋणी/गारंटर का नाम/ऋण खाता सं./शाखा | कुल बकाया देय राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | सिक्योर्ड परिसंपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनीश कुमार/शकुंतला/सीएचए-एचएल-000701/चंडीगढ़ | रु. 30,95,684/- केवल तीस लाख पचानवे हजार छह सौ चौरासी रुपये | 22-दिसंबर-2025 | मौजा रामपुर, एच.बी. सं. 209, तहसील रायपुररानी, जिला-पंचकूला में स्थित खेवट/खतौनी सं. 25/28 (अब खेवट/खतौनी सं. 27/27), खसरा सं. 13//3/1(2-14), 3/2(2-4), 3/3(2-4), 7/2 (0-15), 8(7-7), 18//10/2(4-0), किते 06, भूमि माप 19 कनाल 04 मरले में से 15/384 हिस्से के तौर पर अर्थात 15 मरले में सम्मिलित प्लाट, माप 15 मरले। |
| 2. | मनोज कुमार/गोविंद राम/शारदा देवी एसआईआर-एनएचएल-000006/सिरसा | रु. 6,18,999/- केवल छह लाख अठारह हजार नौ सौ निन्यानवे रुपये। | 22-दिसंबर-2025 | खसरा सं. 1896 (4-2) में सम्मिलित प्लाट बियरिंग संपत्ति कर आईडी सं. डब्ल्यूडी/10/875, संपत्ति आईडी सं. 6जेड48आरएलआर6 माप 22'×35' अर्थात 04 कनाल 02 मरला के 3/82 हिस्से के तौर पर 00 कमाल 03 मरला, चौहद्दी पूर्व-वेद प्रकाश की संपत्ति, पश्चिम-बाल मुकंद की संपत्ति, उत्तर-गली, दक्षिण-अन्य की संपत्ति, कलांवाली की राजस्व संपदा और नगर सीमा के भीतर स्थित। |

यदि कथित ऋणी उक्त कथित अनुसार एमएचआईएल को भुगतान करने में असफल होंगे, तो एमएचआईएल अधिनियम की धारा 13 (4) तथा लागू नियमों के अधीन उक्त सिक्योर्ड परिसंपत्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करेगा, जिसकी लागत और परिणामका कथित ऋणियो के पूर्ण जोखिम पर होगा।

कथित ऋणियों को अधिनियम के अधीन एमएचआईएल की पूर्व लिखित सहमति प्राप्त किए बिना बिक्री, लीज अथवा अन्य द्वारा उक्त कथित परिसंपत्तियों से प्रतिबंधित किया जाता है। किसी व्यक्ति द्वारा कथित अधिनियम अथवा नियमों के अधीन प्रावधानों का कोई उल्लंघन अथवा निषेधाज्ञा अधिनियम के अधीन प्रदान अनुसार कारावास तथा/अथवा दण्ड के लिए उत्तरदायी होगा।

**तिथि: 31 दिसंबर, 2025**
**स्थान: चंडीगढ़, सिरसा**

**हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी**
**मुथूट होमफिन (इंडिया) लिमिटेड**

AP-6889

**अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS**

**आज ही बुक करें**
PH. : 0172-2638515, 98883-03520
Email : arthparkashadvt29@gmail.com

**सार्वजनिक सूचना**

**मैं,** पूजा खन्ना पत्नी गगन खन्ना, निवासी # 37 सेक्टर 21-A, चंडीगढ़, ने अपनी नाबालिग बेटी का नाम बेबी वन ऑफ पूजा खन्ना से बदलकर कैटलिन खन्ना (Katlyn Khanna) कर दिया है।

**मैं,** फल्गुराम चालिशे, पिता श्री नंद राम, निवासी # 5655 मॉडर्न हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, मनीमाजरा, चंडीगढ़, ने अपनी नाबालिग बेटी का नाम गुजन चालिशे (Gujan Chalishe) से बदलकर गुंजन चालिशे (Gunjan Chalishe) कर दिया है।
एपी-6872

I Pavitar Rai s/o Laj pat Rai r/o B0300905/2 Shivalik Vihar Nayagaon SAS NAGAR Mohali have Changed my name Pavitar Rai to Paviter Rai.
एपी-6873

**मैं,** वीना, पत्नी परदुमन सिंह, निवासी मकान नंबर 6745, सेक्टर 56, चंडीगढ़, ने अपना नाम वीना से बदलकर बीना रख लिया है।

**मैं,** लक्ष्य पुत्र श्री सुरेंद्र निवासी मकान नं. 1379, सेक्टर 20-बी, चंडीगढ़ ने मेरा नाम लक्ष्य से बदलकर लक्ष्य श्योकंद रख दिया है।
एपी-6874

SMT SYAMVATI DEVI (Existing name) wife of No 4567625H LNK Keshav Singh S/o Late Ram Singh serving in DSC Records and permanent resident of H/No- 891, Sector-07, Awas Vikas Colony, PO: Sikandara, Teh: Sadar, Distt: Agra (UP) declare that I have changed my name spelling in my husband Army Reords from Smt Syamvati Devi (Existing name) to Smt Shyamvati Devi correct as per my Adhar Card/Pen Card. In future, I shall be know/ written/called as Smt Shyamvati Devi for all work purpose. All connected note vide Affidavit date 16/12/2025 before Ist class Magistrate Agra.

**मैं,** कोमल कौर चट्ठा पत्नी जसकरण सिंह चट्ठा निवासी डेरा फतेह सिंह पिहोवा, तहसील पिहोवा जिला कुरुक्षेत्र ने अपना नाम कोमल विर्क से बदलकर कोमल कौर चट्ठा रख लिया है।

**मैं,** जगदीश कुमार पुत्र श्री दीन दयाल मलिक निवासी मकान नंबर 997 सेक्टर-7 पंचकुला हरियाणा, ने अपना नाम जगदीश कुमार से बदलकर जगदीश कुमार मलिक कर लिया है।

**मैं,** लता पत्नी अश्वनी कुमार निवासी 493,वार्ड नं 9, प्रिथु बस्ती पिहोवा, तहसील पिहोवा जिला कुरुक्षेत्र, ने अपना नाम लता रानी से बदलकर लता रख लिया है।

**मैं,** सोनल पत्नी श्री संदीप कुमार निवासी फ्लैट नंबर 127, जीएच-28, मानसा देवी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-5, पंचकुला हरियाणा 134109 ने अपने नाबालिग बेटे का नाम अयान से बदलकर अयान किर कर दिया है।

**मैं,** रवि कालड़ा पुत्र श्री कँवल किशोर कालड़ा निवासी मकान नंबर 1050, किशनगढ़, चंडीगढ़ यूटी ने अपने नाबालिग बेटे का नाम त्रिनाभ से बदलकर रियांश कालड़ा रख दिया है।

**मैं,** वंदना पत्नी श्री विशाल निवासी मकान नंबर 419 सेक्टर-8 पंचकुला हरियाणा ने अपना नाम वंदना से बदलकर वंदना सेठ कर लिया है।
एपी-6876

**मैं,** दीप सिंह पुत्र श्री इन्द्र सिंह निवासी मकान नं. 132, खेरा फार्म, शमशीपुर, डा. किरमच तहसील थानेसर जिला कुरुक्षेत्र ब्यान करता हूँ कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम दीप सिंह पुत्र इन्द्र सिंह दर्ज है तथा रजिस्ट्री सख्या-1934/1 दिनांक 29/8/95, सब रजिस्ट्रार थानेसर में मेरा नाम बीर सिंह पुत्र इन्द्र सिंह लिखा हुआ है। दीप सिंह तथा बीर सिंह एक ही व्यक्ति के नाम है जो कि दोनों नाम मेरे है।
एपी-6879

I, RAJSHREE MAHADU AGONE is legally Wedded Spouse of Army No: 10167634P Rank: Sep Name- Deore Akash Sanjay Presently Posted At Unit: 110 Infantry Battalin (TA) MADRAS Permanent Address: Village: Bahal Kasabe, Post: Bahal Kasabe Tehsil: Chalisgaon, Dist: Jalgaon, State: Maharashtra, Pin: 424106 declare that I have changed My Name from RAJSHREE MAHADU AGONE to DEORE RAJSHREE AKASH. Vide Affidavit No: 11AA 095365, Dated: 15/11/2025
एपी-FMG

**मैं,** Saroj Rathour पत्नी यश पाल सिंह वासी मकान नं. 3, प्रोफेसर कॉलोनी, यमुनानगर ने अपना नाम बदलकर Saroj Rathor रखा है।

**मैं,** प्रदीप भाटिया पुत्र रतन चंद भाटिया वासी मकान नं. 968, सैक्टर 7, अर्बन एस्टेट, करनाल ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर प्रदीप कुमार भाटिया से प्रदीप भाटिया रखा है।

**मैं,** विनीत भाटिया पुत्र प्रदीप भाटिया वासी मकान नं. 968, सैक्टर 7, करनाल ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर विनीत से विनीत भाटिया रखा है।

**मैं,** Devinder कुमार पुत्र गिरधारी लाल वासी गांव रसूलपुर कलां, जिला करनाल ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर Davinder कुमार से Devinder कुमार रखा है।

**मैं,** आशा रानी पत्नी देविंदर कुमार वासी मकान नं 37, गांव Mohidinpur, Mohay-ud- Dinpur, डाक Mohidinpur, जिला करनाल ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर आशा मेहता से आशा रानी रखा है।

**मैं,** रिंकू पत्नी मुकेश कुमार वासी वार्ड नं. 06, शक्ति नगर चीका जिला कैथल ने अपना नाम बदलकर रेनू रखा है।

**मैं,** वेद प्रकाश पुत्र मोहन लाल वासी मकान नं 187/20 रूप नगर कॉलोनी, नजदीक निरंकारी भवन हंसी हरियाणा-125033. ब्यान करता हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर वेद प्रकाश से वेद प्रकाश कक्कड़ रखा है, भविष्य के सभी कार्यों के लिए

**मैं,** Ranjna बाला पत्नी वेद प्रकाश कक्कड़ वासी मकान नं 187/20 रूप नगर कॉलोनी, नजदीक निरंकारी भवन हंसी हरियाणा-125033. ब्यान करती हूँ की मैंने अपना नाम बदलकर Ranjna से Ranjana बाला रखा है, भविष्य के सभी कार्यों के लिए।

**मैं,** Vashu देव पुत्र भीम सैन वासी #2674 नजदीक हरी Palace, अम्बाला सिटी ने अपना नाम बदलकर Vasu देव रखा है।
एपी-6883

**मैं,** सुरिंदर सिंह पुत्र ईश्वर दास निवासी मकान नंबर 11, सेक्टर-22ए, चंडीगढ़, ने अपना नाम बदलकर सुरिंदर सिंह ग्रेवाल रख लिया है।

**मैं,** अजय चाहल पुत्र किताब सिंह निवासी मकान नंबर 429 गली नंबर 3 गांधी नगर नरवाना, जींद, ने अपना नाम अजय से बदलकर अजय चाहल रख लिया है।
एपी-6886

I, JC704790K Sub Gaikwad Dayanand Sandipan residing at CH (WC) Chandimandir have changed my father name from Sandi Pan Babaso Gaikwad to Sandipan Babasaheb Gaikwad vide affidavit no. 23931 dated 29/12/2025 before Executive Magistrate Panchkula Haryana

I, JC704790K Sub Gaikwad Dayanand Sandipan residing at CH (WC) Chandimandir have changed my mother name from Rahibai to Rahibai Sanddipan Gayakwad vide affidavit no. 23930 dated 29/12/2025 before Executive Magistrate Panchkula Haryana

I, AHILYABAI am Mother of Army No: 2821941P Rank: Sep Name: Kagne Yogesh Tanaji Permanent Address: Sawangi, At Post: Sawangi Harsool, Sawangi Harsool, Po: Harsool, Dist: Aurangabad, Maharashtra 431008 declare that I have changed my name from AHILYABAI to KAGNE AHILYABAI TANAJI. Vide Affidavit No: 11AA 219746, Dated: 30/12/2025

I, RAJBALA DEVI am Mother of Army No-8036017W Rank-Hav Name-Sanjay Singh Permanent Address: Village -Alamgirpur Faridpur, Khera, Meerut, Khera, Uttar Pradesh, 250342 declare that I have changed my name from RAJBALA DEVI to RAJBALA. Vide Affidavit No: 11AA 219742, Dated: 30/12/2025

I, UDAYBIR SINGH am Father of Army No-8036017W Rank-Hav Name- Sanjay Singh Permanent Address: Village -Alamgirpur Faridpur, Khera, Meerut, Khera, Uttar Pradesh, 250342 declare that I have changed My Name from UDAYBIR SINGH to UDAY VEER. Vide Affidavit No: 11AA 219744, Dated: 30/12/2025

**मैं,** संख्या- 14217359X, होनोरेरी नायब सूबेदार पलकधारी पाल (सेवानिवृत्त), पुत्र श्री जय करण पाल, मकान क्रमांक 520, ग्राम बीर घग्गर, डाकघर चंडीमंदिर, तहसील एवं जिला पंचकुला, हरियाणा, पिन कोड- 134107, यह घोषणा करता हूँ कि मैं अपनी पत्नी का नाम उनके आधार कार्ड और पैन कार्ड के अनुसार 'आशा' से 'आशा देवी' सही करवाना चाहता हूँ, जो कि सत्य और सही है, लेकिन मेरे स्पर्श पीपीओ में गलती से 'आशा' लिखा गया है। मैं अपनी पत्नी 'आशा देवी' की जन्मतिथि को उनके आधार कार्ड और पैन कार्ड के अनुसार 13 मार्च 1962 के रूप में अपने स्पर्श पीपीओ में दर्ज करवाना चाहता हूँ।
एपी-6887

I, hitherto known as MAGESH S/o DEVI CHAND SINGHAL Resident of New Hanuman Nagar, District Saharanpur, Uttar Pradesh-247001 have changed my name and shall hereafter be known as MANGESH SINGHAL.

I Vikas Vishwakarma S/o Sundar Lal Vishwakarma R/o House No -942, Sector-9, Near Community Centre, PO-Gurgaon, Dist-Gurgaon, Haryana - 122001, have changed my name to Vikas Sharmaa

I Anshu Kumar Singh S/o Purendra Narayan Singh R/o T5-401, Sector-102, Near Adani Oyster, Emaar Imperial Garden, Kadipur (Part) (105), PO-Basai, Dist-Gurgaon, Haryana - 122006, have changed my name to Anshuman Singh

I Sakshi D/o Satpal R/o Durga Mandir Ke Pass, VTC- Rajaund, PO-Rajound, District- Kaithal, Haryana - 136044, have changed my name to Sakshi Sharma

I Kapil S/o Balwan Kumar R/o VTC Fatehpur (9) PO: Tajpur, Ateli Mandi, Mahendragarh, Haryana-123021, have changed my name to Kapil Kumar.
एपी-6892

**मैं,** मोहम्मद फारूक पुत्र मोहम्मद मोफिल निवासी मकान सं. 2042/3, स्मॉल फ्लैट्स, मलोया, चंडीगढ़ घोषित करता हूँ कि मैं, वोटर कार्ड धारक हूँ और जिसमें मेरा नाम मोहम्मद फारूक पुत्र मोहम्मद मोफिल के स्थान पर फरीक पुत्र बदरी अली वर्णित है। वर्ष 20.08.09 में जमाबंदी के अनुसार मेरा एवं मेरे पिता का सही नाम मोहम्मद फारूक पुत्र मोहम्मद मोफिल है। जिसे सही समझा जाए।

I, Matbar Singh f/o No. 4091723Y Hav Sandeep Singh r/o Village Dharkuri, P.O. Kot Bangar, Tehsil Jakholi, District Rudarprayag (UK), have changed my name from Matbar Singh to Matvar singh vide affidavit dated 30-12-2025 before executive magistrate Nahan.

I, Priyanka Devi d/o Sh. Balvir Singh, r/o VPO Koti Dhaman, Tehsil Dadahu, District Sirmaur (H.P.) have changed the name of my minor daughter Shareyasi (Old Name) to Shreyasi (New Name). All concerned please note.
एपी-6893

**मैं,** बलिया उर्फ भले सिंह पुत्र इन्द्रजीत सिंह गांव तिलाई पट्टी, सारसा तहसील पिहोवा जिला कुरुक्षेत्र को दोनों नाम से जाना जाता है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बोढा की ग्राम वाल्मीकि चौपाल की खुली बोली दिनांक 5- 01 2026 प्रातः 11:00 बजे पंचायत घर बोढा में की जाएगी बोली की सिक्योरिटी राशि 10000 होगी , बोली की शर्तें मौके पर सुनाई जाएगी इच्छुक बोली दाता निर्धारित समय व स्थान पर पहुंचे सरपंच, ग्राम पंचायत बोढा, खण्ड - पिहोवा जिला कुरुक्षेत्र
एपी-6895

**बेदखली सूचना**

**मैं,** शिव लाल सुपुत्र रामेशवर प्रसाद, मकान नंबर 623, हाउसिंग कॉम्प्लेक्स धनास, चंडीगढ़ सूचित करता हूँ कि मेरा पुत्र हरीश मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी सभी चल और अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। उससे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-6874

**मैं,** शक्ति पुत्र श्री बीर सिंह, निवासी मकान संख्या 4, एमडब्ल्यू प्लॉट, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-1, चंडीगढ़ (केंद्र शासित प्रदेश), यह घोषणा करता हूँ कि मैं अपने पुत्र आयुष जग्गी को अपनी सभी चल/ अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूँ। उसके साथ कोई भी लेन-देन अपने जोखिम पर करेगा। मेरी वा मेरे परिवार के सदस्य किसी भी कार्य के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे

हम, राम अवतार सुपुत्र राम प्रसाद एवं बिमला देवी पत्नी राम अवतार , निवासी मकान नंबर-16ए, नजदीक रविदास मंदिर, सूरजपुर, जिला पंचकुला घोषणा करते हैं कि हमारा पुत्र अजय कुमार और उसकी पत्नी कामिनी हमारे नियंत्रण से बाहर हैं। इसलिए हम इन्हें अपनी सभी चल-अचल संपत्तियों से बेदखल करते हैं। भविष्य में इनसे किसी भी प्रकार का लेन-देन करने वाले स्वयं जिम्मेवार होंगे।
एपी-6876

**मैं,** सिन्दर कौर पत्नी श्री सुरजीत सिंह निवासी चक्दा, उप तहसील निसिंग, जिला करनाल ब्यान करती हूं कि मेरा लड़का प्रिन्स पाल सिंह मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-6888

**खोया-पाया**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा ओरिजिनल पेमेंट रसीद नंबर 21690, तारीख 5.07.1996, जो अंसल हाउसिंग दिल्ली के CVS सहगल के नाम पर था, सोहाना मोहाली में खो गया है। अगर किसी को मिले तो कृपया 9878910555 पर संपर्क करें।
एपी-6875

**आवश्यक सूचना**

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# अटल जी के दिखाए अंत्योदय के मार्ग पर चल रहे सीएम नायब सैनी : सुमन सैनी

## बिना खर्ची-पर्ची के सरकारी नौकरियां देना अटल बिहारी के सुशासन के सपने का ही विस्तार

**उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने रामकुंडी लाडवा में आयोजित अटल स्मृति दिवस कार्यक्रम में की शिरकत**

अर्थप्रकाश/ विकास कश्यप



**लाडवा, 30 दिसंबर।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और हरियाणा सरकार आज भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के दिखाए अंत्योदय के मार्ग पर चल रही है। अंत्योदय यानी समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का उदय करना है। आज हरियाणा में जो पारदर्शी शासन है, बिना खर्ची-पर्ची के सरकारी नौकरियां मिल रही हैं और गांव-गांव तक जो विकास की गंगा बह रही है, जो अटल बिहारी के सुशासन के सपने का ही विस्तार है। लाडवा क्षेत्र के विकास के लिए भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी मंगलवार को रामकुंडी लाडवा में आयोजित अटल स्मृति दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थी। उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इससे पहले उपाध्यक्षा सुमन सैनी का चेयरपर्सन साक्षी खुराना, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र दबखेड़ा ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि आज लाडवा की इस पुण्य धरा पर आज हम यहां भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करने आए हैं। लाडवा की इस वीर भूमि से इतनी बड़ी संख्या में एकत्रित होकर भारत के उस महान सपूत के प्रति श्रद्धा प्रकट की है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने देश को जोडने का काम किया। चाहे वह स्वर्ण चतुर्भुज योजना के हो या नदियों को जोडने की बात हो। चाहे 1998 का पोखरण परमाणु परीक्षण हो या कारगिल युद्ध में दुश्मनों को धूल चटाना हो। अटल बिहारी ने सिद्ध किया कि भारत एक शांतिप्रिय देश तो है, लेकिन अपनी सीमाओं की रक्षा करना भी अच्छी तरह जानता है।

उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ऐसी महान विभूति थे जिन्होंने न केवल भारतीय राजनीति को नई दिशा दी, बल्कि प्रत्येक भारतीय के हृदय में राष्ट्रप्रेम की अलख जगाई। वे केवल एक नेता नहीं थे, वे एक विचार थे। वे एक कवि-हृदय राजनेता थे, जिनकी वाणी में मां सरस्वती का वास था। उन्होंने सिखाया कि राजनीति केवल सत्ता पाने का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का संकल्प होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हम अटल बिहारी को याद करते हैं तो हमें वह कविता याद आती है जिसमें उन्होंने कहा था कि हार नहीं मानूंगा, रार नहीं ठानूंगा, काल के कपाल पर लिखता मिटाता हूँ, गीत नया गाता हूँ। ये पंक्तियाँ उनके जीवन का सार थीं।

### गरीब बच्चों की शिक्षा के लिए सर्व शिक्षा अभियान की करी शुरुआत

उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने शिक्षा के क्षेत्र में सर्व शिक्षा अभियान की शुरुआत की, ताकि गरीब से गरीब बच्चा भी स्कूल जा सके। आज उनके इन्हीं प्रयासों का फल है कि भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी नारी शक्ति के बहुत बड़े हिमायती थे। उनका मानना था कि जब एक महिला सशक्त होती है, तो पूरा परिवार और समाज सशक्त होता है। हरियाणा में हमारी सरकार महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और स्वावलंबन के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संकल्प हरियाणा की धरती से ही पूरे देश में गूंजा है।

### अटल बिहारी ने सुशासन का अर्थ -सेवा, समर्पण और शुचिता बताया

उपाध्यक्षा सुमन सैनी ने कहा कि अटल बिहारी कहा करते थे कि भारत जमीन का टुकड़ा नहीं, एक जीता-जागता राष्ट्रपुरुष है। आज के इस डिजिटल युग में, जब हम तकनीक के साथ आगे बढ़ रहे हैं, हमें अटल जी के सिद्धांतों को नहीं भूलना चाहिए। सुशासन का अर्थ -सेवा, समर्पण और शुचिता है। उन्होंने नागरिकों को आह्वान करते हुए कहा कि अटल बिहारी को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी, जब हम उनके बताए रास्तों पर चलें। हम एक ऐसा हरियाणा और ऐसा भारत बनाएं जो भ्रष्टाचार मुक्त हो, शिक्षित हो और स्वाभिमानी हो।

इस मौके पर मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी, जिला अध्यक्ष तिजेंदर सिंह गोल्डी, चेयरपर्सन साक्षी खुराना, चेयरमैन डॉ गणेश दत्त, चेयरमैन जसविंदर जस्सी, चेयरमैन सतीश मथाना, प्रदेश सचिव राहुल राणा, मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष नरेंद्र दबखेड़ा, सरपंच एसोसिएशन प्रदेश प्रधान जितेंद्र खैरा, पूर्व जिला अध्यक्ष राज कुमार सैनी, नायब सिंह पटाक माजरा, पूनम सैनी, नरेंद्र सिंघल, सन्नी कालड़ा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत कुराली में लगा कानूनी जागरूकता शिविर

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 30 दिसंबर।** लीगल ऐड पैनल अधिवक्ता संजीव कुमार जौली द्वारा ग्राम पंचायत कुराली में एक कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पैनल अधिवक्ता संजीव कुमार जौली ने पी.एल.वी. अजय वर्मा के साथ उपस्थित ग्रामीणों को मानसिक बीमारी और बौद्धिक दिव्यांगता से पीड़ित व्यक्तियों के लिए उपलब्ध मुफ्त कानूनी सहायता व सुरक्षा संबंधी प्रावधानों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से ऐसे व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान की जाती है, ताकि उनके अधिकारों की रक्षा हो सके और वे सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। इसमें परिवार के साथ रहने, गरिमापूर्ण वातावरण, उचित उपचार, पर्याप्त भोजन, गोपनीयता और भेदभाव रहित न्याय प्रणाली तक पहुंच जैसे अधिकार शामिल हैं।

शिविर के दौरान अधिवक्ता संजीव जौली ने वीर परिवार सहायता योजना 2025 के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह योजना राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सैनिकों, पुलिस कर्मियों एवं अर्धसैनिक बलों के परिवारों को कानूनी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। विशेष रूप से वे परिवार, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं या जिनके परिजन कर्तव्य के दौरान शहीद अथवा घायल हुए हैं, उन्हें इस योजना के तहत कानूनी व वित्तीय सुरक्षा उपलब्ध कराई जाती है।

इसके अलावा यौन आपदा के पीड़ितों को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई तथा टोल फ्री नंबर 15100 के माध्यम से निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाई गई। शिविर में एचआईवी एवं एड्स से संबंधित कानूनों और जागरूकता पर भी विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अधिवक्ता संजीव जौली ने पोक्सो अधिनियम (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम) तथा कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीडन की रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों की भी जानकारी दी। साथ ही बाल-अनुकूल कानूनी सेवाएं योजना 2024 पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस योजना के लाभार्थी वे बच्चे हैं, जिनमें दिव्यांग बच्चे भी शामिल हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### एसडीएम ने स्कूल का किया औचक निरीक्षण



**टोहाना (अप्रस/संजीव सिंगला)।** एसडीएम आकाश शर्मा ने गांव जमालपुर शेखां स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक एवं भौतिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने कक्षाओं का दौरा कर विद्यार्थियों से संवाद किया और उनकी पढ़ाई व शैक्षणिक स्तर का आकलन किया। निरीक्षण के दौरान मिड-डे मील योजना के तहत भोजन की गुणवत्ता, रसोईघर की स्वच्छता, विज्ञान प्रयोगशाला, पुस्तकालय तथा अन्य शैक्षणिक संसाधनों का जायजा लिया गया। एसडीएम ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता, शौचालयों के रखरखाव और स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एसडीएम आकाश शर्मा ने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही शिक्षकों को समय पर विद्यालय पहुंचने, नियमित कक्षाएं संचालित करने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के निर्देश दिए।

### रुद्रांश का अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में चयन



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** सहारा इंटरनेशनल स्कूल लाडवा के दो बच्चों ने राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है। यह जानकारी स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि यह स्कूल के लिए गर्व का विषय है। मंगलवार को स्कूल में पहुंचने पर स्कूल की तरफ से दोनों बच्चों को सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि स्कूल की अत्याधुनिक शूटिंग रेंज, आधुनिक उपकरणों और कुशल प्रशिक्षण के परिणामस्वरूप कक्षा आठवीं के प्रतिभाशाली विद्यार्थी रुद्रांश का चयन अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग प्रतियोगिता के लिए हुआ है। साथ ही कक्षा दूसरी की छात्रा मान्या ने टैलेंट हंट प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया है। स्कूल विद्यार्थियों को समय-समय पर ऐसी सह-पाठ्यचर्या गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता रहता है। इन उपलब्धियों से स्कूल परिवार, अभिभावकों और संपूर्ण क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। इस अवसर पर कंवरदीप सैनी भी मौजूद थे।

### अखंड सिद्ध हनुमान मंदिर में की पूजा अर्चना



**लाडवा (अप्रस/विकास कश्यप)।** अखंड सिद्ध हनुमान मंदिर में मंगलवार को हनुमान भक्तों ने हनुमान पर सिंदूर युक्त तेल व लंगोट चढ़ाकर हनुमान की पूजा-अर्चना की। मंदिर की महानता है कि जो भी भक्त सच्चे व शुद्ध मन से हनुमान पर सिंदूर युक्त तेल व लंगोट चढ़ाता है तो उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है। इसी कारण हर मंगलवार को मंदिर में हनुमान भक्त आकर हनुमान की पूजा-अर्चना कर सिंदूर युक्त तेल व लंगोट चढ़ाते है। इस मंगलवार को भी मंदिर में भारी संख्या में हनुमान भक्तों ने पहुंचकर हनुमान की पूजा-अर्चना की। हनुमान भक्तों की सुख-समृद्धि व उनकी मंगलकामना के लिए मंदिर में संगीतमय सुंदर कांड का पाठ व हवन का आयोजन भी किया गया। पाठ व हवन मंदिर के पुजारी द्वारा विधिवत पूर्वक करवाया गया, जिसमें मुख्य यजमान सहित अनेक हनुमान भक्तों ने आहुतियां डाली। हवन के बाद मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसके मुख्य यजमान रामपाल धूम्मन व उसका परिवार था। भंडारे में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर में आए सभी भक्तों को स्वामी सत्यानंद महाराज ने प्रसाद देकर अपना आशीर्वाद दिया व उनके मंगलमय की कामना की। इस अवसर पर राम पाल इक्ससह धुम्मन, पारस, जगमाल इक्ससह, परमजीत सिंह, कुसुम लता, भारत धुम्मन सहित अनेक हनुमान भक्त मौजूद थे।

# ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ के एस एस चट्ठा बने जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष



एस.एस.चट्ठा राजकुमार कौशिक सत्यनारायण गुप्ता

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र, 30 दिसंबर।** ऑल इंडिया पत्रकार एकता संघ की मासिक बैठक का आयोजन संघ के कुरुक्षेत्र स्थित प्रांतीय कार्यालय में किया गया जिसमें संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा पत्रकार साथियों को जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा प्रदेश के मुख्य संरक्षक दलबीर सिंह मलिक ने की। इस अवसर पर राजकुमार कौशिक को जिला संगठन सचिव, एस एस चट्ठा को जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष व सत्यनारायण गुप्ता को ब्लॉक प्रधान पिहोवा नियुक्त किया गया। इस मौके पर प्रांतीय पदाधिकारी तथा जिला कुरुक्षेत्र इकाई के सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। नव नियुक्त पदाधिकारियों को मुख्य प्रदेश संरक्षक दलबीर सिंह मलिक, प्रदेश मुख्य सलाहकार राजकुमार वालिया, प्रदेशाध्यक्ष अश्वनी वालिया, प्रदेश संरक्षक सुशील शर्मा, प्रदेश वरिष्ठ उप प्रधान देस राज भटनागर ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बैठक में सभी सदस्यों से आह्वान किया कि वे अपने संपर्क में आने वाले पत्रकार बंधुओं को संगठन से जोड़कर इसकी शक्ति बढ़ाएं।

### 180 लीटर कच्ची शराब सहित तस्कर काबू

**नरवाना (अप्रस/हितेश गर्ग)।** पुलिस अधीक्षक जींद कुलदीप सिंह के मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक नरवाना कमलदीप राणा के कुशल नेतृत्व में जिला जींद पुलिस द्वारा अवैध शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए स्टाफ नरवाना की टीम ने ऑपरेशन हॉटस्पॉट डोमिनेशन के अंतर्गत एक बड़ी सफलता हासिल की है। सीआईए प्रभारी एसआई सुखदेव सिंह की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव उझाना में एक शराब तस्कर को 180 लीटर कच्ची शराब लाहन सहित काबू किया है। सीआईए प्रभारी सुखदेव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑपरेशन के दौरान सीआईए की टीम उप निरीक्षक शमशेर सिंह के नेतृत्व में गांव उझाना में मौजूद थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रामकरण नामक व्यक्ति अवैध शराब निकालने का कार्य करता है और अपने पशुबाड़ा में लाहन छुपाकर रखे हुए है। सूचना के आधार पर टीम ने तुरंत मौके पर दबिश दी और आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पशुबाड़ा से 180 लीटर कच्ची शराब लाहन बरामद की गई।

# ग्रामीण आजीविका मिशन बनी महिलाओं के लिए संजीवनी मशरूम उत्पादन से आत्मनिर्भर बनीं नरवाना की महिलाएं

अर्थ प्रकाश/हितेश गर्ग



**नरवाना, 30 दिसंबर।** हरियाणा सरकार की ग्रामीण आजीविका मिशन योजना आज ग्रामीण महिलाओं के लिए संजीवनी साबित हो रही है। नरवाना ब्लॉक के कल्पना क्लस्टर से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मशरूम उत्पादन को अपनाकर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल कायम की है। सरकारी प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन और मिशन के सहयोग से ये महिलाएं अब सफल उद्यमी बनकर उभर रही हैं। हरियाणा सरकार द्वारा संचालित हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (एचएसआरएलएम) के तहत महिलाओं को स्वरोज़गार से जोड़ने की दिशा में यह एक बड़ी सफलता मानी जा रही है। कल्पना क्लस्टर से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मशरूम उत्पादन को रोजगार का साधन बनाकर न केवल अपनी आमदनी बढ़ाई है, बल्कि क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत बनी हैं। ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर संजय भारद्वाज ने बताया कि एचएसआरएलएम योजना के अंतर्गत कल्पना क्लस्टर की महिलाओं को सच्चा खेड़ा स्थित पंजाब नेशनल किसान प्रशिक्षण केंद्र में 12 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण दिलवाया गया। इस दौरान महिलाओं को मशरूम फार्म तैयार करने, उत्पादन, देखरेख और अधिक पैदावार लेने की आधुनिक तकनीकों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के उपरांत सरकार और मिशन के सहयोग से महिलाओं का मशरूम फार्म स्थापित कराया गया, जो नरवाना क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा संचालित एकमात्र मशरूम फार्म है। उन्होंने बताया कि अक्टूबर माह में शुरू हुए इस मशरूम फार्म से एक फेस की तुड़ाई पूरी हो चुकी है, जबकि दूसरा फेस जल्द ही आने वाला है। अब तक मशरूम बिक्री से करीब सवा लाख रुपये की आय हो चुकी है, जो महिलाओं के आत्मविश्वास और मेहनत का परिणाम है।

# सन 2025 में नगर परिषद के अधिकारियों से परेशान रहे टोहाना निवासी व चुने गए जनप्रतिनिधि

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना, 30 दिसंबर।** सन 2025 जैसे ही खत्म होने वाला है वैसे ही शहर निवासिओ में एक बात चर्चा का विषय बनी हुई है कि सारा साल शहर में नगर परिषद के अधिकारी भ्रष्टाचार के चर्चे लोग तो लोग जनप्रतिनिधि भी करते देखे गए।शहर में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर इसकी गवाही देते दिखाई दिए शहर में कूड़े को डूने वाली डोर टू डोर सर्विस तो कई दिन से बंद ही है नगर परिषद अधिकारी सिर्फ वही कार्य करते दिखाई देते हैं जिसमें कमीशन की गंध आती दिखाई देती है शहर में अतिक्रमण के नाम पर नगर परिषद के अधिकारियों व उपमंडल अधिकारियों ने सुबह 5:00 बजे तुगलकी फरमान जारी कर लोगों के आशियाने तोड़ने का कार्य किया और तो और सारा साल लोगों द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि वह अध्यक्ष भी नगर परिषद में चल रही अधिकारियों की मनमर्जी वह भ्रष्टाचार का बिगुल बजाने में लग रहे और नगर परिषद में अधिकारियों का न होना भी शहर की अवब्यास्था को दर्शाता दिखाई दिया। नगर परिषद में सहायक अभियंता की गैर हाजिरी भी शहर में नगर परिषद के जनप्रतिनिधियों के कार्यों में रुकावट बनी हुई है। जनप्रतिनिधियों की नगर परिषद में सुनने वाला कोई भी अधिकारी नहीं है जिससे शहर में सभी कार्य पड़े दिखाई दे रहे हैं लोगों का कहना है कि नगर परिषद के अधिकारी सिर्फ ठेकेदारों की ही सुनते दिखाई देते हैं आम जनता अपने कार्यों के लिए धक्के खाती नजर आती है क्या हरियाणा में तीसरी बार बनी भारतीय जनता पार्टी की सरकार टोहाना के निवासियों की सुनेगी या 2026 में भी यही हाल रहेगा जनता व प्रतिनिधियों का!

### स्कूल में धूमधाम से मनाया नववर्ष का जश्न

**लाडवा (विकास कश्यप)।** लाडवा के किडजी और रॉयल किड्स कॉन्वेंट स्कूल में मंगलवार को नववर्ष का जश्न धूमधाम के साथ मनाया गया। स्कूली बच्चों ने नाच-गाते हुए 2025 साल को विदा किया और 2026 साल का स्वागत किया। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे को नववर्ष की शुभकामनाएं भी दी। स्कूल की प्रधानाचार्य विम्मी तनेजा ने कहा कि इस दिन को पूरी दुनिया के लोग त्यौहार एवं अपनी-अपनी संस्कृति और सभ्यता के हिसाब से मनाते हैं। उन्होंने छात्रों के मंगलमय भविष्य की कामना भी की। इस मौके पर स्कूल की कोर्डिनेटर प्रभा, मुस्कान मग्गो, गीता, शिवानी, वर्षा, गौरव, गरिमा अरोड़ा, वंदना, महक शर्मा, सिमरन, सोनिया, रविंद्र, डोली, निशु, शैलवी, सरबजीत, स्वाति, कविता, सिमरन, गीता शर्मा, पल्लवी शर्मा, महक शर्मा, हिमांशी, सुनीता, गरिमा, भावना मुख्य रूप से मौजूद थी।

# पीड़ितों को समय पर आर्थिक सहायता एवं न्याय दिलाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी : उपायुक्त

अर्थ प्रकाश/सुभाष जैन

**पानीपत, 30 दिसंबर।** जिला उपायुक्त डॉ. विरेंदर कुमार दहिया की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय स्थित सभागार में जिला स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण अधिनियम) के अंतर्गत दर्ज मामलों की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक के दौरान उपायुक्त डॉ. दहिया ने बताया कि जिले में दर्ज 5 मामलों का समाधान कर लिया गया है तथा शेष मामले में नियमानुसार शीघ्र कार्यवाही की जा रही है। उपायुक्त डॉ दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ितों को समय पर आर्थिक सहायता एवं न्याय दिलाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

उपायुक्त डॉ. दहिया ने कहा कि सरकार की मंशा है कि पीड़ितों को न्याय और सहायता समय पर मिले। साथ ही यह भी आवश्यक है कि झूठे मामलों पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि कानून का दुरुपयोग न हो। डॉ दहिया ने कहा कि सभी जांच निष्पक्ष, पारदर्शी और तथ्यों के आधार पर होनी चाहिए। हमारा नैतिक दायित्व है कि हम ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। हमारा आचरण समाज के लिए उदाहरण होना चाहिए।

उपायुक्त ने लंबित मामलों की नियमित समीक्षा के लिए समिति के गठन के निर्देश दिए तथा कहा कि राहत राशि से संबंधित बजट की कमी को शीघ्र उच्च स्तर पर भेजकर समाधान कराया जाए।

# निष्काम सेवा ही मानव जीवन की वास्तविक साधना है : डा. श्रीप्रकाश मिश्र

अर्थ प्रकाश/अर्पण वधवा

**कुरुक्षेत्र, 30 दिसंबर।** निष्काम भाव से की गई सेवा हृदय को निर्मल करती है, अहंकार, स्वार्थ और मोह से मुक्ति दिलाती है, और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करती है। निष्काम सेवा समाज के कमजोर वर्गों, गरीबों, बीमारों और जरूरतमंदों की मदद करती है, जिससे मानवता का कल्याण होता है और समाज में प्रेम व सद्भाव बढ़ता है। निष्काम सेवा ही मानव जीवन की वास्तविक साधना है।

यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने मानव जीवन में निष्काम सेवा का महत्व विषय पर मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित सेवा संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किये।

कार्यक्रम का शुभारम्भ भारतमाता एवं योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पार्चन से हुआ। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने निष्काम मिशन के महत्व पर अनेक प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किये।

मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा निष्काम सेवा का अर्थ है बिना किसी फल, स्वार्थ, या बदले की इच्छा के, पूरी तरह निस्वार्थ भाव से की गई सेवा या कर्म, जहाँ सेवा स्वयं में ही परम उद्देश्य होती है और इससे व्यक्तिगत लाभ की कोई अपेक्षा नहीं की जाती। यह मानवता, प्रकृति या ईश्वर के प्रति समर्पण का भाव है, जिससे आंतरिक संतुष्टि और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है।मी

निष्काम सेवा का महत्व यह है कि यह व्यक्तिगत स्वार्थों से ऊपर उठकर दूसरों की निस्वार्थ भाव से मदद करना सिखाती है, जिससे मन शुद्ध होता है, अहंकार खत्म होता है और सच्चा आनंद व संतुष्टि मिलती है। निष्काम सेवा का अर्थ है कि हमें किसी भी कार्य के बदले में कुछ भी नहीं चाहिए।

# ए.ओ ह्यूम से लेकर मल्लिकार्जुन खड़गे की कांग्रेस में बदलाव की जरूरत

## कांग्रेस के पास संगठन के साथ मजबूत केंद्रीय लीडरशिप की कमी

**140 साल की कांग्रेस बदलाव की प्रसव पीढ़ा की दहलीज पर**

**पिटे हुए मोहरों को फिर से बड़ी जिम्मेदारी देने से दुर्गति हुई**

**कांग्रेस को इंदिरा जैसे त्वरित निर्णय लेने वाली लीडरशिप की जरूरत**

अर्थ प्रकाश/शैलैंद्र जैन

**करनाल, 30 दिसंबर।** सन 1889 से लेकर 2025 की दहलीज पर खड़ी कांग्रेस, ए. ओ ह्यूम से लेकर सोनिया गांधी, राहुल , प्रिंयका गांधी के बाद मल्लिकार्जुन खड़गे की तरफ जाती कांग्रेस तीन शताब्दी की इस यात्रा में गहन बदलाव की प्रसव बेदना के दौर से गुजर रही हैं। देश को आजादी दिलाने के संग्राम के बाद आजादी के बाद के साढ़े सात दशक में कांग्रेस की निष्कंटक राज तथा सातवें दशक में देश में राजनीति के हांशिए पर खड़ी कांग्रेस आज चिंतन और मंथन के दौर से गुजर रही कांग्रेस लगातार सिमटती जा रही है। तीन दशक की यात्रा के इस दौर में कांग्रेस अंग्रेजों के कांग्रेसी कल्चर ए. ओ ह्यूम और एनीविसेंट, के बाद गोखले गांधी सुभाष पटेल और नेहरू की कांग्रेस ने आजादी की लढ़ाई लढ़ी। आजादी के बाद कांग्रेस नेहरू, गांधी खानदान के बीच सिमट कर रह गई। कुछ सालों के लिए भले ही कांग्रेस शास्त्री, पी.वी नरसिंहा राव, देव राज अर्स निगंलप्पा की रही हो। कांग्रेस से कई पार्टियों का उदय हुआ। आज 141 वें साल में कांग्रेस अब तक सबसे बुरे दिनों के दौर से गुजर रही हैं। जहां कभी भारत में कांग्रेस का सूर्य अस्त नहीं होता था। आज कांग्रेस कुछ राज्यों में सिमट कर रह गई है। संसद में भी प्रचंड बहुमत से लेकर सौ से अंकों तक सिमट कर रह गई हैं। कांग्रेस को आज सबसे बुरे दिनों के दौर से होकर गुजरना पड़ रहा हैं। किसी समय में आलाकमान के सामने किसी दिग्गज की भी बोलने की हिम्मत नहीं होती थी आज छोटे नेता भी आंख तरेर रहे हैं। कांग्रेस में नेहरू जी के बाद इंदिरा, संजय और राजीव गांधी का दौर कांग्रेस का स्वर्णकाल रहा। श्रीमती सोनिया गांधी के समय से पतन की कहानी शुरू हो गई। राहुल और प्रियंका के आते आते कांग्रेस के पतन की इंतहा हो गई हैं। अब कांग्रेस मल्लिकार्जुन खडगे की अगुवाई में चल रही हैं। कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा के बाद न्याय यात्रा निकालनी पड़ रही हैं। कांग्रेस के मोहरे छत्तीसगढ़ राजस्थान और मध्यप्रदेश में पिट गए हैं। कांग्रेस का परंपरागत वोट बैंक खिसकता जा रहा हैं। दिरवारी नेताओं के चंगुल में फंसा कांग्रेस का हाई कमान आज अपने योग्य नेताओं को उपेक्षित कर रहा हैं। मध्य प्र्देश में ज्योतिरादित्य , पंजाब में अमरेंद्र सिंह को उपेक्षा के कारण कांग्रेस को अलविदा कहना पड़ा हरियाणा में भूपेंद्र सिंह हुड्डा की टांग खिचाई इन राज्यों की कांग्रेस की डोर अयोग्य और अदूरदर्शी नेताओं के हाथ में देने से कांग्रेस की दुर्गति हुई हैं। हरियाणा में दस साल बाद संगठन बन पाया है। राजस्थान, मधप्रदेश छत्तीसगढ़ कांग्रेस के हाथ से निकल गया। पंजाब में जोकरों के हाथ में बागडोर सौंपने से कांग्रेस का अहित हुआ था। कांग्रेस के राहुल प्रिंयका और सोनिया से आम कार्यकर्त्ता का संवाद टूट गया। कांग्रेस की रीढ़ कांग्रेस सेवादल जर्जर हो गई। कांग्रेस के नेता पांच संकल्प भूल गए। कांग्रेस से अनुसूचित जाति जन जाति, पिछड़ा बर्ग ब्राह्मण वैश्य बर्ग टूट गया। कांग्रेस के आलाकमान पत्रकारों से दूर हो गया।

# साल की आखिरी एकादशी: पौष पुत्रदा एकादशी पर करें श्रीहरि विष्णु की पूजा, मिलेगा संतान सुख



हिंदू धर्म में एकादशी व्रत को बेहद पुण्यफलदायी माना जाता है। वहीं पौष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को पुत्रदा एकादशी कहा जाता है। पुत्रदा एकादशी विशेष रूप से संतान सुख, वंश की कामना और परिवार की वृद्धि के लिए किया जाता है। यह साल की आखिरी एकादशी भी है। पुत्रदा एकादशी जगत के पालनहार भगवान श्रीहरि विष्णु को समर्पित है। पौष पुत्रदा एकादशी तिथि की शुरूआत 30 दिसंबर की सुबह 07:51 मिनट पर हो रही है। वहीं अगले दिन यानी की 31 दिसंबर की सुबह 05:01 मिनट पर होगा। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा के लिए अभिजीत मुहूर्त उपलब्ध है। अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12:03 मिनट से शुरू होगा और दोपहर 12:44 मिनट पर समाप्त होगा। इस मुहूर्त में भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना करने से सुख-समृद्धि, शांति और संतान प्राप्ति का मार्ग खुलेगा।

इस दिन सुबह जल्दी स्नान आदि करने के बाद एकादशी व्रत का संकल्प लें। फिर चौकी पर भगवान श्रीहरि विष्णु की प्रतिमा स्थापित करें। अब उनको पंचामृत से स्नान कराएं और पीले फूल, पीले वस्त्र, तुलसी दल, अक्षत और धूप-दीप अर्पित करें। भोग में तुलसी दल को जरूर शामिल करें। साथ ही 'ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय नमः' मंत्र का 108 बार जाप करें। फिर पौष पुत्रदा एकादशी व्रत कथा का पाठ करें और पूजा के अंत में आरती करें।

धार्मिक मान्यता के मुताबिक पौष माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी यानी की पुत्रदा एकादशी का व्रत करने से संतान प्राप्ति होती है। वहीं जिन लोगों के संतान होती है, उनको सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होती है। पुत्रदा एकादशी का व्रत संतान को सभी तरह से शुभ फल दिलाने वाला है। इस व्रत को करने से जातक को अश्वमेध यज्ञ के समान पुण्य प्राप्त होता है और व्यक्ति सभी तरह के पाप और दोषों से मुक्त होता है। इस व्रत के प्रभाव से जातक जीवन में सभी तरह के सुखों को भोगता हुआ अंत में बैकुंठ को प्राप्त करता है।

# भीखा भूखा कोई नहीं, सबकी गठरी लाल



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

सन्तों-महापुरुषों ने यही आवाज हमेशा दी है कि हे इन्सान! इस साध संगत के साथ जुड़ जा। इसके साथ जुड़ने से ही तेरे जीवन में रंगत आ सकती है, इस नाम का रंग चढ़ सकता है और इस ज्ञान की कीमत भी तू जान सकता है। जिस तरह से और भी दुनियावी चीजों की संभाल की जाती है, उनकी कीमत के अनुसार ही हम उनकी संभाल करते हैं। जो कम कीमती वस्त होती है, उसको कमरों में रखते हं। जो ज्यादा कीमती चीज है, तो कमरे में रखी हुई अलमारियों में रखते हैं और भी कीमती हो तो अलमारियों के अन्दर ऐसे खाने बना रखे होते हैं कि आम इन्सान उसे देख भी न पाए। इतनी-इतनी संभाल, इतना-इतना दर्जा हम देते जाते हैं। इस ज्ञान की कीमत का अगर हमें अहसास न होगा तो फिर वास्तव में हीरा प्राप्त होते हुए भी कंगाल होने की बात हो जाती है-

भीखा भूखा कोई नहिं, सबकी गठरी लाल। गांठ खोल देखत नहिं, याते भए कंगाल।।

इस ज्ञान की संभाल जिस-जिस ने भी की है, आनन्द प्राप्त किया है। इस ज्ञ्ज्ञन की संभाल साध संगत के द्वारा होती है, सुमिरन के द्वारा होती है और सेवा के द्वारा होती है-

कबीर कउड़ी कउड़ी जोरि के जोरे लाख करोरि। चलती बार न कछु मिलिओ लई लंगोटी तोरि।

हे इंसान! तेरे तन पर अगर एक लंगोटी मात्र ही है, तो यह भी साथ नहीं जाने वाली। तू जिनके लिए तमाम जीवन लगा रहा है, ये तेरे किस काम आ रहे हैं, ये श्वास किस को समर्पित कर रहा है? इन श्वासों का तू क्या मोल डाल रहा है? तू इस प्रभु के साथ अपना नाता जोड़ ले, इस परमात्मा के साथ नाता जोड़ ले, तभी यह तेरा लोक भी सुखी हो सकेगा और परलोक भी सुहेला हो जाएगा।

अगर कोई अपने आप को बड़ा मानकर अपनी चतुराईयां, हील-हुज्जतें अपना लेता है, तो उसके ऊपर जो निखार आना है, वह नहीं आ पाता है। साध संगत! यही दातार के आगे अरदास है कि दातार मेहर करें, गुरमुख-महापुरुषों को जो यह उत्तम ज्ञान प्राप्त हुआ है, इस ज्ञान को सीाल कर रखें। संसार में जो वैर, ईर्ष्या, नफ़रत, घृणा की भावना है, इनसे गुरुमुख हमेशा ऊपर हुआ करता है। अगर यह मन साध संगत से जुड़ा रहता है, उपदेश से जुड़ा रहताहै, तो फिर वह ऐसी छोटी भावनाओं से दूर रहता है। लेकिन अगरउसकी सोच सांसारिक बन जाती है, सांसारिक स्वभाव सामने आ जाते हैं, फिर तो ऐसी अवस्था है।





## नोकरियां यहां देखें

**आईआईटी भुवनेश्वर में नॉन टीचिंग के**
कुल पदः101
आवेदन की अंतिम तिथिः 8 जनवरी, 2025
योग्यताः यूजी,अनुभव
आयुः 32 से 55 साल
करें आवेदनः
**iitbbs.ac.in**

**स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया में के कोच के**
कुल पदः 11
आवेदन की अंतिम तिथिः11 जनवरी, 2025
योग्यताः अनुभव, द्रोणाचार्य पुरस्कार
आयु सीमा अधिकतमः 64 साल

**झारखंड बोर्ड द्वारा विज्ञापित स्पेशल टीचर के**
कुल पदः 3451
आवेदन की अंतिम तिथिः 13 जनवरी, 2025
योग्यताः डिप्लोमा,युजी
आयुसीमाः 21से 40 साल
आवेदन करें :
**jssc.jharkhand.gov.in**

**बिहार सर्विस कमीशन द्वारा विज्ञापित जूनियर इंजीनियर के**
कुल पदः347
आवेदन की अंतिम तिथिः= 12 जनवरी, 2025
योग्यताःइंजीनियरिंग, डिप्लोमा
आयु सीमाः 18 से 37 साल
करें आवेदनः
**btsc. bihar.gov.in**

**बैंक ऑफ़ इंडिया में क्रेडिट ऑफीसर के**
कुल पदः 514
आवेदन की अंतिम तिथिः 5 जनवरी, 2025
योग्यताः यूजी
आयुः 25 से 40 साल
करें आवेदनः
**bankofindia.co.in**

**रेल कोच फैक्ट्री में अप्रेंटिस के**
कुल पदः 550
आवेदन की अंतिम तिथिः 7 जनवरी, 2025
योग्यताः दसवीं, आईटीआई
आयुः15 से 24 साल
करें आवेदनः
**ref.indian railways. gov.in**

जॉब्स से संबंधित सूचनाएं पाने के लिए
**arthparkash.com** देखें


# बाल विवाह के विरुद्ध प्रशासन सख्त, सोनीपत को बाल विवाह मुक्त बनाने का संकल्प



**बाल विवाह से संबंधित शिकायतों के लिए 112, 1098 करे डायल, सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान को रखा जाएगा गोपनीय**

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिला प्रशासन बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति के उन्मूलन के लिए निरंतर, संवेदनशील एवं सख्त कदम उठा रहा है। प्रशासन का स्पष्ट मानना है कि प्रशासन और समाज के संयुक्त प्रयासों से ही इस सामाजिक अपराध पर प्रभावी रोक संभव है।

उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि बाल विवाह केवल कानून का उल्लंघन नहीं है, बल्कि यह बच्चों के अधिकारों और उनके भविष्य के साथ गंभीर अन्याय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि जिला में किसी भी बच्चे का बचपन न छीना जाए। इस दिशा में सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस प्रशासन, शिक्षा विभाग तथा पंचायतों के सहयोग से संभावित बाल विवाह की घटनाओं पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है। उपायुक्त के नेतृत्व में चल रहे जिला स्तरीय जागरूकता अभियान के तहत आज जिला संरक्षण सह बाल विवाह निषेध अधिकारी की टीम द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में विशेष जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गई। टीम में शामिल राजेश, महिला सिपाही स्वीटी तथा ईएचसी राजमल द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खेवड़ा एवं राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जाखौली में जागरूकता शिविर लगाए गए। इन शिविरों के माध्यम से छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं विद्यालय स्टाफ को बाल विवाह निषेध अधिनियम, बाल अधिकारों, शिक्षा के महत्व तथा बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

# जो अपने वर्तमान से संतुष्ट न हों ऐसे व्यक्ति खुश नहीं हो सकते: मुनिश्री विनय कुमार जी



**चंडीगढ़।** खुश रहने के लिए जरूरी है कि हम अपने जीवन से नीरस रंगों को दूर करके उसमें उजले रंग भरें। सफलता और असफलता हमारे जीवन का हिस्सा हैं। इसलिए सफलता मिलने पर व्यक्ति को न तो ज्यादा अभिमान करना चाहिए और न ही असफलता मिलने पर व्यक्ति को निराश होना चाहिए। दोनों ही स्थिति में मनुष्य को सामान्य बने रहना चाहिए। खुश रहने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि हमें नकारात्मक सोच को दूर करके सकारात्मक विचारों को अपने पास रखना चाहिए। सकारात्मक विचारों से हमें ऊर्जा मिलती है और इससे हम अपनी समस्याओं से निपट सकते हैं। जब हमें समस्याएं नहीं होंगी तो हम हमेशा खुश रहेंगे। ये शब्द मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक ने सैक्टर 24सी अणुव्रत भवन तुलसी सभागार में कहे।

मनीषीश्रीसंत ने आगे कहा सकारात्मक विचारों से हमें ऊर्जा मिलती है और इससे हम अपनी समस्याओं से निपट सकते हैं। जब हमें समस्याएं नहीं होंगी तो हम हमेशा खुश रहेंगे। यूं हमारी खुशी और हमारी उपलब्धियों के बीच सीधा कोई रिश्ता नहीं है। यानी इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप क्या और कहां हैं। सिर्फ हमारी सोच से ही हम खुशी को महसूस कर सकते हैं। यदि सोच नकारात्मक हो, तो महल के वैभव में रहने वाला राजा तक अपने आपको दुखी समझेगा, जबकि सकारात्मक सोच में झोपड़ी में रहने वाला मजदूर भी अपने आपको किसी राजा से कम नहीं आंकेगा। अपने व्यवहार में थोड़ा-सा बदलाव करके आप अनेक खुशियां पा सकते हैं।

मनीषीश्रीसंत ने अंत मे फरमाया ऐसे व्यक्ति कभी खुश नहीं हो सकते, जो अपने वर्तमान से संतुष्ट न हों, अपने व्यवहार में थोड़ा-सा बदलाव करके आप अनेक खुशियां पा सकते हैं। खुशी पाने के लिए मनुष्य यहां-वहां भटकता रहता है, जबकि खुशी उसके अंतर्मन में निहित है। दुर्भाग्यवश ज्यादातर लोग यह बात जानते हुए भी इससे अनजान बने रहते हैं। हमारी खुशी का सीधा संबंध संतोष-संतुष्टि से है और हमारा आंतरिक दृष्टिकोण ही हमारे अंदर सच्चे मायने में खुशी की भावना का अहसास कराता है। कुछ लोग यह सोचते रहते हैं कि अमुक वस्तु मिल जाए, तो उनका जीवन खुशियों से भर जाए, लेकिन जब उन्हें वह चीज मिल जाती है, तो भी वे खुश नहीं होते। ज्यादातर लोग यह बात जानते हुए भी इससे अनजान बने रहते हैं। हमारी खुशी का सीधा संबंध संतोष-संतुष्टि से है और हमारा आंतरिक दृष्टिकोण ही हमारे अंदर सच्चे मायने में खुशी की भावना का अहसास कराता है। कुछ लोग यह सोचते रहते हैं कि अमुक वस्तु मिल जाए, तो उनका जीवन खुशियों से भर जाए, लेकिन जब उन्हें वह चीज मिल जाती है, तो भी वे खुश नहीं होते। अतुल मुनि जी ने फरमाया कि खुशी और हमारी उपलब्धियों के बीच सीधा कोई रिश्ता नहीं है।

## पंचांग

बुधवार, 31 दिसम्बर, 2025, सूर्योदयः 07:14 ए एम, सूर्यास्तः 05:35 पी एम, चन्द्रोदयः 02:19 पी एम, चन्द्रास्तः 04:55 ए एम, जनवरी 01, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2082 पिङ्गल, अमान्त महीनाः पौष, पूर्णिमान्त महीनाः पौष, वारः बुधवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः द्वादशी - 01:47 ए एम, जनवरी 01 तक, नक्षत्रः कृत्तिका - 01:29 ए एम, जनवरी 01 तक, योगः साध्य - 09:13 पी एम तक, करणः बव - 03:26 पी एम तक, द्वितीय करणः बालव - 01:47 ए एम, जनवरी 01 तक, सूर्य राशिः धनु, चन्द्र राशिः मेष - 09:23 ए एम तक, राहुकालः 12:24 पी एम से 01:42 पी एम, गुलिक कालः 11:07 ए एम से 12:24 पी एम, यमगण्डः 08:31 ए एम से 09:49 ए एम, अभिजित मुहूर्तः कोई नहीं, दुर्मुहूर्तः 12:04 पी एम से 12:45 पी एम, अमृत कालः 11:20 पी एम से 12:46 ए एम, जनवरी 01, वर्ज्यः 02:44 पी एम से 04:10 पी एम

## भविष्य फल



**मेषः** आपकी राजनैयिक योग्यताओं एवं कठिन परिश्रम से आपकी अच्छी आय की वापसी हो सकती है जिससे आपके अधिकारियों पर आपके प्रति अच्छी धारणा बन सकती है।

**वृषः** कुछ ऐसे लोगों से मुलाकात होगी जिनके पास पैसे कमाने के बहुत अच्छे विचार या मौके हैं।

**मिथुनः** आपके रुके हुए कार्य पुरे होंगे। नौकरी के कार्यक्षेत्र में पद प्रतिष्ठा के साथ आय बढेगी।

**कर्कः** कार्यस्थल पर उन लोगों को पहचानने की कोशिश करें, जो आपकी छवि खराब करने पर तुले हैं या फिर आपका काम बिगाड़ने पर उतारू हैं।

**सिंहः** किसी नए काम की शुरूआत हो सकती है। ऐसा भी हो सकता है कि पुराने रुके काम फिर से शुरू हो जाए।

**कन्याः** मौसम में बदलाव से आप कुछ एलर्जी प्रतिक्रियाओं के साथ आक्रमण कर सकते हैं।

**तुलाः** आज आप अपनी मेहनत व साथियों की मदद से सफलता प्राप्त कर सकेंगे। अपने समूह में सभी को उत्साहित करके एक साथ काम करें।

**वृश्चिकः** आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है। धार्मिक और सामाजिक काम के लिए समय निकाल लेंगे। परिवार के साथ समय बीतेगा

**धनुः** अगर आप अत्यधिक धन कमाना चाहते हैं तो आपको अपने व्यापार में थोड़ा और मेहनत करने की जरूरत है।

**मकरः** आज आपका रुझान अध्यात्म की ओर रहेगा। अपने असली रूप को पहचाने और आध्यात्मिक ज्ञान को बढ़ाने की कोशिश करें।

**कुंभः** आपका ध्यान संतान और शिक्षा की तरफ रहेगा। आज आप पॉजिटिव नजरिया रखेंगे, तो दिन अच्छे से बीत जाएगा।

**मीनः** आज आपको सौंपा गया एक नया प्रोजेक्ट आप ईमानदारी और समर्पण के साथ पूरा करेंगे।

# भारत में अपनी रिटेल स्ट्रेटेजी बढ़ा रहा है एसुस

यमुनानगर। देशभर में अपने रिटेल नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ते हुए, ताइवान की टेक कंपनी, एसुस इंडिया ने यमुनानगर में अपना पहला एक्सक्लूसिव स्टोर लॉन्च किया। नया स्टोर 430 वर्ग फुट में फैला हुआ है और इसमें इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्प्यूटर हार्डवेयर की विस्तृत रेंज उपलब्ध होगी, जिसमें एसुस के प्रमुख प्रोडक्ट्स, जैसे- विवोबुक, जेनबुक, रिपब्लिक ऑफ गेमर्स (आरओजी) लैपटॉप, गेमिंग डेस्कटॉप, ऑल-इन-वन डेस्कटॉप और एक्सेसरीज शामिल हैं। यह ब्रांड का हरियाणा में 11वाँ एक्सक्लूसिव स्टोर है। इस विस्तार पर बात करते हुए, जिग्नेश भावसार, नेशनल सेल्स मैनेजर- पीसी एंड गेमिंग बिजनेस, एसुस इंडिया, ने कहा, हम भारत में अपने रिटेल नेटवर्क के विस्तार की घोषणा करते हुए बेहद हर्षित महसूस कर रहे हैं। हरियाणा हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और यमुनानगर में नया ब्रांड स्टोर खुलने से देश के अलग-अलग क्षेत्रों के ग्राहकों तक हमारी नई टेक्नोलॉजी और बेहतर अनुभव पहुँचाने में मदद मिलेगी। स्ट्रेटेजिक रिटेल एक्सपांशन एप्रोच के साथ, हम अपने यूजर्स के लिए और अधिक इंटरैक्शन व नए टच पॉइंट्स बनाना जारी रखेंगे।

# अमेजन.इन के 'गेट फिट डेज' के साथ करें अपनी फिटनेस की शुरुआत

चंडीगढ़। इस नए साल पर अमेजन .इन के 'गेट फिट डेज' के साथ अपनी फिटनेस संकल्पों की ओर एक कदम और बढ़ाएं। यहां व्हूप के लेटेस्ट लॉन्च के साथ-साथ स्पोर्ट्स और फिटनेस से जुड़ी ज़रूरी चीज़ों की बड़ी रेंज उपलब्ध है। चाहे आप घर पर वर्कआउट शुरू करना चाहते हों या अपने फिटनेस गियर को अपग्रेड करना चाहते हों, योनेक्स, लाईफ लॉन्ग समेत कई भरोसेमंद ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स यहां देखे जा सकते हैं। इस इवेंट के दौरान ग्राहकों को डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर आकर्षक ऑफर्स का भी लाभ मिलेगा। अमेजन इंडिया के डायरेक्टर, किचन, होम इम्प्रूवमेंट और स्पोर्ट्स कार्तिक सुब्बारायप्पा ने कहा, हमारे ग्राहक तेजी से फिटनेस को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिससे यह अमेजन.इन पर सबसे तेजी से बढ़ने वाली कैटेगरी में से एक बन गई है। यह रुचि स्पोर्ट्स और फिटनेस इक्विपमेंट से लेकर वियरेबल्स तक फैली हुई है। हम अग्रणी ब्रांड्स के नए लॉन्च के साथ अपनी रेंज लगातार बढ़ा रहे हैं, जिसे एआई-आधारित प्रोडक्ट डिस्कवरी, कस्टमर रेटिंग्स और लाइव शॉपिंग अनुभव का समर्थन मिलता है।

# रिठाला-नरेला-कुण्डली तथा आरआरटीएस परियोजना से संबंधित कार्य में लाएं तेजी: डीएस ढेसी

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी



सोनीपत। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने कहा कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) द्वारा जारी रिपोर्ट में यह सामने आया है कि मौजूदा समय पर हो रहे प्रदूषण का मुख्य कारण सड़कों पर उठने वाले धूल कण भी हैं। इसलिए उन्होंने नगर निगम आयुक्त व अन्य संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि शहर की प्रमुख एवं आंतरिक सड़कों पर स्मॉग मशीन के माध्यम से नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जाए, ताकि हवा में मौजूद धूलकणों को नियंत्रित किया जा सके। इसके अलावा सड़कों की निरंतर एवं प्रभावी सफाई के लिए स्वीपिंग मशीनों का नियमित उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने सोनीपत शहरी विकास प्राधिकरण (एसएमडीए) की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए शहरों में चल रहे विकास कार्यों व भविष्य की अन्य परियोजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने रिठाला-नरेला-कुण्डली मैट्रो तथा आरआरटीएस परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी ली और उन्हें निर्देश दिए कि इससे संबंधित कार्य में तेजी से कार्य करें ताकि यह परियोजना निश्चित समय में पूरी हो सके। इसके अलावा परियोजना को लेकर जो भी समस्या आती है तो उनके समक्ष प्रस्तुत की जाएं ताकि तुरंत उसे दूर किया जा सके। इसके अलावा बैठक में बड़ी में बनने वाले आरआरटीएस डिपो को लेकर उन्होंने नगराधीश ने सभी जानकारी हासिल कर उन्हें निर्देश दिए कि डिपो के लिए उपलब्ध करवाने वाले जमीन से संबंधित कार्य को जल्द पूरा करवाएं।बैठक में प्रधान सलाहकार डीएस ढेसी ने म्हारी सड़क पोर्टल की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकरियों को निर्देश दिए कि इस पोर्टल पर जो भी शिकायत मिले उसका तुरंत समाधान करवाएं ताकि लोगों को सड़कों से संबंधित किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके साथ ही उन्होंने शहर के मुख्य चौराहों के सौंदर्यकरण व शहर में किए जा रहे अन्य विकास कार्यों को लेकर संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ इन सभी विकास कार्यों को निश्चित समय पर पूरा करवाएं।

# इंस्टामार्ट ने अपनी सालाना उपभोक्ता रुझान रिपोर्ट 'हाउ इंडिया इंस्टामार्टेड' का पांचवां संस्करण जारी किया

चंडीगढ़। अपनी साफ-सुथरी सड़कों, सुनियोजित वास्तुकला और काम व आराम के बीच संतुलन रखने जीवनशैली के लिए मशहूर चंडीगढ़ देर रात की रौनक भी खूब दिखाता है। भारत के अग्रणी क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म इंस्टामार्ट ने अपनी सालाना उपभोक्ता रुझान रिपोर्ट हाउ इंडिया इंस्टामार्टेड, 2025 का पांचवां संस्करण जारी किया है। यह रिपोर्ट बताती है कि देश का खूबसूरत शहर चंडीगढ़ सहूलत और आराम के साथ अपनी मनपसंद चीज़ों की खरीदारी कैसे करता है। चंडीगढ़ियों का यह बढ़ता भरोसा बड़ी खरीदारी में भी दिखा, जैसे चंडीगढ़ के सबसे बड़े इंस्टामार्ट ग्राहक ने 1.99 लाख रुपये का ऑर्डर दिया, जो प्रीमियम उत्पादों की ऑन-डिमांड डिलीवरी के प्रति शहर के बढ़ते आराम का संकेत है। 2025 में, चंडीगढ़ के इंस्टामार्ट कार्ट्स ने एक स्पष्ट कहानी बयां की-देर रात तक जागना, मनपसंद चीज़ें खाना और ब्रांड लॉयलिटी।जहां स्नैक्स ने रातों को ऊर्जा दी, वहीं डेयरी उत्पादों का दबदबा चंडीगढ़ के कार्ट्स में छाया रहा। दही, पनीर और दूध खूब बिका। इन मुख्य खाद्य पदार्थों के साथ अक्सर ब्राउन ब्रेड और सॉफ्ट ड्रिंक्स भी ऑर्डर किए गए। शहर के ये कार्ट्स बताते हैं कि लोगों की जीवनशैली में पोषण और विलासिता का बेहतरीन मेल मिलता है।स्विगी के चीफ बिज़नेस ऑफिसर हरि कुमार गोपीनाथन ने कहा, ÷भारत में क्विक कॉमर्स अब सिर्फ सुविधा तक सीमित नहीं रहा है। यह केवल एक सेवा नहीं, बल्कि आधुनिक भारतीय जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है।

# डबरपुर में बस सेवा बहाल, आज से गांव के रास्ते से निकलेगी रोडवेज

## विधायक कादियान की पहल पर छात्रों व ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत

**सोनीपत-दोदवा बस अब वाया डबरपुर होकर चलेगी, शहर जाना हुआ आसान**

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



उच्च शिक्षा के लिए शहर जाने वाले छात्र-छात्राओं की राह भी आसान होगी।

गन्नौर। गन्नौर विधानसभा क्षेत्र के गांव डबरपुर के ग्रामीणों का लंबा इंतजार अब खत्म हो गया है। विधायक देवेंद्र कादियान के प्रयासों से गांव में रोडवेज बस सेवा का पहिया आज बुधवार से घूमने लगेगा। अब रोडवेज बस सोनीपत-दोदवा मार्ग पर वाया डबरपुर होकर संचालित की जाएगी। विधायक के इस कदम से न केवल ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी, बल्कि उच्च शिक्षा के लिए शहर जाने वाले छात्र-छात्राओं की राह भी आसान होगी।

हाल ही में डबरपुर के ग्रामीणों ने विधायक देवेंद्र कादियान से मुलाकात कर गांव में बस सेवा की कमी का मुद्दा उठाया था। समस्या की गंभीरता को देखते हुए विधायक ने तुरंत सोनीपत डिपो के महाप्रबंधक को गांव में बस चलाने के निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जाएगा। जहां भी जनहित के कामों की मांग होगी उसे भी पूरा करवाया जाएगा और छात्रों की शिक्षा में यातायात की बाधा नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा, यह बस केवल एक वाहन नहीं, बल्कि गांव को शहर और तरक्की से जोड़ने वाली एक कड़ी है। वहीं, रोडवेज जीएम संजय ने बताया, डबरपुर गांव में आज बुधवार से बस सेवा शुरू होगी, जिससे गांव के लोगों को काफी राहत मिलेगी।

# 3 जनवरी को आयोजित होगी जिला कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने बताया कि 31 दिसंबर को आयोजिन होने वाली जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति को स्थगित किया गया है। अब यह बैठक 03 जनवरी शनिवार को प्रातः 11:30 बजे लघु सचिवालय के तृतीय तल स्थित सभागार में आयोजित की जाएगी।

इस बैठक की अध्यक्षता हरियाणा सरकार के युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता राज्यमंत्री तथा जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति के अध्यक्ष गौरव गौतम करेंगे। बैठक के दौरान आमजन की समस्याएं सुनते हुए उनके त्वरित समाधान के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।




# जीएमसीएच-32 का राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने किया औचक निरीक्षण, मरीजों से किया संवाद


अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 30 दिसंबर।** पंजाब के माननीय राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया ने मंगलवार सायंकाल सेक्टर-32 स्थित शासकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (जीएमसीएच-32) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान चंडीगढ़ प्रशासन के गृह सचिव मनदीप सिंह बराड़ भी उनके साथ मौजूद रहे।

दौरे के दौरान प्रशासक ने सबसे पहले नव स्थापित इमरजेंसी एवं ट्रॉमा वार्ड का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां भर्ती मरीजों से सीधे संवाद कर उपचार व्यवस्था और उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली तथा मरीजों से फीडबैक भी प्राप्त किया।

इसके पश्चात राज्यपाल ने गायनी इमरजेंसी, लेबर रूम, मैटरनिटी वार्ड और नवजात शिशु गहन देखभाल इकाई (एनआईसीयू) का निरीक्षण किया। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर देते हुए उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को मैटरनिटी वार्ड की क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए।

जीएमसीएच-32 के डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. थामी ने बताया कि एक पृथक मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र आगामी 4 से 5 महीनों में शुरू किए जाने की संभावना है। इसके शुरू होने से अस्पताल में मरीजों की बढ़ती भीड़ पर नियंत्रण होगा और मौजूदा मैटरनिटी वार्ड पर पड़ रहे दबाव को कम किया जा सकेगा।

माननीय प्रशासक ने मरीजों के साथ आए परिजनों के लिए बनाए गए प्रतीक्षा क्षेत्र का भी निरीक्षण किया और उनके ठहरने की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर बताया गया कि अस्पताल परिसर में ही एक सराय संचालित है, जहां परिजन नाममात्र शुल्क पर ठहर सकते हैं।










## राजीव पांचाल बने सब अर्बन नंबर 2 के अध्यक्ष

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 30 दिसंबर।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ की बैठक सेक्टर 18 में संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य सब डिविजन की नई कार्यकारिणी का गठन करना था। बैठक की अध्यक्षता वीनस ने की और संचालन सब डिविजन सचिव सुरेश ने किया। जिला अध्यक्ष संजीव गुज्जर और जिला सचिव बेअंत मोर ने बैठक को संबोधित किया। जिला सचिव बेअंत मोर ने सर्विस एक्ट के बारे में बताया कि पोर्टल पर क्या क्या डॉक्यूमेंट जारी करने हैं और उसके लिए जिला कार्यकारिणी लगी हुई है। सबके दस्तावेज जिला कलेक्ट कर रही है और जल्द ही सबके डॉक्यूमेंट जल्द तैयार कारक पोर्टल पर डाटा ऐड किया जाएगा। इसी के साथ सब डिविजन अध्यक्ष वीनस ने अपनी पिछली कार्यकारिणी को भंग किया जिसके बाद जिला सचिव बेअंत मोर ने आगामी कार्यवाही करते हुए नई सब डिविजन कार्यकारिणी की घोषणा की।










अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2638515, 9814019928 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)